सोमवार

30 सितंबर 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




बोले तेजस्वी... स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर हो रही सरकारी लूट

2



## बिहार के कोसी क्षेत्र में बराज का पानी आने से सड़क व घरों में सिर्फ पानी-पानी, जनजीवन त्रस्त

# बाढ़ और भूस्खलन से नेपाल में भारी तबाही, 62 की मौत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पड़ोसी देश नेपाल में भारी बारिश की वजह से बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचायी है। अब तक 60 लोगों की मौत हो गयी है जबकि कई लोगों के लापता होने की खबर है। नेपाल सरकार ने 20 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती राहत और बचाव कार्य के लिए की है। बाढ़ में फंसे सैकड़ों लोगों को बचाया जा चुका है। अन्य लोगों को बचाने में वहां की पुलिस लगी है। काठमांडू घाटी में बाढ़ के साथ-साथ भूस्खलन भी हुआ है। वहां 34 लोगों की मौत हो गयी है। जबकि भक्तपुर में 5, ललितपुर में 16, सिंधुपालचोक में 2 लोगों की मौत हुई है। वही पंचथर, सिंधुली और धनकुटा में भी लोगों की मौतें हुई है। नेपाल की राजधानी काठमांडू से जोड़ने वाले सभी रास्ते बंद है।बाढ़ का पानी सैकड़ों घरों में घुस गया है।वही कई इलाके में विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गया है। काठमांडू में दिनभर बिजली गुल रही लेकिन शाम में इसे बहाल किया गया। नेपाल में भारी बारिश ने बड़ी तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन से संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा है। सैकड़ों मकान जलमग्न हो गए हैं तो वही 82 मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने सभी राज्य तंत्रों को मानसून की बाढ़, भूस्खलन और बाढ़ से प्रभावित लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का



## जरूरत पड़ी तो एयरफोर्स को लगाएंगे: नित्यानंद

**नई दिल्ली।** नेपाल प्रभाग में बारिश थमने के बाद कोसी नदी के डिस्चार्ज में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। जल संसाधन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार भीमनगर कोसी बराज से 3 लाख 34 हजार 290 क्यूसेक घटते क्रम में डिस्चार्ज रिकॉर्ड हुआ है। वहीं बराह क्षेत्र से घटते क्रम में 1 लाख 88 हजार 500 क्यूसेक डिस्चार्ज रिकॉर्ड हुआ है। बिहार में बाढ़ को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय की बैठक खत्म हो गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने की। उन्होंने बताया कि बिहार में जरूरत पड़ेगी तो लोगों को एयरलिफ्टिंग भी कराया जाएगा।

## सुपौल में कोसी बराज से छोड़ा गया करीब 6 लाख क्यूसेक पानी, बराज के 56 गेट खोले गए

**सुपौल।** बिहार के सुपौल जिले से संबद्ध नेपाल-भारत सीमा पर स्थित कोसी बराज से करीब छह लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया वहीं बराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोसी बराज से 1.11 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। हालात को देखते हुए बराज के सभी 56 गेट खोल दिए गए हैं। कोसी तटबंधों के बीच बसे लोगों को बाहर निकल जाने की बात बार-बार दुहरायी जा रही है। कोसी के तटबंधों के बीच बसे लोगों का घर सैलाब से घिर चुका है।



## कोसी की बाढ़ ने कराया कई गांव खाली, तटबंध पर भी बना है दबाव



**सहरसा।** सहरसा में नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में लगातार हुई मूसलाधार बारिश और बराज से हुए अत्यधिक डिस्चार्ज से नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिससे पूर्वी एवं पश्चिमी कोसी तटबंध के बीच बाढ़ आ गई है। वहां बसे लोगों का बाहर निकलना लगातार जारी है। रविवार को सुबह से ही पूर्वी कोसी तटबंध पर अफरा-तफरी की स्थिति रही। कुछ लोग बाढ़ देखने आए थे तो कुछ तटबंध के बीच फंसे अपनों का हाल जानने आए थे। इससे तटबंध पर काफी भीड़ बढ़ गई और कई जगहों पर जाम की स्थिति भी बन गई। लगातार प्रशासनिक अधिकारियों का काफिला बांध पर गश्त लगा रहे हैं।मधुबनी में कोसी, कमला, भुतही बलान नदी के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। मधेपुर प्रखण्ड के कोसी दियारा इलाके के बसीपट्टी, गढ़गांव पंचायत के दर्जन भर गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। दर्जनों लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इससे लोग घर खाली कर ऊंचे स्थानों पर नाव से जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा ऊंचे स्थानों पर स्कूलों में आश्रय स्थल बनाया गया है। वहां लोग अपने परिवार के साथ पहुंच रहे हैं। लोगों की मानें तो घर मे पानी चले जाने के कारण सारा सामान बर्बाद हो गया है। खाने-पीने का भी समान नहीं बचा है। पानी लगातार बढ़ रहा है। प्रशासन द्वारा आश्रय स्थल पर सामुदायिक किचेन की व्यवस्था की गई है।

## लगातर बढ़ रहा है नदी का जलस्तर

**मोतिहारी।** मोतिहारी से सटे नेपाल में फतुआ बांध टूट जाने से पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड अन्तर्गत हीरापुर, गुरहनवा, वीरता टोला, भवानीपुर, बलुआ गुआबारी, महंगुआ, दोस्तियां, महुआवा सहित दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी फैल चुका है। बारिश थमने के बाद नदी का जलस्तर अभी भी बढ़ रहा है। नदी के जल स्तर में वृद्धि को देखते हुए एसडीओ निशा ग्रेवाल ने जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया है कि तटबंध पर हुए रैन कट को ठीक किया जाए।

## चंद सेकेंड में बह गया मस्जिद का ढांचा



**पूर्णिया।** पूर्णिया में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से जिले की नदियां उफान पर हैं। बायसी में बहने वाली महानंदा, कनकई और परमान जैसी नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। यहां हालत भयावह हैं। बायसी प्रखंड के ताराबाड़ी में कटाव ने भयावह रूप ले लिया है। यहां एक मस्जिद का ढांचा कनकई नदी में समा गया। इस घटना का 28 सेकेंड का लाइव वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कैसे मस्जिद का ढांचा महज चंद सेकेंड में नदी में समा गया। बाढ़ से घिरे लोगों को प्रशासन द्वारा नावों के जरिए रेस्क्यू किया जा रहा है और उन्हें सुरक्षित जगहों पर लाया जा रहा है।सूत्रों ने बताया कि कोसी बराज पर बने सड़क मार्ग को सुरक्षा के तौर पर बंद कर दिया गया है। जिला प्रशासन और कोसी के अभियंता पूर्वी तटबंध को बचाने के अथक प्रयास कर रहे हैं।

## हरियाणा में भाजपा ने बागियों पर की कार्रवाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के कई बागी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में भाजपा ने बागियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पार्टी के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ रहे आठ कार्यकताओं को भाजपा ने निष्कासित कर दिया है। इनमें रणजीत सिंह चौटाला का भी नाम शामिल है। सभी को छह साल के लिए पार्टी से निकाला गया है। इसमें लाडवा से संदीप गर्ग, असंध से जिलेराम शर्मा, गन्नौर से देवेंद्र कादियान, सफीदों से बच्चन सिंह आर्य, रानिया से रणजीत चौटाला, महम से राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल व हथीन से केहर सिंह रावत शामिल हैं।

## मोदी सरकार संविधान में तीन संशोधन करने की तैयारी में जुटी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस महीने की शुरूआत में उच्च स्तरीय पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी की वन नेशन-वन इलेक्शन सिफारिशों को मंजूरी दी। सरकार अब अपनी इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए संविधान में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। सरकार वन नेशन-वन इलेक्शन को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने वाले दो विधेयकों समेत तीन विधेयकों को लाने की तैयारी में है। सूत्रों की ओर से कहा गया है कि, प्रस्तावित पहला संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने को लेकर होगा। एक साथ लोकसभा और विधानसभाओं को भंग करने वाला संशोधन विधेयक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों का हवाला देते हुए सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विधेयक में अनुच्छेद 82ए में संशोधन करने की कोशिश की जाएगी। जिसमें 'नियत तिथि' से संबंधित उप-खंड (1) जोड़ा जाएगा। इसमें अनुच्छेद 82ए में उप-खंड (2) जोड़ने की भी कोशिश की जाएगी। जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल के अंत से संबंधित है।इस संविधान संशोधन में अनुच्छेद 83(2) में संशोधन करने तथा लोकसभा की अवधि और विघटन से संबंधित नए उप-खंड (3) और (4) सम्मिलित करने का भी प्रस्ताव है। इसमें विधानसभाओं के विघटन से संबंधित प्रावधान भी शामिल किए गए हैं तथा अनुच्छेद 327 में संशोधन करके एक साथ चुनाव शब्द सम्मिलित करने का प्रावधान किया जा सकता है।

**चुनाव आयोग को राज्य चुनाव आयोगों के साथ परामर्श करना होगा:** दूसरे विधेयक के लिए 50 फीसदी राज्यों की सहमति जरूरी प्रस्तावित दूसरे संविधान संशोधन विधेयक को कम से कम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं के समर्थन की आवश्यकता होगी। क्योंकि यह राज्य मामलों से संबंधित है। इस विधेयक के जरिए स्थानीय निकायों के चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जिसके लिए चुनाव आयोग को राज्य चुनाव आयोगों के साथ परामर्श करना होगा। जिसके बाद ईसी इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची तैयार करेगा। संवैधानिक रूप से चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग अलग-अलग निकाय हैं।

**तीसरा विधेयक एक साधारण विधेयक होगा:** विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों जैसे- पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर से संबंधित होगा। जो तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करेगा। ताकि इन सदनों की शर्तों को अन्य विधानसभाओं और लोकसभा के साथ संरेखित किया जा सके। जिसे पहले संविधान संशोधन विधेयक में प्रस्तावित किया गया है। इसमें जिन कानूनों में संशोधन करने का प्रस्ताव है।

## पुणे की कांच फैक्ट्री में हुए हादसे में 4 की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे शहर में रविवार को कांच की एक फैक्ट्री में एक वाहन से कांच उतारते समय चार श्रमिकों की मौत हो गई। उन सभी मजदूरों के उपर कांच की एक खेप गिर पड़ी थी। जिसके नीचे दबकर पांच मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए। जिसमें से चार की मौत हो गई। पुणे के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि, यह घटना कटराज इलाके के येवलेवाड़ी स्थित एक फैक्ट्री में दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि, हमें पहले एक फोन आया था कि कटराज इलाके में स्थित एक ग्लास फैक्ट्री में ग्लास का स्टॉक उतारते समय पांच से छह कर्मचारी फंस गए हैं।

## वक्फ बोर्ड कानून में होगा बदलाव : शाह

**केटी न्यूज/रेवाड़ी**

हरियाणा विधानसभा चुनाव में केवल सप्ताह का समय बचा है। कांग्रेस को यहां की चुनावी लड़ाई में अब तक मजबूत माना जा रहा है, लेकिन भाजपा भी पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में डटी हुई है। अंतिम समय में पार्टी ने पूरी तरह भावनात्मक मुद्दों पर दांव लगा दिया है। हरियाणा की एक जनसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस वक्फ बोर्ड कानून से बहुत परेशानी है। लेकिन इसे इसी संसद सत्र में ठीक कर देंगे। इसके नियमों में बदलाव किया जाएगा। इसे हिंदू मतदाताओं को अपने साथ एकजुट करने की कोशिश माना जा रहा है। लेकिन अमित शाह केवल यहीं तक नहीं रुके। उन्होंने हरियाणा के मतदाताओं को याद दिलाया कि केवल चार दिन बाद तीन अक्तूबर से नवरात्रों की शुरुआत हो रही है, और हरियाणा के मतदाता पांच अक्तूबर को अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को हराकर उनके इस बयान का जवाब देना चाहिए। इसके पहले योगी आदित्यनाथ भी हरियाणा में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार कर चुके हैं।

## मंच पर बेहोश हुए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, बोले... मोदी को हटाने तक रहूंगा जिंदा

**एजेंसी/जम्मू**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गए। खड़गे कल कठुआ में जाने गंवाने वाले कॉन्स्टेबल को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। भाषण देते हुए खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा। मल्लिकार्जुन खड़गे ने 22 सितंबर को जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

## उदयनिधि ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

**एजेंसी/चेन्नई**

तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार का रविवार को कैबिनेट विस्तार हुआ। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने मंत्रिमंडल में जहां कुछ नए चेहरों को शामिल किया है। वहीं कई मंत्रियों की छुट्टी कर दी है। इस सब के बीच एमके स्टालिन ने अपने बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के ओहदे में बढ़ोतरी की है। उन्हें राज्य का डिप्टी सीएम बनाया गया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने नवनियुक्त आर राजेंद्रन को सबसे पहले तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने वी सेंथिल बालाजी को तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सेंथिल इसी सप्ताह सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आए थे। इसके बाद राज्यपाल आर.एन. रवि ने



डॉ. गोवी चेझियान को तमिलनाडु के मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद एम नसर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं दूसरी ओर विपक्ष का कहना है कि एक ही परिवार के सभी सदस्य मंत्री बन रहे है।

## नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श का हुआ समापन

# दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा राज्यों की जिम्मेदारी: जस्टिस नागरत्ना

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बी वी नागरत्ना ने रविवार को कहा कि दिव्यांग बच्चों के अधिकारों को यथासंभव व्यापक रूप से लागू किया जाना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने आगे कहा कि, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उन्हें सकारात्मक माहौल और सहायता मिले, ताकि वे रचनात्मक नागरिक बन सकें। न्यायमूर्ति नागरत्ना सर्वोच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष भी हैं। न्यायाधीश जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा कि दिव्यांगता के साथ जी रहे बच्चे सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बच्चे हैं। उन्हें सुरक्षा का अधिकार और पारिवारिक



वातावरण में रहने का अधिकार है। जस्टिस नागरत्ना दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा और दिव्यांगताओं की अंतसंबंधता विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श के समापन सत्र में बोल रही थीं।जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि विकलांग बच्चों के अधिकारों को सिद्धांत और व्यवहार में यथासंभव रूप से लागू किया जाना चाहिए। ताकि उन्हें उसका लाभ मिल सके।

## दिव्यांग बच्चों की बाधाओं का किया जाए दूर

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इस परामर्श को समाप्त करने से पहले हमें बच्चों, विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि, बच्चों के अधिकारों में बाधा डालने वाली सभी बाधाओं को दूर करके दिव्यांग बच्चों की पहुंच और समावेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक राज्य को आवश्यक नीति और कानूनी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करे। जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। न्यायामूर्ति नागरत्ना ने कहा था कि नीतियां दिव्यांग बच्चों के लिए बाधाओं को दूर करने वाली होनी चाहिए। क्योंकि इन अवरोधों को हटाने से उन्हें समाज में एकीकृत करने का मार्ग प्रशस्त होता है। नागरत्ना ने कहा कि ऐसी दुनिया में, जहां संसाधन सीमित हैं और कई सारी प्रतिस्पर्धी प्राथमिकताएं हैं, यह सुनिश्चित करना सर्वोपरि है कि दिव्यांग बच्चों को प्रभावित करने वाली नीतियां ठोस आंकड़ों और गहन शोध पर आधारित हों।उन्होंने कहा कि हमारा दृढ़ संकल्प विकलांग बच्चों को ऐसे समाज तक पहुंच प्रदान करना होना चाहिए जो उनकी अद्वितीय क्षमताओं को स्वीकार करता हो और उनकी आवाज को गरिमा और सम्मान के साथ बुलंद करता हो।




# शराबबंदी, सर्वे और स्मार्ट मीटर सीएम नीतीश के लिए आखिरी कील साबित होंगे

- ♦ शराब की दुकानों को बंद कर दिया गया, लेकिन होम डिलीवरी धड़ल्ले से चल रही है
- ♦ सर्वे अगले छह महीने में हर घर और गांव में झगड़े का कारण बनेगा

**केटी न्यूज/पटना**

जन सुराज अभियान के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोन ने सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर जमकर हमला बोला। दो अक्टूबर को जनसुराज को दल बनाने से पहले उन्होंने पटना में प्रेस वार्ता जरिए कई अहम खुलासे किए और कई मुद्दों पर एनडीए सरकार को घेरा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि ट्रिपल एस यानी - शराबबंदी, सर्वे (जमीन) और स्मार्ट मीटर नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन का आखिरी कील है। उन्होंने कहा, शराबबंदी सिर्फ कागजों में है। जमीनी हकीकत यह है कि शराब की दुकानों को बंद कर दिया गया है, लेकिन होम डिलीवरी धड़ल्ले से चल रही है। जन सुराज शुरू से ही शराबबंदी के खिलाफ रहा है और हम मानते हैं कि इससे आने वाला राजस्व राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने में लगाया जा सकता है। उन्होंने जमीन सर्वे के मुद्दे पर कहा कि यह सर्वे गांवों में झगड़े और संघर्ष की वजह बन रहा है। नीतीश सरकार द्वारा किया गया जमीन सर्वे अगले छह महीने में हर घर और गांव में झगड़े का कारण बनेगा, और हाल की घटनाओं ने यह साबित भी कर दिया है। स्मार्ट मीटर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए



उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर का उपयोग शुरू किया है, वे अब इसके खिलाफ हो गए हैं, क्योंकि उनके बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा, लोगों के मन में यह धारणा बन गई है कि स्मार्ट मीटर के जरिए उनके बिलों में छेड़छाड़ की जा रही है।राजद बिहार में लगातार कमजोर हो रहा है

### राजद में अब नहीं बची ताकत

प्रशांत किशोर ने राजद पर तंज कसते हुए कहा कि 2005 के बाद से राजद की कोई ताकत नहीं बची है। राजद और उनके गठबंधन को पिछले कई चुनावों में सफलता नहीं मिली है। महागठबंधन की एकमात्र जीत भी नीतीश कुमार के चेहरे पर हुई थी, न कि राजद के नाम पर। उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में बीजेपी और एनडीए ने 176 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बना रखी है, जबकि आरजेडी के पास मात्र 50 सीटों पर प्रभाव है। हमारा मुकाबला 176 सीटों वाले एनडीए से है, न कि कमजोर हो चुकी आरजेडी से हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लालू यादव अपने दम पर सिर्फ एक बार चुनाव जीत पाए थे।

### बिहार भाजपा के अध्यक्ष को गांव के 10 लोग नहीं जानते

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को किसी गांव में खड़ा कर दिया जाए, तो उन्हें 10 लोग भी नहीं पहचान पाएंगे। यह वही भाजपा है, जो खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है, लेकिन बिहार में उसकी स्थिति दयनीय है। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा के पास खुद का कोई मजबूत चेहरा नहीं है। नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाकर भाजपा खुद को डुबो रही है। भाजपा के पास बिहार में कोई स्पष्ट नेतृत्व नहीं है, और इसीलिए उन्होंने 43 विधायकों के साथ नीतीश कुमार को सीएम बनाए रखा है। पीके ने इसे भाजपा की बड़ी रणनीतिक गलती बताया।

# दरभंगा में ठनका की चपेट में आने से 2 लोगों की मौत

**केटी न्यूज/दरभंगा**

बिहार के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश के कारण वज्रपात की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इसी बीच शनिवार को दरभंगा में वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। दोनों की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, घटना जिले के हायाघाट थाना क्षेत्र के पश्चिमी विलासपुर की है। हायाघाट थाना के थाना प्रभारी रुदल कुमार ने बताया कि हायाघाट प्रखंड के पश्चिमी विलासपुर निवासी मंजीत माझी और सदलु माझी खेत से अपनी मवेशी चराकर घर वापस लौट रहे थे, तभी जोरदार बारिश होने के बीच वज्रपात हुआ और दोनों इसकी चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही दोनो की मौत हो गई।दोनों मृतकों की पहचान हायाघाट थाना क्षेत्र के विलासपुर गांव निवासी मंजीत मांझी (35) और सदलु मांझी (55) के रूप में की गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। हायाघाट अंचल के अंचल अधिकारी ने बताया कि मृतक के परिवार को सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

## 2 करोड़ उपभोक्ताओं में से मात्र 50 लाख ने ही लगवाया है स्मार्ट मीटर

# बोले तेजस्वी... स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर हो रही है सरकारी लूट

**केटी न्यूज/पटना**

डिग्री और जाति के मुद्दे पर बवाल शांत हुआ और अब स्मार्ट मीटर के नाम पर रार मची है। प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव स्मार्ट मीटर के नाम पर नीतीश कुमार की सरकार और भाजपा को घेर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्मार्ट मीटर के नाम पर सरकारी लूट कर रही है। उन्होंने कहा कि देशभर में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्य में स्मार्ट मीटर लगा बिजली दरों को दोगुना कर एवं सबसे महंगी बिजली बेच नीतीश-भाजपा सरकार बिहारवासियों पर अत्याचार कर रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही सरकारी लूट से हर बिहारवासी त्रस्त है। लगभग शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं का ऐसा क्यों मानना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिजली बिल दोगुना या डेढ़ गुणा बढ़ा है। पूरे बिहार से शिकायतें आ रही हैं कि बिजली का बिल डबल हो गया है। सरकार बतायें कि ऐसा क्यों हो रहा है। स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी होने के कारण अगर यह मान लिया जाए कि हर घर से केवल 100 का ही फर्जीवाडा हो रहा है तो नीतीश सरकार बिहार भर के उपभोक्ताओं से हर महीने हजारों करोड़ रुपए की अवैध राशि वसूल रही है।. स्मार्ट मीटर मुद्दा हर घर से जुड़ा हुआ है और हर घर से स्मार्ट मीटर के विरुद्ध आवाज आ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर बिजली कंपनियों, अधिकारियों और सत्तारूढ़ नेताओं की जो मिलीभगत है उसे तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए। बिहार इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेट्री कमीशनऔर सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के गजट में स्मार्ट मीटर लगाने की कोई बाध्यता नहीं है तो फिर सरकार किसके फायदे के लिए ऐसा कर रही है। गड़बड़ी करने वाला विभाग खुद ही कह रहा है कि सब ठीक है। हमारी मांग है कि इस मुद्दे के निपटारे के लिए कोई निष्पक्ष कमेटी होनी चाहिए। बिहार में 2 करोड़ बिजली उपभोक्ता है इसमें से केवल 50 लाख उपभोक्ताओं ने ही स्मार्ट मीटर लगवाया है। नए मीटर लगाने से पूर्व सरकार को पहले वर्तमान 50 लाख उपभोक्ताओं की शंकाओं, संदेहों को दूर कर उन्हें संतुष्ट करना चाहिए। सरकार की बिजली कंपनियों के साथ क्या सांठ-गांठ है। उपभोक्ताओं को पैसे के लिए तो मैसेज आता है लेकिन जब पैसा जमा किया जाता है तब पैसा मिला या नहीं इसका कोई मैसेज नहीं आता है। कब बिजली कनेक्शन कटने वाला है या कितनी कम राशि बची हुई है इसका भी कोई मैसेज नहीं आता है।



### पूछे तेजस्वी-बिजली मंत्री के सुपौल स्थित घर में कब लगा स्मार्ट मीटर

तेजस्वी यादव ने कहा कि क्या बिजली मंत्री के सुपौल घर में स्मार्ट मीटर है, है तो कब लगा, कितने माननीय और अधिकारियों के सरकारी तथा व्यक्तिगत आवास पर स्मार्ट मीटर लगा है, पिछले 20 वर्षों में तीन बार मीटर बदला जा चुका है, हर बार मीटर बदलने की जरूरत क्यों पड़ी। क्या मीटर वाली कंपनियां, बिल वसूलने वाली एजेंसियां, सत्तारूढ़ जदयू नेताओं तथा अधिकारियों के बीच कोई कमर्शियल रिश्ता है। स्मार्ट मीटर के इंस्टालेशन का जो चार्ज है वह बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं से पहले के दो या तीन महीने में वसूलती हैं लेकिन बताती क्यों नहीं है। 200 के मीटर पर उपभोक्ताओं से मीटर की कुल कितनी लागत वसूली जाती है। अगर तथाकथित स्मार्ट मीटर सचमुच स्मार्ट है तो इसका यूजर इंटरफेस और सिस्टम इतना धीमा और खराब क्यों है कि हर जगह असमंजस, परेशानी, जानकारी का अभाव और पैसों का इधर-उधर हो जाना होता है। और इस परेशानी के कारण और अधिक वसूली तथा भ्रष्टाचार होता है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर के इंटरफेस और सिस्टम में इतनी गड़बड़ और खराबी क्यों है कि पब्लिक को मालूम ही नहीं पड़ता है कि उनका पैसा कहां चला गया। कितना पैसा बचा हुआ है, बिजली उपभोक्ताओं को यह भी पता नहीं चलता।

# आज होगा पितृ दीपावली का आयोजन, श्रद्धालु जलाएंगे दीप



**केटी न्यूज/गया**

गया में पितृपक्ष मेला के समापन के करीब 30 सितंबर को पितृ दीपावली का आयोजन होगा। जिसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालु अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए दीप जलाते हैं। इस बार जिला प्रशासन ने पितृ दीपावली के अवसर पर पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। डीएम डॉ. त्याग राजन एसएम के आदेश पर सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव ने मेला क्षेत्र में धारा 144 लागू की है। अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन कर पटाखे फोड़ता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, प्रशासन ने यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और घाटों पर बने पंडालों के आगजनी के खतरे को देखते हुए लिया है। डीएम ने आम जनता से अपील की है कि वे इस नियम का पालन करें और पितृ दीपावली के दौरान पटाखे नहीं फोड़ें।पितृपक्ष के 14वें दिन त्रयोदशी तिथि की शाम को गया के फल्गु नदी के देवघाट पर पितृ दीपावली मनाई जाती है। मान्यता है कि इस अवसर पर दीप जलाने से पितरों को स्वर्ग का मार्ग प्रकाशमय हो जाता है। श्रद्धालु अपने पूर्वजों के नाम से घी के दीप जलाते हैं, जिसमें कुछ लोग 500 से 1000 तक दीये जलाकर अपने पितरों के उद्धार की कामना करते हैं। 17 सितंबर से शुरू हुआ पितृपक्ष मेला दो अक्तूबर तक चलेगा, जिसमें लाखों तीर्थयात्री शामिल हो रहे हैं।

### भभुआ में ट्रक से टकराई बस, 3 लोगों की मौत

**भभुआ।** कैमूर जिले में रविवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां एक बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एसडीपीओ प्रदीप कुमार ने कहा कि मोहनिया रोड पर बरहौनी सेवा निकेतन के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में एक बस ने पीछे से टक्कर मार दी। बस में सवार यात्रियों ने पुलिस को बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब उनकी गाड़ी खड़े ट्रक से टकरा गई। बस गया से उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जा रही थी। इस हादसे में मरने वालों की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। एसडीपीओ ने बताया कि सभी घायलों को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## एक नजर

### बेगूसराय में छापामारी के दौरान शराब माफियाओं ने पुलिस पर किया हमला



**बेगूसराय।** बेगूसराय जिले के लाखो थानाक्षेत्र में शराब माफियाओं के खिलाफ छापामारी के दौरान पुलिस टीम पर हमला हुआ। जिसमें लाखो थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार समेत दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना बहदरपुर गांव की है, जहां पुलिस को शराब बनाने और बेचने की सूचना मिली थी।जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को लाखो थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार अपने दल-बल के साथ छापामारी करने पहुंचे थे। इस दौरान, शराब माफियाओं ने पुलिस टीम पर पथराव और हमले शुरू कर दिए, जिसमें पुलिसकर्मी घायल हो गए और उनका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारियों के आदेश पर आस-पास के थानों से अतिरिक्त बल मौके पर भेजा गया। पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर बहदरपुर गांव से चार महिलाओं और चार पुरुषों को गिरफ्तार किया है।थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बहदरपुर गांव में अवैध शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। जब पुलिस टीम वहां पहुंची तो माफियाओं ने हमला कर दिया। इस घटना ने पुलिस बल पर हमला करने की गंभीरता को उजागर किया और इस मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है

### नालंदा में मां-बेटे की मौत, झाड़-फूंक में गई जान

**नालंदा।** नालंदा में मां- बेटे की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतकों की पहचान पटना जिला के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अठनवा गांव निवासी टुनटुन पासवान की पत्नी सुधा देवी और उसके 3 वर्षीय पुत्र करण कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के परिजन का कहना है कि सोये अवस्था में किसी विषैले जीव ने मां और बेटे को काट लिया। जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई तब आननफानन में परिजन दोनों को लेकर झाड़-फूंक कराने ले गये। लेकिन जब उनकी स्थिति ठीक नहीं हुई है, तब परिजन दोनों को इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ ले गये। लोगों का कहना है कि झाड़-फूंक के दौरान मां की मौत हो गई थी, जबकि अस्पताल में इलाज के दौरान बेटे की भी मौत हो गई। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि अहले सुबह सोये अवस्था में ही विषैला जीव के काटने से मां-बेटे की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही अपने साथ लेकर चले गए।

# पशुपति पारस का ऐलान : विधानसभा की सभी सीटों पर लड़ेगी एनएलजेपी

**केटी न्यूज/पटना**

विधानसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का पशुपति पारस ने किया ऐलान राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (एनएलजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति पारस के बयान से बिहार में एनडीए को बड़ा झटका लग सकत है। पशुपति पारस ने बिहार विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर इलेक्शन लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि सम्मान नहीं मिला तो बड़ा फैसला लेना होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हमारे साथ धोखा हुआ है। अब दोबारा इस तरह की गलती नहीं करेंगे। उन्होंने झारखंड चुनाव के लिए भी एक सीट की मांग रखी है। बिहार विधानसभा



चुनाव 2025 की तैयारी जोरों पर है, और इसी बीच राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने एक बड़ा ऐलान किया है। पार्टी के प्रमुख नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने साफ तौर पर कहा है कि यदि विधानसभा चुनाव में एनएलजेपी को उचित सम्मान नहीं मिला, तो उनकी पार्टी राज्य की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भी एनएलजेपी ने एक सीट की मांग की है। पारस ने लोकसभा चुनाव को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी को उचित सम्मान नहीं मिला था और इसे धोखा करार दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि झारखंड में उनके प्रदेश अध्यक्ष की सक्रियता के चलते कम से कम एक सीट जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी को सम्मान नहीं मिला था, और अब विधानसभा चुनाव में अगर हमें उचित सम्मान नहीं मिलेगा, तो हम 243 सीटों पर लड़ेंगे। झारखंड में भी हम सीट की मांग कर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हमें एक सीट जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने आप को मजबूती से उभार रही है। कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं।

### पाटलीपुत्र सांसद मीसा भारती ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का किया दौरा

**पटना।** पाटलिपुत्र की सांसद मीसा भारती ने पटना में बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की बाढ़ राहत व्यवस्था पर सवाल उठाए। मीसा भारती ने नीतीश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कई क्षेत्रों में सरकार का ध्यान नहीं गया है। सरकार मौन है और बिहार की जनता को असहाय छोड़ दिया गया है। मीडिया से बातचीत करते हुए मीसा भारती ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि बिहार के लोगों को बाढ़ में राहत देने का काम पूरा किया गया होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारी इस पर काम करने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में हालात लगातार खराब हो रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर मौन है।

## विदेशी श्रद्धालु गया स्थित देवघाट पर पूर्वजों के निमित्त विधि-विधान से कर्मकांड करेंगे

# पुरखों को मोक्ष दिलाने को विदेशी तीर्थयात्री पहुंचे गया

**केटी न्यूज/ गया**

गया में सनातन धर्म के लोगों का पितृपक्ष मेला चरम पर है। बीते 17 सितंबर से भगवान विष्णु की मोक्ष नगरी गयाजी में मेले की धूम है। देश-दुनिया के कोने-कोने से प्रतिदिन भारी संख्या में सनातनी अपने पुरखों का पिंडदान करने के लिए गया धाम आ रहे हैं। अब तक करीब 10 लाख तीर्थयात्री गया आ चुके है। साथ ही पिंडवेदियों के आने का सिलसिला जारी है। इस बीच सात समुंदर पार से विदेशी तीर्थयात्री भी अपने पुरखों का पिंडदान करने के लिए पहुंचे। विदेशी तीर्थयात्री भगवान शिव की नगरी वाराणसी होते हुए भगवान विष्णु की नगरी मोक्ष धाम गयाजी पहुंचे हैं। जानकारी के मुताबिक, विदेश से कुल आठ की संख्या में तीर्थयात्री गयाजी आए हैं।



सभी विदेशी तीर्थयात्री अलग-अलग अलग देश के हैं। गयाजी पहुंचने के बाद विदेशी तीर्थयात्रियों ने विष्णुपद, देवघाट और सीताकुंड परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान बारिश होती रही, लेकिन बीच विदेशी तीर्थयात्री घूमते रहे। आचार्य लोकनाथ गौड़ ने बताया कि सभी विदेशी श्रद्धालु गया धाम पहुंच चुके हैं। उनके पुरखों के पिंडदान और श्राद्धकर्म की तैयारी की जा रही है। सोमवार को देवघाट, विष्णुपद, अक्षयवट और सीताकुंड पिंडवेदी पर पिंडदान होगा। जब यह पूछा गया कि विदेशी तीर्थयात्री सभी ईसाई हैं, फिर क्यों सनातन धर्म के अनुसार पिंडदान करने क्यों आए हैं। उन्होंने कहा कि सभी सनातन धर्म से प्रभावित हैं और उन्होंने अपने पूर्वजों का पिंडदान करने की इच्छा जाहिर की थी। उसे पूरा करने के लिए गयाजी पहुंचे है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला के दौरान इनके अलावा भी अलग-अलग देशों से विदेशी अपने पुरखों का पिंडदान करने गया धाम आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि विदेशी तीर्थयात्रियों में महिलाएं साड़ी पहनी हुई थीं। वे माथे से आंचल को गिरने नहीं दे रहीं थीं। इस दौरान वे काफी उत्सुक और जिज्ञासु भी नजर आ रहीं थीं। बताया जा रहा है कि विदेशी तीर्थयात्रियों के समूह में रूस, यूक्रेन और अफ्रीका के लोग हैं, जो अपने पुरखों का पिंडदान करेंगे। सोमवार को विदेशी श्रद्धालु देवघाट पर पूर्वजों के निमित्त कर्मकांड करेंगे। विदेशी तीर्थयात्री भगवान बुद्ध के दर्शन करेंगे। इसके बाद भगवान श्रीहरि विष्णु के चरणों में नतमस्तक होंगे। इन विदेशी तीर्थयात्रियों के पूर्वजों का अर्पण तर्पण और श्राद्ध से जुड़े कर्मकांड को आचार्य लोकनाथ गौड़ कराएंगे।




# दो दिवसीय युवा उत्सव संपन्न... डीएम बोले- राज्य स्तर पर भी लहराएगा बक्सर का परचम

♦ प्रतिभाओं को पुरस्कृत कर उनकी सृजनात्मकता और कलात्मक अभिरुचि को किया गया प्रोत्साहित,

**केटी न्यूज/बक्सर**







बिहार के कला और संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय युवा उत्सव का समापन रविवार को किया गया। यह आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार व जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नगर भवन में शुरू हुआ था।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि बक्सर के युवाओं के सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, उनकी कलात्मक अभिरुचि को जागृत करने के लिए, राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए उन्हें ऊर्जान्वित और प्रेरित करने के लिए पुरस्कृत किया गया। डीएम ने सभी सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि बक्सर के युवाओं में प्रतिभा है तथा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भी बक्सर का परचम लहरेगा।

**इन प्रतिभागियों का हुआ है चयनः** जिला स्तरीय युवा उत्सव में एकल शास्त्रीय नृत्य में अनुराधा कुमारी प्रथम, रितम दुबे द्वितीय एवं रौशनी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल पारंपरिक लोक नृत्य में कुमकुम कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल लोक नृत्य में पूनम यदुवंशी प्रथम, नीरज मिश्रा द्वितीय एवं आशुतोष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुगम संगीत में विश्वास कुमार प्रथम एवं अभिमन्यु कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह पारंपरिक लोक नृत्य में रितम दुबे एवं ग्रुप प्रथम एवं शालिनी एवं ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय गायन में सोनी कुमारी प्रथम, श्रेयांश कुमार द्वितीय एवं विश्वास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।लघु नाटक में राज कुमार एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह पारंपरिक लोकगीत में अभिनंदन एवं समूह प्रथम रितम दुबे एवं समूह द्वितीय एवं अमृता एवं समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में मधु कुमारी प्रथम, सौरव कुमार द्वितीय एवं आशुतोष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूर्ति कला में हरिप्रिया प्रथम, रजनीश कुमार द्वितीय एवं आशुतोष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में आशीष कुमार पांडे प्रथम, राहुल कुमार द्वितीय एवं नेहा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फोटोग्राफी में प्रकाश कुमार प्रथम एवं ऋषिकेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बांसुरी वादन में अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उद्बोधन में रिद्धिमा प्रथम एवं नेहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## खबरें फटाफट

### नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया युवक

**बक्सर।** रविवार को रामरेखा घाट पर गंगा में नहाने के दौरान एक युवक डूब गया। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। उसके साथ नहा रहे लड़के भाग खडे. हुए। हालांकि युवक को पानी में डूबते देख वहां मौजूद स्थानीय गोताखोरों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। करीब डेढ़ घंटे बाद उसका शव निकाला गया। मृतक की पहचान उप्र के दिलदारनगर थाना अंतर्गत नाथूपुर निवासी सचिन कुमार गौतम के रूप में हुई। घटना की सूचना पर पहुंचे उसके पिता पुनीत कुमार गौतम अन्य परिजनों साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान कर फफक पड़े। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में नगर थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। स्थानीय लड़कों की मानें तो वह अपने तीन साथियों के साथ गंगा स्नान करने आया था। नहाने के दौरान वह तथा उसके साथी डूबने लगे। उस समय वहां मौजूद नाविको तथा गोताखोरों ने दो को बचा लिया, जबकि वह गहरे पानी में समा गया था। इससे उसकी मौत हो गई। गौरतलब हो कि अभी जल स्तर बढ़ने से गंगा घाट और खतरनाक बन गए हैं। इसमें स्नान करना खतरे से खाली नहीं।

## पशु व्यवसायियों से पैसा लेने का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग ने की कार्रवाई

# बक्सर नगर थाने की एसआई जूही कुमारी समेत पूरी टीम निलंबित, एफआईआर दर्ज

♦ सोशल मीडिया पर पैसा वसूली का वीडियो वायरल होने से बक्सर पुलिस की हुई फजीहत
♦ एसपी शुभम आर्य ने लिया एक्शन

**केटी न्यूज/बक्सर**







पिकअप चालक से पैसा वसूली का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमा सख्त हो गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से पुलिस की खासी किरकिरी हुई है। इसके बाद एसपी शुभम कुमार आर्य ने पैसा वसूली करने वाली पूरी पुलिस टीम को निलंबित कर दिया है। वही, सदर डीएसपी धीरज कुमार के जांच रिपोर्ट के बाद नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने टाउन थाने में उक्त टीम का नेतृत्व कर रही नगर थाने की एसआई जुही कुमारी, होमगॉर्ड जवान राजकुमार यादव, रामदुलार सिंह तथा पुलिस वाहन के निजी चालक रितेश कुमार पर एफआईआर दर्ज कराया है। जुही जिस थाने में पदस्थापित है, उसी थाने में भ्रष्टाचार व रंगदारी के स्टाईल में जबरन वसूली का एफआईआर दर्ज होने की चर्चा पूरे दिन बक्सर में होते रही। एफआईआर दर्ज होने के बाद पूरी टीम की मुश्किले बढ़ गई हैं। उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है।

बता दें कि 27 सितंबर को बक्सर ठोरा पुल के पास संभवतः पशु लदे पिकअप से उक्त पुलिस टीम रूपयों की वसूली कर रही थी। जिसका किसी ने वीडियो बना सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि पिकअप चालक के बगल में बैठा व्यक्ति अपने बाए हाथ से एक पुलिस कर्मी के हाथ में कुछ दे रहा है। एसपी ने इस वीडियो के जांच का जिम्मा सदर डीएसपी को दिया। सदर डीएसपी के जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि यह विडीयो 27 सितंबर का है। इसकी पुष्टि होने के बाद तत्काल एसपी ने एफआईआर के आदेश दिए। जिसके बाद नगर थानाध्यक्ष ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है।

### हाल के दिनों में दागदार रही है बक्सर पुलिस की छवि

हाल के कुछ दिनों में जिले की पुलिस की भ्रष्टाचार में संलिप्तता की खबरें सुर्खियों में रही है। पिछले साल ही शराब की हेराफेरी मामले में ब्रह्मपुर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद समेत कुल छह पुलिसकर्मियों पर पूर्व एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर एफआईआर दर्ज कराया गया था। अभी पिछले महीने ही उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक पर शराब तस्करों से मिलीभगत के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। जबकि वीर कुंवर सिंह चेकपोस्ट पर तैनात दो होमगॉर्ड के जवान भी शराब तस्करों से मिलीभगत के आरोप में सस्पेंड हो चुके है। जबकि दो वर्ष पूर्व मुरार थाने में पद स्थापित एक दरोगा पर एक युवक से चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर ऑनलाईन पैसा लेने का आरोप लगा था। इसके बाद उक्त दरोगा को निलंबित किया गया था। ये घटनाएं बक्सर पुलिस की भ्रष्टाचार में संलिप्तता को प्रमाणित करती है।

### पशु तस्करों से लगते रहे हैं साठ गांठ के आरोप

बता दें कि जिले में पशु तस्करी का खेल बड़े पैमाने पर होता है। चौसा के अलावे सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी के पास सप्ताहिक पशु मेले का आयोजन होता है। जानकारों का कहना है कि पशु मेला की आड़ में ही पशुओं की तस्करी की जाती है। पशु तस्कर यूपी तथा दियारा क्षेत्र के पशुओं को वाहनों में लाद मेला तक पहुंचाते है, जहां से बंगाल के पशु तस्कर उन्हें खरीदकर ले जाते है। जानकार बताते है कि पशुओं की ढुलाई से लेकर उनकी बिक्री तक में मानकों का उल्लंघन किया जाता है। जबकि इसे जानते हुए भी पुलिस मौन साध लेती है। हाल कि दिनों में पशु तस्करी के कई मामलों का भंडाफोड़ भी हो चुका है। बावजूद उनकी सक्रियता कम नहीं हुई है। ताज्जुब है कि प्रत्येक बुधवार को चौसा व शुक्रवार को मझवारी में आयोजित पशु मेले का निरीक्षण भी पुलिस व प्रशासन के अधिकारी नहीं करते है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### क्या कहते हैं डीएसपी

एसपी के निर्देश पर वायरल वीडियो की जांच की गई। जांच में यह सत्य पाया गया। जिसके बाद पूरी टीम को निलंबित कर उनपर एफआईआर दर्ज कराया गया है। कानून के साथ खिलवाड़ करने पर किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा।

**– धीरज कुमार, सदर डीएसपी, बक्सर**

## एक नजर

### बक्सर नगर परिषद ने बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की, लोगों ने ली राहत की सांस



**बक्सर।** बक्सर के लोगों को बंदरों के आतंक से छुटकारा मिलना शुरू हो गया है। नगर परिषद ने बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर परिषद ने अनुमंडल पदाधिकारी के आवास बल्कि जिला पदाधिकारी के आवास के साथ-साथ न्यायालय परिसर तथा अन्य इलाकों में भी बंदर पकड़ने का अभियान चलाया गया। पिछले दिनों जब नगर परिषद के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में होने वाले किसी भी समस्या के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया जा रहा था तो उसके उद्घाटन समारोह में पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी ने पहली शिकायत के रूप में बंदरों से मुक्ति दिलाने का अनुरोध किया, जिस पर उन्हें यह आश्वासन मिला था कि जल्द ही बंदरों को पकड़ने का कार्य शुरू होगा। नगर परिषद ने अब यह कार्य शुरू कर दिया है. इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी जिलाधिकारी के आवास के साथ-साथ न्यायालय परिसर में भी रविवार को काफी संख्या में बंदर पकड़े गए। बक्सर में पहले बड़ा वन क्षेत्र हुआ करता था लेकिन अब ऐसा नहीं है ऐसे में के बंदर रिहायशी इलाकों व सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच गए. बंदर पकड़ने का कार्य जो एजेंसी कर रही है वह बंदर पकड़ने के बाद वन विभाग को सौंप देगी। इसके बाद वन विभाग के द्वारा बंदरों को कैमूर के जंगलों में छोड़ दिया जाएगा, जिससे कि बंदरों को रहने के लिए एक बेहतर परिवेश भी मिल जाएगा और आम लोगों को परेशानी से मुक्ति भी मिलेगी।

### देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

**बक्सर।** धनसोई पुलिस ने थाना क्षेत्र के लालाचक गांव में गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की रात छापामारी कर एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस व खोखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। वही इस संबंध में थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह ने बताया कि भरखरा गांव के सीएसपी संचालक से हुई लूट के मामले को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान लालाचक गांव निवासी रोहित कुमार पिता श्यामबिहारी सिंह के घर छापामारी के दौरान एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस व खोखा के साथ एक फाइटर बरामद किया गया वही मौके से भाग कर रहे युवक रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### कांग्रेसी नेता लक्ष्मीपति चतुर्वेदी को मातृशोक

**बक्सर।** चीनी मिल स्थित कांग्रेस कैम्प कार्यालय में कांग्रेसी नेता लक्ष्मीपति चतुर्वेदी की मां मनी देवी के आकस्मिक निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि स्व. मनी देवी सिकरौल निवासी स्व. विश्वनाथ चौबे की बहु थी। इस परिवार का कांग्रेस से गहरा लगाव रहा है। उनके आकस्मिक निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राजनारायण दूबे, बंकटेश चौबे, पृथ्वीनाथ चतुर्वेदी, अखिलेश्वर चौबे, रघुराज चौबे, नीरज चौबे, श्रीनिवास राम, जगलाल राम, मिथलेश सिंह, राहुल चौबे, मो. असरूदिन,मीना देवी, रानू जहां समेत कई लोग उपस्थित थे।

### हृदय रोग विशेषज्ञ राजेश मिश्रा को उत्कृष्ट सेवा के लिए सिंगापुर में किया गया सम्मानित

**बक्सर।** भविष्य निर्माण मिशन के संस्थापक व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए सिंगापुर में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विश्व विख्यात कार्डियक सर्जन डॉक्टर नरेश त्रेहान के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ। डॉक्टर राजेश मिश्रा के बक्सर आगमन पर सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा जोरदार स्वागत बक्सर स्थित उनके आवास पर किया गया। इस संबंध में डॉक्टर राजेश मिश्रा ने बताया कि यह सम्मान उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में अच्छे कार्यों के लिए दिया गया लेकिन बक्सर के सामाजिक लोग लगातार चिकित्सा क्षेत्र एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य की सराहना कर हौसला बढ़ाते हैं जिस कार्य करने की प्रेरणा मिलती रहती है। बधाई देने वाले में भाजपा नेता रंजन तिवारी, जदयू नेता रवि राज, जदयू नेता हरिशंकर दुबे, मुनि देव दुबे, कैप्टन धर्मराज सिंह, राजकुमार शर्मा, रवि कुमार यादव, मनीष कुमार, अनमोल कुमार, प्रशांत कुमार, सरफराज, मोहम्मद आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### खेती की आधुनिक तकनीक से अवगत हुए किसान

**केसठ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) बक्सर के तत्वावधान में शनिवार को खरीफ महोत्सव के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खरीफ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड मुख्यालय परिसर में कतिकनार उप मुखिया दीपक सिंह और रामपुर उप मुखिया मनोज राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वही कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक हरिश्चंद्र पासवान ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कृषि समन्वयक ने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। खरीफ फसल की बेहतर खेती के लिए आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी। उन्होंने मिट्टी और फसल के कीटाणुओं से बचाव करने की विधि से भी अवगत कराया। इस मौके पर प्रभारी बीटीएम डॉ. प्रफुल कुमार, लेखापाल प्रफुल्ल कुमार, किसान सलाकार, अमेंद्र, रितेश, विजय कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# बगैर लाइसेंस नहीं रखी जाएगी प्रतिमा रात 10 के बाद नहीं बजेगा लाउडस्पीकर

**केटी न्यूज/बक्सर**



दस दिनों तक चलने वाले दुगार्पूजा का पर्व शांति के साथ संपन्न कराने के लिए रविवार को मुफस्सिल थाना परिसर में थाना प्रभारी अरविंद कुमार व बीडीओ अशोक कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूजा समिति के अलावा पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी ने उपस्थित गणमान्य लोग व पूजा समितियों को बताया गया कि बिना लाइसेंस प्रतिमा रखने की अनुमति नहीं हैं। सभी पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इसके लिए पूजा समिति अपने संबंधित अध्यक्ष सचिव के साथ सदस्यों के फोटो थाना परिसर में जमा करेंगे।

वहीं, बताया गया कि रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर नहीं बजाए जायेगें। दुगार्पूजा में डीजे नहीं बजेंगे। वही लाउडस्पीकर में भक्ति गीत ही बजाये जायेंगे। किसी पूजा समिति के द्वारा कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है तो उसके लिए अलग से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।

पूजा पर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेंगी। जबकि पूजा समिति भी अपने ओर से शान्ति बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा विसर्जन पर प्रशासन के तरफ से विशेष चौकसी बनी रहेगी। अश्लील गीतों पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। समिति द्वारा सभी पूजा पंडालों के पास पर्याप्त मात्रा में लाइट की व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाये, और सौहार्द को बनाये रखे। पूजा पंडालो पर विधि व्यवस्था के साथ आग से बचाव के संसाधन की भी जुगाड़ रखने होंगे। पूजा पर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। सौहार्द बिगाड़ने वालो की खैर नहीं होगी। शराब और शराबीयों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेंगी। थाना प्रभारी ने बताया की हर हाल में 14 अक्टूबर की शाम 6 बजे तक प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया जाना है। बैठक में बीडीओ अशोक कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा आपसी सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया जाय। 14 अक्टूबर को हर हाल में सभी पूजा समिति समय के अनुसार मूर्ति का विसर्जन करेंगे।

### सीएम से होगी प्रखंड व नप के अधिकारियों की शिकायत

**डुमरांव।** प्रखंड और नगर में विकास की गति रूक सी गई है। अधिकारी अपनी मनमानी करते हुए योजनाओं के कार्य के प्रति लापरवाह बने हुए हैं और हर योजना में लूट की छूट मची हुई है। अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटी में लापरवाही बरती जा रही है, अंचल कार्यालय भ्रष्टचार में पूरी तरह से डूबा हुआ है, निबंधन कार्यालय का भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है, शहर में नल जल योजना पूरी तरह से फेल है। नलो का पानी घर के दरवाजे तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देता है।

गरीब जनता इससे काफी परेशानियों से घिरी हुई है। इसके लिए संगठन स्तर से पहल करने की बात जदयू के नगर अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता व प्रखंड अध्यक्ष लोदी चंद्र ने बताते हुए कहा की शीघ्र ही इसकी शिकायत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भेंट कर किया जाएगा। अधिकारियों के नाकामी के कारण पार्टी और सरकार की छवि पर खराब असर पड़ रहा है।

# नियाजीपुर में लाखों रुपए का गांजा लदी कार जब्त

**केटी न्यूज/बक्सर**




तिलक राय के हाता ओपी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के नियाजीपुर बाजार से गांजा लदी एक स्वीफ्ट डिजायर कार को जब्त किया है। हालांकि, कार में सवार तस्कर पुलिस को चकमा दे भीड़ का फायदा उठा भाग निकले। पुलिस कार को जब्त कर उसके नंबर के आधार पर तस्कर की पहचान व उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि नियाजीपुर के रास्ते गांजा तस्कर एक बड़ी खेप लेकर जाने वाले है। इस सूचना पर तिलक राय के हाता ओपी पुलिस ने नियाजीपुर बाजार में वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान एक स्वीफ्ट डिजायर कार जिसका नंबर बीआर 01ईडब्लू 7909 है, आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोक अभी पड़ताल शुरू ही की थी कि तस्कर भाग निकले। बाद में पुलिस टीम ने जब कार का डिग्गी खोला तो उसमें बड़े पैमाने पर गांजा मिला। बरामद गांजा का वजन 23.375 किलोग्राम है। जिसका कीमत लाखों रूपए बताया जा रहा है।

### क्या कहते हैं डीएसपी

नियाजीपुर में एक स्वीफ्ट डिजायर कार से गांजा की खेप बरामद हुई है। पुलिस कार के नंबर के आधार पर तस्करों की पहचान कर रही है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**– अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

## रामलीला में विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध और कृष्ण लीला में कालीदह लीला के प्रसंग का हुआ दिव्य मंचन

# तीर लगते ही छूटे ताड़का के प्राण, जय श्रीराम से गूंज उठा किला मैदान

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्रीरामलीला समिति बक्सर के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आज पांचवे दिन रविवार को श्रीधाम वृंदावन से आए सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्रीराधा माधव रासलीला एवं रामलीला संस्थान के स्वामी सुरेश उपाध्याय व्यासजी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला व रात्रि पहर रामलीला का मंचन किया गया।

जिसमें रात में मंचित रामलीला के दौरान विश्वामित्र का अयोध्या आगमन, उनके साथ राम लक्ष्मण का बक्सर आना तथा ताड़का वध के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र जब भी यज्ञ करते है तो राक्षस आकर उनके यज्ञ को नष्ट-भ्रष्ट कर देते हैं। मुनि अपने तपोबल से राक्षसों को भय दिखाकर भगा देते हैं, लेकिन निर्विघ्न यज्ञ पूर्ण कैसे हो इसको लेकर उनकी चिंता बढ़ जाती है। यज्ञ की सुरक्षा को लेकर वे काफी चिंतित रहते हैं और इसी उदेश्य को लेकर अवधपुरी को प्रस्थान करते हैं। अवधपुरी पहुंचने पर अयोध्या नरेश राजा दशरथ ने महर्षि का भव्य स्वागत किया और आने का प्रयोजन पूछे जाने पर विश्वामित्र ने राजा दशरथ से यज्ञ रक्षा के लिए राम व लक्ष्मण दोनों भाइयों की मांग करते हैं। पहले तो अयोध्या नरेश इनकार कर देते हैं, लेकिन गुरु वशिष्ठ के बहुत समझाने पर बाद में दोनों भाइयों को देने को तैयार हो जाते हैं। तब माता से आज्ञा लेकर राम और लक्ष्मण विश्वामित्र जी के साथ बक्सर वन को प्रस्थान करते हैं।

मार्ग में आतंक की पर्याय ताड़का राक्षसी मिलती है, जहां गुरुदेव की आज्ञा पाकर श्रीराम उस राक्षसी को अपने बाणों से वध कर उसका उद्धार करते हैं। महर्षि प्रसन्न होकर दोनों को अपनी कुटिया में ले जाते हैं और दोनों भाईयों को शस्त्र विद्या में पारंगत करते हैं। उसके बाद विश्वामित्र यज्ञ को प्रारंभ कराते हैं। उसी समय मारीच, सुबाहु आकर यज्ञ भंग करने की कोशिश करते हैं तभी श्रीराम एक तीर से मारीच को सौ योजन समुद्र पार भेज देते हैं और सुबाहु का वध करते हैं।

### कालिया नाग का मर्दन कर श्रीकृष्ण ने यमुना को किया शुद्ध

दिन में श्रीकृष्ण लीला में कालीदह लीला के प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि यमुना के कालीदह के विषैले पानी को शुद्ध कराने के लिए मथुरा के राजा कंस को नारद मुनी ने सलाह दी कि जिस कालीदह में कालिया नाग रहता है, उसमें नीलकमल के फूल खिले हुए हैं। नंद बाबा से पूजा के लिए एक करोड़ नीलकमल के फूल की मांग करें। जब भगवान श्रीकृष्ण फूल तोड़ने कालीदह में जाएंगे तो उनकी मौत हो जाएगी। उनके सलाह पर कंस ने नंद बाबा के यहां नीलकमल फूल के लिए संदेश भेजा। खबर पहुचते गोकुल वासी भयभीत हो गए। यह देखकर श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ कालीदह स्थित जाकर गेंद खेलने लग जाते हैं और खेलते खेलते जान बूझकर कालीदह में गेंद फेंक देते हैं। इसी बहाने यमुना में जाकर वे विषैले कालिया नाग के फनों को नाथकर उस पर खड़े हो वंशी बजाते हुए बाहर आ जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान समिति के सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा, संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश संगम, कृष्ण कुमार वर्मा, उदय कुमार सर्राफ, कमलेश्वर तिवारी, राजकुमार गुप्ता, नारायण राय, सुमीत मानसिंहका, बबुआ तिवारी, मंटू सिंह सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।



# जानलेवा बना स्टेशन रोड, लोग बोले- अब आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे

## सड़क का बुरा हाल
## कौन है जिम्मेदार?

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के लिए जानलेवा बना स्टेशन रोड को लेकर नगरवासी अब मुखर होने लगे हैं। सालों से रोड की समस्या झेल रहे शहर के लोग अब आंदोलन करने के मूड में आ गए हैं। विदित हो कि स्टेशन रोड में रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेनिंग स्कूल तक गड्ढों का जाल बिछा हुआ है। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता है, जिस दिन वाहन इन गड्ढों में नहीं पलटते हैं। वाहन पलटने के बाद यात्री अपने घर जाने से पहले अस्पताल पहुंच जाता है। इस रोड की सुध लेने वाला कोई नहीं है। कहने को तो यह एनएच-120 कहलाता है, लेकिन ग्रामीण सड़कों से भी इसकी तुलना नहीं की जा सकती। नगर के नौजवान एकजुट होकर अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गए हैं। इसके लिए उन्होंने विभाग को अल्टिमेटम भी दे दिया है। नगर के नौजवानों के साथ अब हर वर्ग के लोगों का मिलना शुरू हो गया है। इसलिए उनका हौसला और बढ़ता जा रहा है। अब ये अपनी रणनीति तय करने में लगे हुए हैं।





**इमरान खां-** नगर का स्टेशन रोड पूरी तरह से जर्जर हो गया है। जलमाव होने से वाहन चालकों और पैदल चलने वालों की परेशानी और बढ़ गई है। जल्द ही इस सड़क को सही नहीं किया गया तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।



**शशि शंकर दूबे-** गड्ढों में तब्दील हो चुकी स्टेशन रोड का कोई माई-बाप नहीं है। तभी तो इसका कोई सुध लेने वाला नहीं है। रोड में उभर आए जानलेवा गड्ढे में वाहन पलट जाते हैं, जिससे घर जाने से पहले उन्हें अस्पताल पहुंचाना पड़ जाता है। बावजूद किसी जनप्रतिनिधि का इसका ख्याल नहीं और न हीं किसी वरीय अधिकारी का।



**रवि प्रभात-** शनिवार को तो एक दर्जन वाहन पलट गए थे, जिसमें सवार दो दर्जन लोग घायल हो गए थे। कितने का तो मोबाईल गुम हो गया तो कितने का सामान पानी भरे गड्ढे में गिरकर बर्बाद हो गया। यात्री को पूरे दिन नप कर्मियों के साथ अधिकारियों कोस रहे थे। रविवार को भी कई वाहन पलटे है। यदि शीघ्र मरम्मत नहीं हुआ तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



**अमित सिन्हा-** स्टेशन रोड की जर्जरता पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का संज्ञान नहीं लेना हर किसी को हैरान कर देने वाली है। अब हम नौजवानों को आगे आना होगा। आमरण अनशन से लेकर चक्का जाम तक किया जा सकता है। अधिकारी चाहते हैं कि चक्का जाम हो, आंदोलन खड़ा किया जाए, नहीं तो यह रोड कब का बन गया रहता। जल्द ही डुमरांव के युवा उग्र आंदोलन करेंगे।

### डुमरांव नगर परिषद के पुराना भोजपुर के पश्चिम टोला स्थित वार्ड संख्या एक में बढ़ी परेशानी

# बार-बार जल रहा 63 केवीए क्षमता का ट्रांसफॉर्मर बिजली और पानी के लिए लोगों ने किया प्रदर्शन

- ट्रांसफार्मर जलने से एक सप्ताह से बिजली सुविधा से वंचित हैं लोग पानी के लिए मचा हाहाकार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद क्षेत्र के पुराना भोजपुर के पश्चिम टोला स्थित वार्ड संख्या एक में ट्रांसफार्मर जलने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं रहने से लोगों का दिन का चैन और रात का सुकून गायब है। इससे भी बड़ी समस्या पानी की है। एक तरफ लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या गंभीर बनी है तो दूसरी तरफ ट्रांसफार्मर जलने से खेतों की सिंचाई प्रभावित है। ट्रांसफार्मर जलने से सबसे बड़ी समस्या पानी की है। इस ट्रांसफार्मर से कृषि फीडर के 14 बोरिंग संचालित हैं। जिससे सब्जी के खेत की सिंचाई होती है। एक आटा चक्की के अलावा करीब एक सौ घरों में घरेलू कनेक्शन दिया गया है। ट्रांसफार्मर जलने से एक तरफ खेतों की सिंचाई कार्य प्रभावित है तो दूसरी तरफ स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।



लोगों का कहना है कि समस्या ट्रांसफार्मर के कम क्षमता को लेकर है। जले हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता 63 केवीए की है। जो अत्यधिक लोड के चलते बार-बार जल रहा है। हालांकि बिजली विभाग ने जले ट्रांसफार्मर के बदले दूसरा ट्रांसफार्मर 23 को शाम को बदला था। लेकिन अत्यधिक लोड के चलते अगले ही दिन दूसरा ट्रांसफार्मर भी जल गया। फिर बिजली विभाग ने तत्परता दिखाई तथा 27 सितंबर को ट्रांसफार्मर फिर से बदला गया। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि अत्यधिक लोड के चलते तीसरा ट्रांसफार्मर भी सप्लाई शुरू होते ही जल गया। तब से उमस भरी गर्मी के इस मौसम में लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या गंभीर बनी है।

### बाधित है खेतों की सिंचाई

ट्रांसफार्मर जलने से सबसे अधिक परेशान किसान है। खेतों की सिंचाई भी प्रभावित है। स्थानीय रमाशंकर सिंह का कहना है कि इस ट्रांसफार्मर से जुड़े सभी बोरिंग से सब्जी की खेतों का पटवन होता है। अगर बारिश नहीं हुई रहती तो पानी के अभाव में गोभी, बैंगन, टमाटर का बिचड़ा, हरा मिर्च, भिंडी आदि सब्जी की फसल को काफी नुकसान हुआ रहता। संयोग अच्छा है कि बारिश हो जाने से सैकड़ो एकड़ खेत में लगी सब्जी की खेती बर्बाद होते-होते बच गई। वार्ड पार्षद पार्वती देवी ने इस आलोक में बिजली विभाग तथा स्थानीय विधायक को आवेदन देकर तत्काल बिजली सप्लाई शुरू करने की मांग की है।

### नहीं काम आई विधायक डॉ. अजीत सिंह की पहल

स्थानीय विधायक अजीत कुमार सिंह द्वारा बहुत पहले ही बिजली विभाग को फोन कर पुराना भोजपुर का जला ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन अपनी मनमानी करने वाला बिजली विभाग विधायक के निर्देश को आज तक पूरा नहीं किया है। लोगों के समक्ष बिजली की समस्या बरकरार है। अभी भी लोग पानी के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। ऐसे में विधायक के इस पहल की हवा निकल रही है।

### लोगों ने की अधिक क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

लगातार एक हफ्ते से बिजली की समस्या झेल रहे पुराना भोजपुर के लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। बिजली सप्लाई शुरू नहीं होने पर नाराज लोगों ने रविवार को ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं ने विभाग के प्रति विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने तथा कृषि फीडर को अलग करने की मांग की है। लोगों ने साफ शब्दों में कहा है कि अगर तत्काल बिजली सप्लाई शुरू नहीं हुई तो मजबूर होकर आंदोलन का रूख अख्तियार किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में चंदन सिंह, रामाशंकर सिंह, टुनटुन सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, संजय सिंह आदि शामिल थे। इस संबंध में स्थानीय कनीय अभियंता चंदन कुमार का कहना है कि सोमवार को दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। बिजली की सप्लाई शुरू हो जाएगी। लोगों ने कहा है कि अगर दो दिनों में बिजली की सप्लाई शुरू नहीं हो तो आंदोलन का रूख अख्तियार किया जाएगा।

## एक नजर

### नया भोजपुर के दिलकश अहमद बने मदर टेरेसा फाउंडेशन बिहार के अध्यक्ष, मिली बधाई



**डुमरांव।** नया भोजपुर निवासी दिलकश अहमद उर्फ गुड्डु खां को मदर टेरेसा फाउंडेशन बिहार का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें यह जिम्मेवारी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. नासिर खान ने सौंपी है। इस जिम्मेवारी के मिलने के बाद दिलकश ने कहा कि वे फाउंडेशन के सेवा, शिक्षा, सद्भावना, समाज की भलाई आदि गुणों से प्रभावित हो जुड़े है। उन्होंने कहा कि मदर टेरेसा का सारा जीवन एक आदर्श रहा है। वे पूरे जीवन पीड़ित मानवता की सेवा कर देश व दुनिया के लिए मिसाल बन गई है। उनकी सेवा भावना आज भी लोगों को प्रेरित करती है। बधाई देने वालों में गुफ्रान अख्तर खान, हाफिज इजरान, मंजीत भूषण ओझा, बद्री सिंह, छोटे तिवारी, ताज खान, हेना खान, रिंकी कुमारी, संतोष यादव, अधिवक्ता अरूण कुमार तिवारी, अनुज कुमार तिवारी समेत कई अन्य शामिल रहे।

### अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद नये प्रमुख के चुनाव पर हो रही हैं चचाएं

**केसठ।** निवर्तमान पंचायत समिति अध्यक्ष मुन्ना सिंह के विरोध में तीन पंचायत समिति सदस्यों ने शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया इसके बाद उनको कुर्सी चली गई। अविश्वास प्रस्ताव के चर्चा के दिन से ही लोगे आपस में चर्चा कर रहे थे। जैसे ही इसकी खबर लोगो के बीच पहुंचा की अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 3 मत पड़े है लोगो के अंदर ये चर्चा का विषय बन गया। उसके बाद नया बाजार,पुराना बाजार सहित अन्य चौक चौराहों पर इस बात को ले चर्चा शुरू हो गई। अब लोगो के अंदर ये जानने की उत्सुकता हो रही है कि अब किसके सिर पर प्रमुख का ताज चढ़ेगा।

### हथिया नक्षत्र का आगमन किसानों के लिए वरदान

**नावानगर।** हथिया (हस्त) नक्षत्र का आगमन बरसात के साथ क्षेत्र में हुई है। इससे खेती और किसानी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। गांवों में स्थित सभी छोटे बड़े तालाब बंधी कुएं आदि जलाशयों में पानी लबालब भर जाने के कारण किसान अपने भविष्य को लेकर अच्छा अनुभूत कर रहे है। लंबे समय के बाद हथिया नक्षत्र का आगमन अच्छी बारिश हुई है। प्रखंड क्षेत्र के गैर नहरी क्षेत्र के खेतों की सिंचाई ससमय नहीं होने से धान फसल की अच्छी पैदावार बीते दो वर्षों से नहीं हो रही थी। पर इस वर्ष एक दो नक्षत्र छोड़ सभी नक्षत्र में अच्छी बारिश होने से नहरी एवं गैर नहरी क्षेत्र में धान की पैदावार लगभग समानान्तर नजर आ रही है। यूं कहा जाए कि हथिया नक्षत्र में अच्छी बरसात होने से धान फसल की पैदावार होना सुनिश्चित हो गया है। जिन किसानों ने धान की रोपनी नहीं कर पाए थे वह अपने भाग्य को कोस रहे है। ऐसे किसान अब रबी की फसल गेहूं आदि की बुआई के लिए आशान्वित है कि अब तालाब बंधी बंधे पानी से फूल है कुओं का पेट भी लंबे समय के बाद भरा है। अच्छी बारिश होने के बाद लोग अच्छा महसूस करने लगे है। किसानों का कहना है कि सभी नक्षत्र में बारिश होने से उनके खेतों में धान की फसल लहरा रही है। साथ ही हथिया नक्षत्र के बारिश से कीटों के प्रकोप डर नहीं है। इधर हैंडपंप व कुओं का जलस्तर मेंटेन हो गया है। किसान कलामुद्दीन ने कहा कि धान पैदावार सभी नक्षत्र में बारिश होने से अच्छी हुई है। हथिया नक्षत्र में बारिश होने से रबी फसल भी अच्छी रहने का अनुमान है।

### हक की लड़ाई लड़ेगा गोंड आदिवासी संघ

**डुमरांव।** अनुमंडल के ढकाईच गांव के ऐतिहासिक बालेश्वर नाथ शिवमंदिर में अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के लोगों को विकास के मुख्यधारा में जोड़ते हुए उन्हें स्वालंबी बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही अपने हक की लड़ाई को एकजुटता के साथ लड़ने पर सहमति बनी। फिर इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए एक कमेटी बनाने पर विचार हुआ। सभी ने विचार करते हुए जिला कमिटी बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी। विदित हो की गोंड समाज को आदिवासी का दर्जा मिला हुआ है। लिहाजा इस दर्जा वाले लोगों को जो सुविध मिलनी चाहिए बहुत से लोग अज्ञानता के कारण नहीं ले पाते हैं। लिहाज कमिटी बनने के बाद कोई भी समाज को मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं होगा। कमिटी में अध्यक्ष पद के लिए छितेश्वर गोंड का चयन किया गया। वहीं महासचिव मुरारी प्रसाद, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोंड, जिला प्रामर्शी राजेन्द्र गोंड को बनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन सचिव प्रभू गोंड, कन्हैया प्रसाद गोंड, राजेन्द्र गोंड, छप्पन गोंड, श्रीभगवान गोंड, मंटू गोंड, बनारसी गोंड, शशिकुमार गोंड, राजेन्द्र गोंड व अन्य मौजूद रहे।

### प्रेमिका का किया यौनशोषण, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

**डुमरांव।** प्रेमी द्वारा अपनी प्रेमिका के साथ यौनशोषण करने वाले आरोपी को स्थानीय पुलिस ने प्रतापसागर गांव से पकड़ने में सफलता पायी हैं। पुलिस की टीम ने आरोपी से कड़ी पूछताछ कर उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार भगत ने बताया कि प्रेमिका को शादी करने का झांसा देकर एक प्रेमी यौनशोषण करता रहा। शादी करने की जब बात आयी तो प्रेमी ने इंकार कर दिया। जिससे नाराज प्रेमिका ने प्रेमी को मिलने के लिए घर पर बुलाया और अपने दो भाइयों के सहयोग से प्रेमी का गुप्तांग काटकर सड़क किनारे फेंक दिया। जख्मी युवक के शोरगुल करने की आवाज सुन आसपास के लोग वहां पहुंचे और उसे अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। यह घटना पिछले दो मार्च की बतायी जाती हैं। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जख्मी को रेफर कर दिया। बताया जाता हैं कि पीड़ित युवक के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए प्रेमिका और उसके दो भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## पंचायत सरकार भवन की बदहाल व्यवस्था को दूर करने छुट्टी के दिन पहुंची बीपीआरओ

**केटी न्यूज/डुमरांव**

राज्य के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा के आने की अधिसूचना ने स्थानीय पदाधिकारी का नींद और चौन छीन लिया है। कार्य दिवस में गायब रहने वाले पदाधिकारी रविवार को सप्ताहिक छुट्टी के दिन भी कार्य करते नजर आए। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रोहिणी कुमारी को रविवार के दिन कोरान सराय पंचायत सरकार भवन के बदहाल व्यवस्था में सुधार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोरान सराय पंचायत सरकार भवन नियमित रूप से नहीं खुलता है। आरटीपीएस काउंटर भी बंद रहता है। पदस्थापित कर्मी पंचायत सरकार भवन कार्यालय में नहीं आते हैं। कार्यालय का रिकॉर्ड भी दुरुस्त नहीं है।

पंचायत में चल रही विकास योजनाओं की स्थिति बेहतर नहीं है। मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना फेल होने लगा है। स्वच्छ बिहार लोहिया अभियान इस पंचायत में बहुत पहले से बंद है। जिस चलते लोगों को स्वच्छता का लाभ नहीं मिल रहा है।



जानकार बताते हैं कि पंचायत के मुखिया के उदासीनता के चलते यूजर चार्ज की वसूली नहीं हो रही है। स्वच्छता अभियान के सारे संसाधन सड़ने लगे हैं। ऐसे में इस अभियान की विफलता से पंचायत के स्वच्छता कर्मियों के अलावे स्थानीय पदाधिकारियों की जमकर किरकिरी हो चुकी है। यूजर चार्ज वसूली के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडे कोरान सराय पंचायत में चार बार स्थानीय लोगों के बीच जाकर जागरूकता अभियान चला चुके है। मुख्य सचिव का आगमन स्थानीय प्रखंड में तीन अक्टूबर को होना है। इस दौरान उनका कोरान सराय पंचायत में जाना निश्चित हो चुका है। कोरान सराय पंचायत में कमियों की खाई को पाटने का प्रयास लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल पूरे दिन कोरान सराय में रहकर व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास करते रहे। रविवार को यह जिम्मेदारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रोहिणी कुमारी को सौंपी गई थी। उन्होंने पंचायत सरकार भवन में बैठकर पूरे दिन पंचायत के रिकॉर्ड को धरातल से तालमेल बिठाने का कठिन प्रयास करती रही। कोरान सराय के दीपक कुमार यह देखकर दंग थे। उनका कहना था कि जो पदाधिकारी कार्य दिवस पर कार्यालय में ढूंढ़े नहीं मिलते हैं वे रविवार को छुट्टी के दिन कोरान सराय की कच्ची गलियों में भ्रमण करते नजर आए।

### सर्किल इंस्पेक्टर ने किया थाना का निरीक्षण

**डुमरांव।** रविवार को डुमरांव के सर्किल इंस्पेक्टर ने डुमरांव थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन तथा फरार अपराधियों व वारंटियों की गिरफ्तारी के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। सर्किल इंस्पेक्टर ने शराब तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने, अपराध नियंत्रण के लिए रात्रि गश्त और वाहन चेकिंग अभियान तेज करने। दुर्गापूजा के मद्देनजर विशेष चौकसी बरतने आदि का नसीहत थानाध्यक्ष को दिए। निरीक्षण के दौरान सर्किल इंस्पेक्टर ने थाना में केस संबंधित फाईलों तथा अन्य संचिकाओं को भी खंगाला तथा थानाध्यक्ष समेत संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### नवरात्रि के तीन दिन पूर्व केसठ में बिका 50 क्विंटल चिकन, मटन और मछली

**केसठ।** शारदीय नवरात्र 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। इसको लेकर क्षेत्र में मां दुर्गे की मूर्ति निर्माण से लेकर पंडाल निर्माण का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। वहीं नवरात्रि के तीन दिन पूर्व यानी रविवार को मिट बाजारों में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों अपेक्षा रविवार को सबसे अधिक मछली मुर्गा की बिक्री हुई। मिट व मछली विक्रेताओं के मुताबिक करीब 29 क्विंटल मछली और 21 क्विंटल मुर्गे के मिट की बिक्री हुई है।




### डुमरांव स्थित राज प्लस टू उच्च विद्यालय में मनाई गई महाराज की 98 वीं जयंती

# महाराजा बहादुर कमल सिंह के व्यक्तित्व, कृतित्व की हुई सराहना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के राज प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में पुराने शाहाबाद जिले के डुमरांव रियासत के 15 वें महाराजा तथा शाहाबाद नॉर्थ-वेस्ट(बक्सर) के प्रथम सांसद रहे महाराजा बहादूर स्व. कमल सिंह की 98 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जिसमें डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुराग मिश्रा ने तथा संचालन सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन सिंह ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महाराजा बहादुर कमल सिंह को शाहाबाद का कोहिनूर बताते हुए कहा कि उन्होंने पूरे शाहाबाद क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा तथा कृषि के क्षेत्र में अनेक महान कार्य किए। जो आज के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकताओं के लिए अनुकरणीय है, साथ ही उनके और उनके पूर्वजों द्वारा दिए गए दान की जमीन पर अनेक सरकारी कार्यालय एवं संस्थान कार्यरत हैं। जो महाराज के दरियादिली व समाज के समग्र विकास के प्रति उनके वृहद सोच को दशार्ता है। जिसमें डुमरांव का वर्तमान राज प्लस उच्च विद्यालय, महारानी उषा रानी बालिका मध्य विद्यालय व प्लस टू उच्च विद्यालय, राज प्रयाग संस्कृत उच्च विद्यालय, महाजनी मध्य विद्यालय, डुमरांव तथा बिक्रमगंज का राज अस्पताल, प्रताप सागर स्थित टीबी अस्पताल, बलिया का डिग्री कॉलेज, बक्सर का एम वी कॉलेज, आरा का महाराजा कॉलेज व जैन कॉलेज का छात्रावास आदि शामिल है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में वरीय शिक्षक गुड्डु सिंह, समाजसेवी संजय कुमार पाण्डेय, पंकज सिंह, संजीत केशरी, हिमांशु पाण्डेय, शिक्षिका निहाइका कुमारी, काजल सिंह, आरुषि कुमारी, राजू रंजन, युवराज सिंह सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### महाराजा कमल सिंह जनमानस के नेता थे: दीपक

शाहाबाद नार्थ संसदीय सीट से प्रथम सांसद रहे महाराज कमल सिंह की जयंती के मौके पर डुमरांव नगर स्थित एक सभागार में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा नेता दीपक यादव ने किया। इस मौके पर आयोजित सभा की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता रोहित सिंह ने एवं संचालन युवा नेता अभिषेक रंजन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुखिया सिंह कुशवाहा ने किया। दीपक यादव ने कहा कि महाराजा कमल सिंह जनमानस के नेता थे, उन्होंने शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। महाराजा होने के बावजूद सादगी से रहना और लोगों से मिलना-जुलना कमल सिंह की पहचान थी। महाराज ने स्कूल, कॉलेज और अस्पताल के लिए कई एकड़ जमीन दान में दी। लोगों को रोजगार देने के लिए भी महाराज ने पर्याप्त कदम उठाए थे।

# रोहिणी आचार्य का हमला... अपराध का अड्डा बन गया है सीएम आवास

- लोगों का हाल जानने छपरा पहुंचीं राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी
- नीतीश को दी सलाह- घर से बाहर निकलें, बिहार के हालात को देखिए

केटी न्यूज/छपरा



बाढ़ की विभीषिका झेल रही सारण की जनता का हाल जानने रविवार को सारण लोकसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी डॉ. रोहिणी आचार्य छपरा पहुंचीं। रोहिणी ने लोकसभा चुनाव के दौरान मारे गए रौजा निवासी स्व० चंदन यादव के आवास पर जाकर उनके परिजनो से मुलाकात कर न्याय के लिए आवाज उठाने की बात कही।

रोहिणी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार की स्थिति ऐसी है कि अपराधियों की सरकार है, सीएम आवास अपराध का अड्डा बन गया है। उन सभी के सरदार नीतीश कुमार हैं। चाचा को सुझाव है कि घर से बाहर निकलिए। बिहार के हालात को देखिए। उन्होंने कहा कि आप लोगों के सामने भाई चंदन यादव की हत्या कर दी गई। अभी तक हत्यारा रोड पर खुला घूम रहा है। चंदन की मां आज भी रो रही हैं और न्याय मांग रही हैं। पूरे राज्य में अपराधियों का बोल बाला है। चंदन यादव को गोली मारने वाला अपराधी अभी खुलेआम सड़कों पर घूम रहा है।

उसके बाद छपरा शहर के बाढ़ प्रभावित इलाके साधुलाल पृथ्वीचंद उच्च विद्यालय के समीप वाले इलाके जहां टीम रोहिणी आचार्य सारण के द्वारा चलाए गए बाढ़ राहत एवं रिलिफ कैंप का सफल संचालन किया गया था, टीम के सदस्यों से मुलाकात की। वहां बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की महिलाओ से मिल उनका हाल चाल जाना और राहत सामग्री का वितरण किया। इसके बाद राजद कार्यालय में पार्टी के युवा साथियों व कार्यकताओं के साथ संवाद किया।

बता दें रोहिणी आचार्य सारण से लोकसभा का चुनाव लड़ी थीं। उन्हें बीजेपी नेता राजीव प्रताप रुढ़ी से हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव हारने के सात दिनों बाद रोहिणी आचार्य सिंगापुर वापस लौट गईं थीं। रोहिणी सिंगापुर में ही रहती हैं।

# बढ़ रहा जलस्तर, अलर्ट मोड में रहें अधिकारी

केटी न्यूज/छपरा



जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा रविवार को गंडक नदी के जल स्तर में वृद्धि होने के परिप्रेक्ष्य में मकेर, अमनौर, तरैया तथा पानापुर अंचल के सारण तटबंध अवस्थित सभी निचले क्षेत्रों की पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। डीएम ने गंडक नदी के विभिन्न क्षेत्रांतर्गत जल स्तर में वृद्धि का मुआयना किया तथा सभी एसडीओ, सीओ और थानाध्यक्षों को रविवार की रात पूरी तरह से अलर्ट रहने और तटबंध पर व निचले क्षेत्रों में लगातार गश्ती करने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी आकस्मिक परिस्थिति के उत्पन्न होने पर अविलंब आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। डीएम ने कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल को निर्देश दिया कि सारण तटबंध के सभी निचले क्षेत्रों के आक्राम्य स्थलों पर निश्चित रूप से पर्याप्त मात्रा में जियो बैग तथा कटाव निरोधी सामग्री उपलब्ध रखें। रात भर सारण तटबंध का लगातार निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। क्षेत्र में कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित रूप से जिला प्रशासन एवं अनुमंडल प्रशासन को उसकी सूचना देते हुए अविलंब आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

## खबरें फटाफट

### मछली मारने गए युवक की नदी में डूबने से मौत

**छपरा।** दिघवारा थाना क्षेत्र के आमी पकड़ी घाट पर मछली मारने के दौरान 25 वर्षीय एक युवक की गंगा नदी में डूब जाने से मौत हो गई। मृतक आमी नरौनी पट्टी गांव निवासी लालबाबू साह का पुत्र अभिमन्यु साह बताया जाता है। प्राप्त जानकारी अनुसार अभिमन्यु गंगा नदी के पकड़ी घाट पर मछली मारने गया था। गंगा नदी में गहरे व पानी की तेज धार के कारण वह डूब गया। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन ने एसडीआरएफ की मदद से युवक के शव को बरामद कर लिया। नदी से शव निकलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि इन दिनों गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इसमें किसी प्रकार की गतिविधि पर प्रशासन ने पूरी तरह से रोक लगाई है। इसके बावजूद लोग मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### बैटरी चोरी के आरोप में युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दावथ।** बैटरी चोरी के एक मामले में दावथ थाने की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सामान तथा मोटरसाइकिल को बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कृपाल ने बताया कि जो ग्राम मंझौली में गत रात्रि ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की गई थी। जिसमे ग्रामीणों द्वारा एक लड़का मोहमद शहजाद पिता मो नसीब ग्राम डेढगांव दावथ को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया दिया गया। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उसके निशानदेही पर दोनो बैटरी को बरामद की गई एवम उसके बाइक को भी जब्त किया गया। वही गिरफ्तार लड़के के बयान के आधार पर घटना में शामिल इसके अन्य सहयोगी शेरू, पिता रोजा खान ग्राम देढगांव के विरुद्ध छापामारी की जा रही है।

### शराब बिक्री का विरोध करने पर देवर ने भाभी को पीटा

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के चांदी टोला में घर में शराब बनाने और बेचने का विरोध करने पर एक देवर ने शराब के नशे में अपने भाभी को पीट पीटकर जख्मी कर दिया है। भाभी ने इस संबंध में काराकाट थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए रविवार को एक आवेदन दिया है। चांदी टोला निवासी बसंती देवी पति अरबिंद पासवान द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि शनिवार की रात उसका देवर अजीत पासवान पिता स्वर्गीय कृष्ण पासवान शराब के नशे में मेरे घर में घुस गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर डंडे से पीट पीट कर मुझे जख्मी कर दिया। मेरा बायां हाथ टूट गया है। बताया जाता है कि अजीत पासवान घर में देशी महुआ शराब बनाता है और उसे नहर पर ले जाकर बेचता है। इसका मैं विरोध करती हूं तो मेरे साथ मारपीट करता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि नशे में महिला के साथ मारपीट का मामला आया है। इसकी छानबीन की जा रही है।

## तीन दिन से घर से लापता थे, गौसगंज स्थित गांगी नदी से शव बरामद

# बॉलीवुड मूवी में बैक एक्टर की भूमिका निभा चुके प्राइवेट टीचर का मिला शव

- फिर हेरा-फेरी, चुपके-चुपके, भागमभाग एवं खट्टा मीठा जैसी फिल्मों में निभा चुके हैं किरदार
- 25 को घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटे, 27 को परिजनों ने पुलिस को दिया आवेदन

केटी न्यूज/आरा



खोजबीन के दौरान परिजनों को गांगी नदी किनारे दिखा चप्पल

शहर के टाउन थाना क्षेत्र में घर से निकले प्राइवेट शिक्षक का चौथा दिन बरामद हुआ है। उनका शव टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित शमशान घाट के समीप गांगी नदी से रविवार की दोपहर बरामद किया गया है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के तरी मोहल्ला वार्ड नंबर 8 निवासी स्व.अशोक कुमार साह के 56 वर्षीय पुत्र अजय शाह है। वह पेशे से प्राइवेट शिक्षक थे एवं घर-घर जाकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ते थे। इसके अलावा वह एक्टर भी थे एवं बॉलीवुड फिल्मों में बैक एक्टर का रोल करते थे। उन्होंने फिर हेरा-फेरी, चुपके-चुपके, भागम-भाग एवं खट्टा मीठा जैसी कई फिल्मों में भी बैक एक्टर का किरदार निभाया है। इधर मृतक के बड़े भाई अरुण कुमार साह ने बताया कि वह पेशे से प्राइवेट शिक्षक थे। वह 25 सितंबर को घर से निकले थे और घर वापस नहीं लौटे। जिसके बाद परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिजन द्वारा टाउन थाना में 27 सितंबर को उनके लापता होने का लिखित आवेदन दिया गया था।



जानकारी के अनुसार थाना में लिखित शिकायत देने के बाद परिजन खोजबीन के दौरान रविवार की दोपहर गौसगंज स्थित श्मशान घाट के समीप गांगी नदी के किनारे पहुंचे तो उनका चप्पल दिखा। जिसके आधार पर उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना वहां पहुंची और पुलिस द्वारा एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ ने उनके शव को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेजा। बताया जाता है कि मृतक ने शादी नहीं की थी। वह अपने तीन भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में दो भाई अरुण कुमार साह,राज कुमार साह एवं एक बहन बबीता देवी हैं। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।

### ठनका गिरने से भैंस चराने गए अधेड़ की मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के पूर्वी आयर गांव में शनिवार की शाम ठनका गिरने से भैंस चराने गए एक अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक आयर थाना क्षेत्र के पूर्वी आयर गांव वार्ड नंबर आठ निवासी स्व.भिखारी यादव के 55 वर्षीय पुत्र राम लायक यादव उर्फ लंगड़ यादव हैं एवं वह पेशे से किसान थे। मृतक के बेटे हरेन्द्र यादव ने बताया कि शनिवार की शाम वह तीन भैंस लेकर बधार में चराने गए थे। जहां बारिश भी हो रही थी। उसी दौरान अचानक उन पर ठनका गिर पड़ा। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वह मौजूद व्यक्ति द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उन्हें वहां से उठाकर घर के पास लेकर आए। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी सुमित्रा देवी,तीन पुत्री मधु कुमारी,सीमा कुमारी,रीमा कुमारी व दो पुत्र नागेंद्र यादव एवं हरेन्द्र यादव है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### तिलौथू के महादलित बच्चों को साक्षर बनाने के लिए समाजसेवी कर रहे मदद



**तिलौथू।** महादलित बस्ती में गरीब बच्चों के बीच रविवार को समाजसेवी ने शिक्षण सामग्री और फल बांटा। अवसर पर समाजसेवी सत्यानंद कुमार ने बताया कि समाज के वैसे असहाय लोग जो गरीबी में पैदा हुए और गरीबी में ही रह गए। यह जीवन उनके लिए एक दुर्भाग्य पूर्ण जैसा है। जिसका मुख्य कारण है अपने जीवन में साक्षरता को न लाना। साथ अपने बच्चों को उससे दूर रखना यही उनकी सबसे बड़ी भूल है। यदि बच्चों में शिक्षा की अलख जगेगी तो वह पढ़ लिख कर आगे बढ़ते हुए अपने जीवन की एक नई इतिहास लिखेंगे। साथ ही बसडीहा केरपा गांव के संस्कार केंद्र निःशुल्क पाठशाला स्थित आयोजित कार्यक्रम में जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मिथिलेश कुमार ने बच्चों के बीच फल वितरण किया। जबकि शिक्षण केंद्र के संचालक सत्येंद्र राम ने बताया कि महादलित टोला के बच्चें जो स्कूल जाते हुए भी उनकी शिक्षा व्यवस्था अच्छी नहीं है। जिसको लेकर वह गांव स्थित पंचायत भवन में ही सभी बच्चों को प्रतिदिन सुबह 2 घंटे स्वयं उन्हें पढ़ा रहें हैं। ताकि शिक्षा से बच्चों में संस्कार, अनुशासन, स्वच्छता व दैनिक दिनचर्या में विशेष बदलाव हो सके।

### युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब गोड़ारी ने बरना करूप के जंगलों में चलाया स्वच्छता अभियान



**काराकाट।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र के अमरथा पंचायत अंतर्गत बरना करूप के जंगलों में सफाई अभियान चलाया गया। वहां के राहगीर और गांव के ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वन्य क्षेत्र में प्लास्टिक का उपयोग न करें व यहां कचरा न फैलाए । इनसे उनके पालतु पशु व वन्यजीव बीमार हो रहे हैं । नेहरु युवा केन्द्र सासाराम व चेंजलूम के सहयोग से ग्रामीण व राहगीरों के बीच कपड़े का थैला बांटा गया और उनसे आग्रह किया गया कि वे वन्य क्षेत्र व इनके आस पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें । साथ ही विशेष कर राहगीरों से अनुरोध किया गया कि वन्य क्षेत्र में तेज हॉर्न न बजाए । मौके पर बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान के जिला समन्वयक व चेंजलूम के युवा नेता सह युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब के अध्यक्ष शिवम कुमार,नेहरु युवा केंद्र के पूर्व स्वयंसेवक तिलेश कुमार व अन्य सदस्य अभिषेक कुमार, राहुल कुमार, आकाश कुमार, सोनू कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे ।

### रोहतास जिले के राहुल का नेशनल प्रीमियर क्रिकेट लीग के लिए चयन, गांव में खुशी



**काराकाट।** आकाश दीप के बाद रोहतास जिले का एक और बेटा राहुल क्रिकेट की दुनिया में उभरता सितारा बनने की ओर अग्रसर है। दिल्ली में मार्च 2025 में होने वाली नेशनल प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच के लिए रोहतास के राहुल का चयन चेन्नई के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि राहुल संझौली प्रखंड का है और रांची में रहता है। इंटर क्लास का छात्र राहुल आईपीएल की तर्ज पर होने वाले वाईएससीएल यंग स्टार्स क्रिकेट लीग में अपना जलवा बिखेरेगा। राहुल का नेशनल प्रीमियर लीग में चयन होने के बाद गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

### बिजली उपभोक्ता अब आसान किस्तों में बकाया राशि कर सकेंगे जमा: सहायक विद्युत अभियंता

**बिक्रमगंज।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन का कार्य मिशन मोड में कराया जा रहा है तथा यह कार्य माननीय मुख्यमंत्री की एक महत्वाकांक्षी योजना है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि विद्युत कम्पनियों द्वारा विद्युत विच्छेद की अवधि 10 बजे से 2 बजे दिन के बीच केवल कार्य दिवस को ही की जाती है। जब पैसा लगभग समाप्त होने लगता है एवं समाप्त हो जाता है उससे सम्बंधीत सूचना उपभोक्ता के निबंधित मोबाईल पर लगातार दी जाती है एवं बैलेंस निगेटिव हो जाने पर भी दो दिनों तक बिजली नहीं कटती है। बकाये राशि से अधिक के भुगतान के उपरांत सामान्यतः 5 से 10 मिनट के बीच बिजली बहाल हो जाती है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए मीटर में ही पुश बटन का प्रावधान किया गया है एवं उपभोक्ताओं के लिए जहाँ नेटवर्क की समस्या अधिक पायी गयी है वहाँ यह दूसरे विकल्प के रूप में उनके मीटर में ही उपलब्ध करा दिया गया है। बता दें स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के पश्चात पूर्व के बकाए राशि को आसान दैनिक किस्तों में जमा करने की सुविधा दी गयी है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के उपरांत 6 महीने की अवधि तक स्वीकृत भार से अधिक दर्ज होने पर पेनाल्टी नहीं लिया जाएगा। इस अवधि में उपभोक्ता अपनी खपत के अनुसार अपना लोड बढ़ा सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर अधिष्ठापन करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है जिसका अध्ययन करने हेतु कुछ राज्यों यथा महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश उत्तर प्रदेश आदि की उच्च स्तरीय तकनीकी दल ने प्रदेश का दौरा किया था। राज्य की वितरण कम्पनियों द्वारा लोगों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ-साथ पुराने मीटर व चेक मीटर को लगाकर कुछ दिनों तक रखते हुए उनके मीटर तेज गति से चलने की संशय को दूर किया जा रहा है। विद्युत कम्पनियों द्वारा इस समस्या से निदान हेतु व्यापक स्तर पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कार्य प्रणाली एवं इससे होने वाले फायदे के बारे में लोगों को सही जानकारी पहुंचाने हेतु प्रचार-प्रसार का सहारा ले रहें हैं तथा जगह जगह पर सप्ताह में दो दिन यथा मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# नासरीगंज में ट्रक से भारी मात्रा में शराब जब्त, दो तस्कर धराए




केटी न्यूज/नासरीगंज

दशहरा पूजा से पूर्व ही नासरीगंज पुलिस को शराब तस्करों के विरुद्ध मिली बड़ी कामयाबी। जहां थाना क्षेत्र के मौना गांव के मुख्य सड़क से स्थानीय पुलिस ने एक ट्रक से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर और ट्रक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शुक्रवार मध्य रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि मौना सड़क पर एक ट्रक खड़ा है। जिसमें शराब लदी है। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां ट्रक से कुछ पहले स्कॉर्पियो लगा के खड़े एक व्यक्ति को देखा गया। जो पुलिस को देख भागने लगा। जिसे पकड़ कर पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वह शराब की खेप का लाइनर है। जिसकी निशानदेही पर ट्रक बरामद किया गया। इसमें भारी मात्रा में रखा शराब बरामद किया गया। जब्त ट्रक का नंबर यूपी 64 एच 7807 है। जब्त स्कॉर्पियो का नंबर बीआर 02 पीए 3538 है। ट्रक से तीन पेटी बियर और विंडीज लाइन नामक फ्रूटीनुमा पैकेट 19 पेटी जब्त किया गया है। यूपी के मउ निवासी अरुण यादव और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमरा तालाब सासाराम निवासी लाइनर सह तस्कर राजू पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में पीएसआई राहुल कुमार, एसआई सुनिल कुमार, विनोद कुमार, पीटीसी अश्वनी कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### चित्रगुप्त मंदिर परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनेगी चित्रगुप्त पूजा

जहानाबाद। श्री चित्रगुप्त सेवा संघ के द्वारा गांधी मैदान स्थित संघ के उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव के कार्यालय में बैठक आयोजित किया गया। जिसमे निर्णय लिया गया कि स्थानीय ठाकुरवाड़ी स्थित मंदिर में 03 नवंबर को चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा धूम-धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यमद्वितीया को श्री चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बड़े धूमधाम से चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना की जाएगी। कायस्थ समाज के लोग वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलम, दवात का पूजन करेंगे। संगम घाट ठाकुरवाड़ी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थ समाज भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा-अर्चना करके मनोवांछित फल की कामना करेंगे, उक्त बैठक रविवार को श्री चित्रगुप्त सेवा संघ जहानाबाद के द्वारा आम -बैठक में संघ के अध्यक्ष शशिकांत के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे सर्व -सम्मति से निर्णय लिया गया । बताते चले कि संघ के द्वारा चित्रगुप्त वार्षिक पूजन के बाद चित्रांश मिलन समारोह का भी आयोजन धूम-धाम से किया जाएगा।

# छात्रों से अवैध राशि वसूली पर प्राचार्य से मांगा स्पष्टीकरण



केटी न्यूज/करगहर

रोहतास जिला के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अकोढ़ी में रजिस्ट्रेशन में छात्र-छात्राओं से अधिक पैसा लेने के मामले में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा ने प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार से स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता-सह-नोडल पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को भेजें गए पत्र में कहा है कि निरीक्षण, रोहतास के ज्ञापांक-79 तिथि 24 सितंबर को प्राप्त जांच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास के निदेशानुसार 21 सितंबर को 12:30 बजे अपराह्न में आपके विद्यालय का जांच किया गया। इसमें पाया गया कि आपके द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना, द्वारा निर्धारित शुल्क से रजिस्ट्रेशन में छात्र-छात्राओं से अधिक राशि की वसूली की जा रही है। जिसकी पुष्टि विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षिका द्वारा की गयी है। यह भ्रष्टाचार का द्योतक है। ऐसा खेल वर्षों से विद्यालय में चलता आ रहता है। सरकारी विद्यालयों में अधिकत्तर गरीब, वंचित वर्ग के छात्र-छात्रा पढ़ते है। जिनसे अधिक राशि की मांग करना उनके अभिभावकों को शोषण करना है। इसलिए आपको निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त आरोपों के संबंध में पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण दें।

## जिला युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजन की जिला प्रशासन ने पूरी की तैयारी

# स्क्रीनिंग में 90 प्रतिभागियों ने साबित की प्रतिभा

केटी न्यूज/भभुआ

गीत, नृत्य, वादन-गायन में प्रतिभागी दिखाएंगे जौहर

इस वर्ष समूह गायन लोकगीत, समूह लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य, एकांकी नाटक, शास्त्रीय वाद्य वादन, हारमोनियम वादन सुगम, चित्रकला मूर्ति कला, वक्तृता फोटोग्राफी, हस्तशिल्प, कविता लेखन, कहानी लेखन आदि विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने भेजा जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

जिला युवा महोत्सव हेतु स्क्रीनिंग का आयोजन रविवार को लिच्छवी भवन में किया गया। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी डा. संजीव कुमार सज्जन ने बताया कि रविवार को लिच्छवी भवन में आयोजित स्क्रीनिंग में लगभग 90 प्रतिभागी शामिल हुए। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों का बारी-बारी से उनके द्वारा किए गए प्रदर्शन का परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कला एवं संस्कृति विभाग की यह नवाचारी पहल ग्रामीण क्षेत्रों तथा सुदूर जिलों के भी बहुमुखी प्रतिभा को उचित अवसर दिए जाने का एक माध्यम है। इससे स्थानीय स्तर पर टैलेंट के खोज और उन्हें प्रोत्साहन दिए जाने से कला के क्षेत्र में भविष्य में बेहतर कलाकार बनाए जा सकेंगे। परीक्षण के दौरान बीपीएससी से नव चयनित कई शिक्षकों का भी प्रदर्शन बेहतरीन रहा।

उन्होंने बताया कि जिला युवा महोत्सव में शामिल होने के लिए सभी कलाकार निर्धारित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 28 सितंबर 2024 तक जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय कैमूर में हार्ड कॉपी अथवा ईमेल से जमा करने हेतु निर्धारित किया गया था,जिसकी स्क्रीनिंग 29 सितम्बर रविवार को ही लिच्छवी भवन में की गई। संक्षिप्त किए गए सभी कलाकारों को अंतिम एवं फाइनल प्रदर्शन के लिए 30 सितंबर को 11 बजे दिन में लिच्छवी भवन में बुलाया गया है। आयोजन में 15 से 29 वर्ष के युवा को भाग लेने का प्रावधान हैं। जिला पदाधिकारी के द्वारा आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कला एंव संस्कृति पदाधिकारी को विशेष निर्देश दिए गए थे। जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के युवाओं से इस आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लेने के अपील किया है।

### बच्चों ने मानव श्रृंखला बना स्वच्छता का दिया संदेश

**संझौली।** स्वच्छता को लेकर मानव श्रखंला बना विद्यालय के बच्चों ने लिया शपथ। प्रखंड क्षेत्र के उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय छुलकार में शनिवार की स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। बिद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को सफाई के महत्व के बारे में बताया। अवसर पर सभी शिक्षक व छात्रों को स्वच्छता की शपथ ली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजू कुमार ने विद्यालय के बच्चों को विद्यालय परिसर को कैसे स्वच्छ बनाना व रखना है, इसकी जानकारी दी। वहीं बच्चों को अपने घरों व आसपास की जगह को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करने की बातें कही गई।

# युवाओं में बढ़ रहा हृदय रोग का खतरा, रखें ध्यानः डॉ संजय सिंह

- हृदय रोग के प्रति लोगो को जागरूक होने की आवश्यकता : डॉक्टर नागेंद्र देशपांडे



**केटी न्यूज/मऊ**

जीवन रक्षा के लिए हृदय की सुरक्षा आवश्यक है। बढ़ती उम्र के साथ दिनचर्या एवं खानपान में असंतुलन होने की दशा में हृदय रोग का प्रभाव तेजी से बढ़ता है। इस समय युवाओं में इस रोग का खतरा बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है।अनियमित दिनचर्या, देर रात तक मोबाइल फोन का उपयोग, फास्ट फूड के सेवन सहित कई तरह के तनाव हृदय रोग के महत्वपूर्ण कारक हैं।नियमित व्यायाम, संतुलित आहार व नियमित दिनचर्या इस रोग से बचाव में महत्वपूर्ण है। शारदानारायण हॉस्पिटल मऊ के डायरेक्टर एवम जाने माने फिजिशियन डॉ संजय सिंह ने यह उदगार विश्व हृदय दिवस पर रविवार को व्यक्त किया। शारदा नारायण हास्पिटल मऊ द्वारा आयोजित जन-जागरुकता रैली व निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम में डॉक्टर संजय सिंह अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

मुंबई के प्रसिद्व चिकित्सक डॉ नागेंद्र देशपांडे ने कहा कि हृदय रोग के प्रति लोगों को जागरुक होने की आवश्यकता है। विश्व में यह तेजी से फैलता जा रहा है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह*ने बताया कि योग-व्यायाम के साथ ही इस दिशा में सबको जागरुक करना अति आवश्यक है। जाने माने आर्थो सर्जन डॉक्टर राहुल कुमार ने कहा की हृदय रोग से बचने के लिए हड्डियों से जुड़ी समस्याओं का भी ध्यान रखना जरूरी है। डॉक्टर राहुल कुमार ने हृदय रोग से हड्डियों में होने वाली परेशानियों पर प्रकाश डाला।

गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में रविवार को शारदा नारायण हास्पिटल से फातिमा चौराहा होते गाजीपुर तिराहा तक जन जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान शारदा नारायण नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कालेज पहसा, गड़वा के विद्यार्थियों ने सक्रिय प्रतिभाग किया। हास्पिटल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 113 लोगों की शुगर, लिपिड प्रोफाइल, बीपी, एचबी व सांस की जांच कर उन्हें दवाओं का वितरण किया गया।

## एक नजर

### मोदी के मन की बात की 114वीं कड़ी को बूथ समिति के कार्यकर्ताओं ने सुना



**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 114वीं कड़ी को जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सदर विधानसभा के बूथ संख्या 212 राजकीय सिटी इंटर कालेज के चन्द्रशेखर नगर कालोनी रौजा पर बूथ समिति के कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश की सभ्यता, संस्कृति और विरासतों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यक्रम लोगो के जीवन मे उर्जा तथा प्रेरणा का स्रोत है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आपदा काल मे भी अनुसंधान तथा कृषि, स्वास्थ,स्वच्छता, कला, संस्कृति, पर्यावरण के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दिया गया जन संदेश लोगों की भावनाओं मे आत्मियता के साथ स्थापित है जो देश के विकास एवं राष्ट्र गौरव की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। पूर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह विधानसभा जखनिया, मंडल मनिहारी प्रथम के बूथ संख्या 378 छिड़ी पर बूथ अध्यक्ष तथा बूथ समिति के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात को सुना। पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय बूथ संख्या 285 राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के आवास विकास कालोनी रौजा पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

### सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत राष्ट्रीय पोषण कार्यशाला का किया गया आयोजन



**मऊ।** सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज विकासखंड घोसी में ब्लॉक स्तरीय पोषण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि रविंद्र उपाध्यक्ष भाजपा मंडल अध्यक्ष घोसी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह की आयु पूरे कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। इस दौरान स्वस्थ बच्चों को बालक- बालिका स्पर्धा हेतु पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यशाला में पोषण आधारित स्टॉल लगाया गया था, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इसके अलावा सावित्री आर्या, राजकुमारी, नीलम यादव मुख्य संविदा एवं पनमती, शकुंतला, मीरा, सरिता, राधा, अंजुम आरा, लक्ष्मी, भारती, कुंती, अर्चना, उषा, पुष्पा एवं प्रतिमा सिंह आदि आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने पोषण स्टॉल लगाते हुए कार्यशाला में प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी घोसी, खंड शिक्षा अधिकारी घोसी, एपीओ मनरेगा, सीडीपीओ राधेश्याम पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### कोपागंज कसारा जर्जर सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**मऊ।** जनपद के कोपागंज कसारा मार्ग की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क दिनों दिन जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो रही है। सड़क में बड़े बड़े गढ्ढे के रूप अख्तियार कर लिया है। सड़क पर एक कदम चलना मुश्किल हो गया है । आरोप लगाया कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के लापरवाही और उदासीन रवैया उनके लिए मुसीबत खड़ा कर दिया है । कहा कि कोपागंज बाजार जाने के लिए मात्र तीन किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है। लेकिन सड़क की हालत इतनी खराब है कि बाजार जाने के लिए लगता है बीस किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है। उपर से बारिश का पानी सड़क के गड्ढों में भर जाने से स्थिति और खराब हो गई है। आरोप लगाया कि प्रशासन शासन को सड़क की खराब हालत और ग्रामीणों की होने वाली दुश्वारियों को लेकर अनेकों बार शासन प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया । लेकिन सभी चुप्पी साधे हुए हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान अभिषेक कुमार ,मानिक चंद, किन्नू प्रसाद सिंह ,जितेंद्र शर्मा ,अरुण सिंह ,सुभाष सिंह ,कौशल सिंह ,अशीष सिंह ,उजज्वाल सिंह ,डॉक्टर श्रीनिवास सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन घायल

**बलिया।** चौकिया-नगरा मार्ग पर रविवार को फरसाटार ग्राम के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सामने से आ रही ई-रिक्शा से टकरा गई। बाइक और ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने की हुई भीषण टक्कर में एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर स्थिति के देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार नगरा थाना क्षेत्र के चांदपुर निवासी विवेक राजभर (18) अपने मित्र अमित (15) के साथ बाइक से नगरा की ओर जा रहा था। इस बीच फरसाटार के पास नगरा की ओर से आ रही ई-रिक्शा से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई।

## खबरें फटाफट

### सन्दिग्ध स्थिति में मिला अधेड़ का शव, सनसनी

**बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के अवायां ग्राम स्थित मंदिर के पास शनिवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बृजभार (50) निवासी ग्राम भुवारी के रूप में हुई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि भुवारी ग्राम निवासी बृजभार नगर में मोची का कार्य करता था। शनिवार की शाम वह अपने पुत्र जितेंद्र के साथ बाइक पर सवार हो घर को चल दिया। इस दौरान बाइक पर एक अन्य युवक भी बैठा हुआ था। अवायां ग्राम स्थित मंदिर के पास जितेंद्र ने पिता बृजभार व युवक को बाइक से उतार कहीं चल दिया। कुछ देर के बाद बृजभार के घर नहीं पहुंचने की जानकारी मिलने पर जितेंद्र उसे खोजने चल दिया। पिता को खोजते हुए जितेंद्र अवायां मंदिर के पास पहुंचा तो देखा कि पिता सिर के बल नहर में गिरे हुए हैं। जितेंद्र ने परिजनों की मदद से बृजभार को सीएचसी सीयर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### नकली चायपत्ती के 144 पैकेट बरामद

**बलिया।** सहतवार पुलिस व टाटा-टी कंपनी के जांच अधिकारी ने कस्बे की चार दुकानों से टाटा-टी प्रीमियम के नाम से बेची जा रही नकली चायपत्ती के 144 पैकेट बरामद किये हैं। मामले में जांच अधिकारी रिशु मिश्रा की तहरीर पर चार दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। रिशु मिश्र ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सहतवार में टाटा-टी के नकली चायपत्ती बेची जा रही है। पुलिस के सहयोग से चांदपुर-सहतवार मार्ग पर भुवाल प्रसाद की दुकान में जांच के दौरान 250 ग्राम की 32 पैकेट नकली चायपत्ती बरामद हुई। दुकानदार सुरेंद्र गुप्ता की दुकान से 40, कृष्णा प्रसाद की दुकान से 40 पैकेट व सोनू गुप्ता की दुकान से 32 पैकेट नकली टाटा-टी प्रीमियम चायपत्ती के पैकेट बरामद हुए। चारों दुकानदार उन पैकेट का बिल नहीं दिखा सकें। प्रभारी निरीक्षक दिनेश पाठक ने बताया कि चारों दुकानदारों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## जौनपुर से असलहा व कारतूस लेकर ट्रेन से बिहार ले जाकर करते थे सप्लाई

# 825 जिंदा कारतूस और असलहा संग दो शस्त्र तश्कर बलिया स्टेशन से गिरफ्तार

- बलिया जीआरपी ने स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो से किया गिरफ्तार
- जौनपुर का शुभम सिंह है अवैध शस्त्रों एवं कारतूसों का डीलर



**केटी न्यूज/बलिया**

शनिवार को मॉडल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2/3 के पूर्वी छोर पर लगे बलिया साइन बोर्ड के आगे टीन शेड के नीचे बने सीमेन्ट की ब्रेन्च के पास से जीआरपी ने दो अभियुक्तों को अवैध असलहा व कारतूस संग गिरफ्तार कर संबंधीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम व पता क्रमशः रंजीत कुमार पुत्र गुरू प्रसाद निवासी लालापुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर व राशिद उर्फ लल्लन पुत्र शौकत शाह निवासी सुईथाकला थाना सरपतहा जनपद जौनपुर बताया। इनके पास से पुलिस ने 425 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर, 400 अवैध जिन्दा कारतूस 32 बोर, दो अवैध देशी तमंचा 315 बोर बरामद किया।

जीआरपी सीओ ने बताया कि वांछित अभियुक्त शुभम सिंह पुत्र स्व अखिलेश सिंह निवासी जुड़ापुर थाना सरपतहा, जनपद जौनपुर अवैध शस्त्रों एवं कारतूसों का डीलर है। यह अभियुक्त रंजीत कुमार पुत्र गुरू प्रसाद निवासी लालापुर थाना सरपतहा,जनपद जौनपुर व राशिद उर्फ लल्लन पुत्र शौकत शाह निवासी सुईथाकला थाना सरपतहा, जनपद जौनपुर को असलहा व कारतूस देता था।

जिन्हें वे ट्रेनों के माध्यम से बिहार प्रान्त ले जा करके शुभम सिंह द्वारा बताये गये व्यक्ति को छपरा रेलवे स्टेशन के बाहर दे देते थे। ये लोग साहगंज जौनपुर से बलिया के रास्ते ट्रेन से छपरा जाते थे। इनके द्वारा जनपद जौनपुर में भी शुभम सिंह द्वारा दिये गये कारतूसों की सप्लाई स्थानीय स्तर पर की गयी है।

वांछित अभियुक्त शुभम सिंह पुत्र स्व अखिलेश सिंह निवासी जुड़ापुर, थाना सरपतहा, जनपद जौनपुर के विरुद्ध थाना मोतिगरपुर, सुल्तानपुर, थाना बदलापुर, सुल्तानपुर, थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर, थाना सचेण्डी, कानपुर, पटपड़गंज, दिल्ली में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। बरामदगी व गिरफ्तार करने वाले टीम में जीआरपी थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र, उनि अमलेश कुमार यादव, हेका सतीश कुमार उपाध्याय, का इम्तियाज अली, हेका माधवेश राय, हेका अरविन्द यादव, का धर्मेन्द्र यादव, का कैलाश यादव, का अवधेश कुमार पटेल आदि रहे।

## चिकित्सक से 10 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में दो गिरफ्तार



- उनके पास से दो तमंचा ,दो जिंदा कारतूस एक मोबाइल और एक बाइक बरामद

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद के मुहमदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहां निवासी एक चिकित्सक से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि डॉ. अनुराग सिंह, जो करहां बाजार में एक अस्पताल संचालित करते हैं, ने रंगदारी मांगने की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि बदमाश पंकज बादशाह ने फोन पर उनसे रंगदारी मांगी है पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

### दोनो बदमाशो की जमुई अंडरपास से गिरफ्तारी

शनिवार को कोतवाली पुलिस ने जमुई अंडरपास से दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम पंकज कुमार सिंह (आजमगढ़) और प्रिंस सिंह (आजमगढ़) हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से दो नाजायज तमंचे, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल (जिससे रंगदारी मांगी गई थी) और एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरजीत सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, सत्य प्रकाश, अजय यादव, निर्भय सिंह, संजय यादव, बृजेश सिंह, चंद्रजीत मौर्य, और राजेश पटेल शामिल रहे।

## डीएम ने पत्नी संग ट्रांसजेंडर समूह के लोगों सहित अन्य को दिलाई स्वच्छता की शपथ

- स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत ट्रांसजेंडरों ने किया श्रमदान



**केटी न्यूज/मऊ**

जिला गंगा समिति, सामाजिक वानिकी विभाग एवं नगर पालिका परिषद मऊ के सहयोग से तमसा नदी के तट पर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत ट्रांसजेंडर समूह के लोगों द्वारा सफाई कार्य, जन जागरूकता एवं गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने उपस्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों सहित अन्य लोगों को विपरीत मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित होने के प्रति आभार जताया तथा ट्रांसजेंडर समूह के लोगों द्वारा चुनाव में जागरूकता अभियान, योग दिवस सहित जिला प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों में सहयोग कर लोगों को प्रेरित करने हेतु धन्यवाद भी दिया।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से स्वच्छता अभियान से जुड़ने तथा अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने हेतु विशेष प्रयास करने की अपील की,जिससे जनपद को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखा जा सके तथा गंदगी से फैलने वाली बीमारियों से जनपद वासियों को बचाया भी जा सके। उन्होंने तमसा नदी के तट पर शपथ लेते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के साथ ही इसमें सहभागी बनने हेतु समस्त जनपद वासियों से अपील की। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नूपुर अग्रवाल ने भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संपूर्ण भारत में 2014 से प्रारंभ स्वच्छता अभियानों की प्रशंसा करते हुए जनपद को इस अभियान में सफलता दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पिछले स्वच्छता अभियानों में जनपद ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बार भी हम उम्मीद करते हैं कि सभी लोगों के प्रयास से पूरे प्रदेश में जनपद मऊ प्रथम स्थान पर आएगा। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता गुंजा ने भी जिलाधिकारी के प्रयासों से ट्रांसजेंडर समूह के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने एवं विभिन्न कार्यक्रमों में आमंत्रित करने हेतु उन्हें धन्यवाद दिया।इसके अलावा ट्रांसजेंडर खुशबू एवं पूजा ने भी लोगों से स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने हेतु जिलाधिकारी का कोटि-कोटि धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने ट्रांसजेंडर खुशबू एवं रफीक को पहचान प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अपनी पत्नी श्रीमती प्रीति मिश्रा के साथ उपस्थित ट्रांसजेंडर समूह के लोगों, नगर पालिका के कर्मचारी, स्थानीय नागरिकों एवं वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की सेवा की शपथ भी दिलाई और सभी से अपील भी कि हमें भारत के हर क्षेत्र को साफ सुथरा बनाना है, जिसमें नदियों के तट और आसपास के क्षेत्र भी शामिल हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में ही तमसा नदी के तट एवं आसपास के स्थलों पर ट्रांसजेंडर समूह के सदस्यों के साथ ही नगर पालिका परिषद एवं सामाजिक वानिकी विभाग के कर्मचारियों द्वारा सफाई कार्य भी किए गए। इस दौरान जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नूपुर अग्रवाल एवं ट्रांसजेंडर समूह के लोगों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## मऊ के सभी ब्लाकों पर आरबीएसके की टीम ने गृह भ्रमण कर बच्चों का किया था स्क्रीनिंग

# कटे होठ व तालु वाले 1 5 बच्चों का होगा ऑपरेशन



**केटी न्यूज/मऊ**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राहुल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं सावित्री अस्पताल गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में पोषण माह के अंर्तगत, जिला चिकित्सालय पुरुष में जन्मजात दोष की विकृति को दूर करने के लिए कटे होठ एवं कटे तालु के बच्चों उम्र 0 से 19 वर्ष तक के शिशुओं, बच्चों तथा किशोरों का स्क्रीनिंग पश्चात 15 चिन्हित हुए उनका पंजीकरण कर लिया गया है अब उन्हें क्रमवार निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा जायेगा।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा बीके यादव ने बताया कि जिले के सभी ब्लाकों पर आरबीएसके की टीम द्वारा गृह भ्रमण कर कटे फटे होठ तालु वाले के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है, तत्पश्चात उन्हें शिविर के माध्यम से पंजीकरण कर निशुल्क उपचार के लिए क्रमवार भेजा जाता है, इसी क्रम में शनिवार को स्क्रीनिंग के पश्चात 2 बच्चों को इलाज के लिए गोरखपुर भेजा गया।

डा बीके यादव ने बताया कि ऑपरेशन जितना जल्दी निर्धारित कम उम्र में होगा उतना ही जल्दी बच्चा स्वस्थ एवम सुंदर दिखने लगेगा। इस विकृति से पीड़ित बच्चा जो हीन भावना से ग्रस्त है, या हो सकता है, वह उससे भी बच जायेगा। डीईआइसी मैनेजर अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम तहत 28 सितंबर को कटे होठ एवम कटे फटे तालु के लिए लगे शिविर में 15 बच्चों एवम किशोरों पंजीकरण किया गया। इनमें से 2 बच्चों को सरकारी खर्चे पर ऑपरेशन के लिए शनिवार को ही सावित्री हॉस्पिटल गोरखपुर निःशुल्क एंबुलेंस से भेज दिया गया।

सावित्री हॉस्पिटल गोरखपुर के कार्यक्रम समन्वयक डा हसन फरीद ने बताया कि जन्म से 19 वर्ष के उम्र का भी कोई स्वस्थ्य बच्चा या युवा जिसका कटे होठ या कटे तालु हैं, वो बाद में कभी भी वर्ष भर आरबीएसके कार्यक्रम के माध्यम से सीधे सावित्री हॉस्पिटल गोरखपुर में जो स्माइल ट्रेन संस्था से संबद्ध है, यहां आकर निःशुल्क उपचार का लाभ ले सकते है।

शिविर में डीपीएम एनएचएम रविन्द्र नाथ, डीसीपीएम संतोष सिंह, हेल्प डेस्क मैनेजर राम प्रवेश, पीएसआई इंडिया से केवल सिंह सिसोदिया, अर्बन से बबलू, डीपीएमयू से अमित, आरबीएसके टीमों के चिकित्सक एवम सावित्री हॉस्पिटल के चिकित्सक एवम कर्मी इत्यादि उपस्थित रहे।

## गाजीपुर में समाजवादी पार्टी की पीडीए भागीदारी संगोष्ठी संपन्न

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



स्थानीय ब्लाक के भड़सर ग्रामसभा में डा0 विनोद राजभर की अगुवाई में पीडीए संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री डा. रमाशंकर राजभर व विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव रहे।

मुख्य अतिथि द्वय ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी बिरादरी के लोग हमारे महापुरुषों की बातों को नहीं माना इस लिए हम लोग पीछे हो गए। सारी जातियों में बड़े बड़े पदों पर लोग विराजमान हैं।क्योंकि वे अपने महापुरुषों के बताए रास्तों पर चलना सिखा शिक्षा ग्रहण किया. और उसका लाभ उठाए। उन्होंने पीडीए का अर्थ बताया पिछड़ा. दलित. अल्पसंख्यक. जिसकी आबादी 15 प्रतिशत है. वे पढ़ लिखकर 78 प्रतिशत पर कायम हैं। वहीं पिछड़ों की आबादी 52 प्रतिशत है. लेकिन आरक्षण मिला 27 प्रतिशत है। हमारी गलती से सामान्य लोगों ने 85 प्रतिशत का लाभ लिया और हम आपस में लड़ते रहे। 78 प्रतिशत शिक्षा सामान्य के पास. और 22 प्रतिशत शिक्षा बाकी समाज के पास। तो कहां और लोग नौकरी ले पाएंगे। उन्होंने अपने समाज में भात. माड़. बेटी रोटी.और हक के लिए फोकस किया। उन्होंने यह भी कहा कि यादव बिरादरी से सीख लीजिए. यादव के घर कोई कार परोज में. वे सादा खाना बनवाते हैं। लेकिन वहीं हमारा समाज तिलक व शादी में बिना मुर्गा. शराब का काम नहीं चलेगा।

### 50 फीसदी से अधिक हुई कारोबार में बढ़ोतरी, एग्जीबिटर्स और विजिटर्स ने योगी सरकार की पहल को बताया खास

# उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो से मिला होटल इंडस्ट्री को बूम

- योगी सरकार के साथ ही ग्रेटर नोएडा की होटल इंडस्ट्री ने भी की इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारी
- बड़ी संख्या में ट्रेड शो में शामिल होने आए विजिटर्स ने होटल्स में कराई बुकिंग, सारे बड़े होटल्स हुए फुल
- मेगा इवेंट के चलते ग्रेटर नोएडा ही नहीं, बल्कि नोएडा और दिल्ली के होटल्स को भी मिला लाभ



**केटी न्यूज/ग्रेटर नोएडा**

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो से न केवल एक्जिबिटर्स के कारोबार को बूम मिला, बल्कि ग्रेटर नोएडा की होटल इंडस्ट्री को भी जबरदस्त बूम मिला। होटल इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों ने बताया कि पांच दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो से इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास के होटलों के कारोबार में 50 फीसदी से अधिक बढ़ोतरी हुई। एक्जिबिटर्स ने तो प्रदेश की योगी सरकार की ट्रेड शो जैसी पहल की सराहना की ही, बल्कि होटल इंडस्ट्री के लोग भी प्रदेश सरकार की इस पहल की जमकर सराहना कर रहे हैं।

बड़ी संख्या में इंटरनेशनल ट्रेड शो का हिस्सा बनने पहुंचे एग्जीबिटर्स और विजिटर्स ने ग्रेटर नोएडा स्थित होटल्स में बुकिंग कर रखी है। इसके चलते लगभग सभी बड़े होटल्स पूरी तरह फुल हो गए है। इसलिए यहां आने वाले कई देश और विदेश के कई आगंतुकों को ग्रेटर नोएडा के अलावा नोएडा और दिल्ली में होटल्स की बुकिंग करनी पड़ी है।

इंडिया एक्सपो मार्ट जनपद गौतमबुद्ध नगर का प्राइम लोकेशन है। यहां तरह-तरह के बड़े आयोजन होते रहते हैं। उसी क्रम में प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आयोजित किए गए पांच दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन 25 सितंबर से शुरू हुआ था, जिसका समापन रविवार यानी 29 सितंबर को हुआ। ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश सरकार के कई अन्य मंत्री भी आए थे।

जिस तरह सरकार ने इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफलतम आयोजन के लिए व्यापक तैयारी की थी, वहीं ग्रेटर नोएडा होटल इंडस्ट्री ने भी इसको लेकर काफी तैयारी की थी। ट्रेड शो इंटरनेशनल लेवल का आयोजन होता है और यहां प्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों से भी एक्जिबिटर्स आते हैं और लाखों की संख्या में बायर्स आते हैं, जिनमें देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेशों के भी बायर्स शामिल होते हैं। इसीलिए इंडिया एक्सपो मार्ट के आसपास सहित पूरे ग्रेटर नोएडा के होटलों में भीड़ रहती है। वहीं नोएडा और राजधानी दिल्ली के होटलों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा भीड़ देखने को मिलती है। लिहाजा ट्रेड शो के आयोजन से एक्जिबिटर्स के साथ ही होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में भी कारोबार बढ़ाने को लेकर खास रुचि देखी गई और उनका उम्मीद से ज्यादा कारोबार हुआ, इसीलिए होटल इंडस्ट्री के लोगों ने भी प्रदेश की योगी सरकार की इस पहल की जमकर सराहना की।

होटल इंडस्ट्री से जुड़े संजय प्रकाश ने बताया कि इस ट्रेड शो ने हमारी उम्मीदों से कहीं अच्छा नतीजा दिया है। इस दौरान होटलों को बहुत अच्छी बुकिंग मिली और रेस्तरां में भी ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा, इसके लिए प्रदेश सरकार की योगी सरकार की जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने कहा, प्रदेश की सरकार द्वारा कारोबार को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदम सराहनीय हैं, जिससे यहां लगातार निवेश बढ़ रहा है। होटल इंडस्ट्री से जुड़ी नीता शर्मा ने कहा, हमने इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्पेशल पैकेज तैयार किए थे, जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दी गईं। उन्होंने कहा, आज योगी जी के नेतृत्व में जिस तरह प्रदेश की कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, उससे लोग निवेश के लिए यहां आ रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले ट्रेड शो की वजह से भी उनका कारोबार बढ़ा और इस बार उससे से ज्यादा कारोबार हुआ।

## धर्म, लोक और राष्ट्र कल्याण को समर्पित था भाईजी का जीवन : सीएम योगी आदित्यनाथ

- नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन होगी भाईजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : सीएम योगी
- कल्याण पत्रिका को सदगृहस्थ जीवन की मार्गदर्शिका बनाया भाईजी ने

**केटी न्यूज/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध धार्मिक-आध्यात्मिक पत्रिका कल्याण के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार भाईजी का पूरा जीवन धर्म, लोक और राष्ट्र कल्याण को समर्पित था। अपने समय में उन्होंने जीवन के प्रत्येक पक्ष में समाज का मार्गदर्शन किया। आज हम अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर भाईजी को सच्ची श्रद्धांजलि दी सकते हैं। सीएम योगी रविवार सायंकाल गीता वाटिका में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक पत्रिका कल्याण के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार भाईजी की 132वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धार्चन सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक जगत का कैसा कोई कार्य गत सदी में नहीं है जिसमें कम से कम 70 वर्ष के कालखंड में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भाईजी की सहभागिता न रही हो।



**भाईजी की साधना में था धर्म, देश और लोक कल्याण का भाव : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साधना का एक पक्ष होता है। जिस भाव से हम साधना करेंगे परिणाम भी उसी के अनुरूप आएगा। भाईजी की साधना में धर्म, लोक और राष्ट्र कल्याण का भाव था। उन्होंने आजादी के आंदोलन में भी भाग लिया। इसके लिए ब्रिटिश हुकूमत ने उन्हें यातना दी, प्रताड़ित किया कल्याण पत्रिका को जब्त भी किया। इसके बावजूद स्वाधीनता आंदोलन के दौर में ऐसा कोई प्रबुद्ध नेता या प्रबुद्ध क्रांतिकारी नहीं था जो भाई जी के संपर्क में न रहा हो। उन्होंने साहित्य साधना से आजादी के आंदोलन को आगे बढ़ाया।

गोरखपुर को उन्होंने अपनी साहित्यिक साधन का केंद्र बनाया। 1927 में धार्मिक-आध्यात्मिक पत्रिका कल्याण का गोरखपुर से प्रकाशन शुरू करने वाले इसके आदि संपादक भाईजी ने कल्याण को न केवल हर सनातनी के घर पहुंचाया बल्कि इसे सदगृहस्थ जीवन के लिए मार्गदर्शिका बनाया। देश-दुनिया के सनातनियों के घर अगर कल्याण पत्रिका पहुंची तो इसका श्रेय भाईजी को ही जाता है।

**संस्कारयुक्त परिवार के लिए भाईजी ने दी लेखनी को धार :** सीएम योगी ने कहा कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि जीवन केवल जीने के लिए नहीं होता है। यदि हम ऊंचे लक्ष्यों के लिए प्रयास करेंगे और उसी आधार पर आचरण करेंगे तो परिणाम भी उसी अनुरूप आएगा। आजादी के बाद भारत को कैसे बनना चाहिए, इसको ध्यान में रखकर संस्कारयुक्त परिवार के लिए भाईजी ने अपनी लेखनी को धार दी।

**गीता प्रेस को सनातन साहित्य का सबसे बड़ा केंद्र बनाने में भाईजी की साधना का योगदान :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गीता प्रेस अगर आज दुनिया में सनातन साहित्य के प्रकाशन और प्रचार-प्रसार का सबसे बड़ा केंद्र है तो इसके मूल में भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार की साहित्यिक साधना ही है। उन्होंने वैदिक साहित्य की चिंतन परंपरा को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गोरखपुर में गीता प्रेस की स्थापना सेठ जयदयाल गोयंका ने की थी लेकिन इसे साहित्यिक साधन से भाईजी ने ही आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि वैदिक साहित्य उत्कृष्ट नहीं होते तो जर्मनी जैसा देश इस पर शोध करके खुद को एक बड़ी ताकत के रूप में प्रस्तुत नहीं कर पाता। गुलामी का कालखंड तभी झेलना पड़ा जब हमने अपने वैदिक साहित्य पर आत्म गौरव की अनुभूति नहीं की, अपनी विरासत को विस्मृति किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीताप्रेस की स्थापना का गत वर्ष शताब्दी महोत्सव मनाया गया।

यह कोई सामान्य बात नहीं थी इसलिए शताब्दी महोत्सव के उद्घाटन में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ। गीता प्रेस की साहित्यिक साधना के लिए गत वर्ष इसे गांधी शांति पुरस्कार भी मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी व्यक्ति के जीते जी अलग-अलग कारण से सभी लोग उसे याद रखते हैं लेकिन यदि लंबी अवधि के बाद भी किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया जाता है तो निश्चित ही उस व्यक्ति में महानता के गुण होंगे।

## मेडिकल कॉलेज की दीवारों में दरार देख प्रभारी मंत्री ने जताई चिंता



**केटी न्यूज/चंदौली**

- कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्टेड किए जाने की चेतावनी

उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण,अनुसूचित जाति एवं जन जाति कल्याण राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गौंड दो दिवसीय चंदौली दौरे पर रहे. इस दौरान बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज कैम्पस, निमार्णाधीन एक्सीलेंस सेंटर का निरीक्षण किया साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री किट का वितरण किया। इसके बाद रविवार को अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की. साथ ही कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रभारी मंत्री ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में नए सत्र में पठन पाठन का कार्य 14 अक्टूबर 2024 से कॉलेज में शुरू हो जाएगा. कॉलेज में पढ़ने के लिए छात्र छात्राएं आ रहे हैं। सबका एडमिशन शुरू हो चुका है. साथ ही कॉलेज का रख रखाव भी चल रहा है।निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने गुणवत्ता की जॉच हेतु निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले ईट तथा अन्य मैटेरियल की जॉच हेतु सैंपल मैटेरियल भेजवाए तथा कार्यदाई संस्था को गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समय से पूर्ण करने एवं संबंधित विभाग को समय समय पर टेक्निकल टीम द्वारा गुणवत्ता की जांच कराते रहने के निर्देश दिए।

## आरपीएफ क्लर्क की चल अचल संपत्ति जब्त करने की तैयारी

**पीडीडीयू नगर।** वेतन में हेराफेरी कर आरपीएफ कर्मियों को करोड़ो रुपये का चूना लगाने वाले गैंगेस्टर के आरोपी युवराज सिंह पर प्रशासन और पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। आरपीएफ में क्लर्क रहे युवराज की 98 लाख 75 हजार रुपये की चल और अचल संपत्ति जब्त की जाएगी, जिसमें मथुरा में खरीदा गया 80 लाख रुपये अनुमानित कीमत का भूखंड भी शामिल है। फिलहाल आरोपी की कार और 11 लाख 60 हजार रुपये नकद जब्त कर लिए गए हैं। कानपुर का रहने वाला युवराज सिंह आरपीएफ डीडीयू में बिलिंग क्लर्क के पद पर कार्यरत रहते विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की मासिक वेतन की राशि वेतन से अधिक धनराशि बनाकर अपने तथा अपनी पत्नी नीतू सिंह के खातों में सीधे ट्रान्सफर करता था तथा वेतन की मूल राशि कर्मचारियों को अपने तथा अपनी पत्नी के खातों से जरिए मोबाइल ट्रान्सफर किया करता था। यह कार्य 2017-18 से कर रहा था। इस प्रकार युवराज सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह व उसकी पत्नी नीतू सिंह करोड़ो रुपये डकार गए।

## जिलाधिकारी ने सैदनपुर गांव में लगाया आकस्मिक ग्राम चौपाल, दिये कई निर्देश

- ई खसरा की पड़ताल करते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को अच्छे कार्य के लिए किया प्रोत्साहित

**केटी न्यूज/जौनपुर**



शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने लंबित राजस्व संबंधी वादों के निस्तारण को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पुराने वादों के तत्काल निस्तारण के लिए निर्देशित किया जा रहा है। आज तहसील सदर के ग्राम सैदनपुर में ग्राम प्रधान सभाजीत यादव, अनिल विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आकस्मिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्विवाद वरासत के वर्षों से लंबित कुल 05 प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। जिनमे लालजी विश्वकर्मा पुत्र सहदेव, लल्लन सोनकर पुत्र बाबूलाल, बाबूराम पुत्र बेकारन, मुन्नीलाल पुत्र जगन्नाथ तथा रामकिशुन मौर्य पुत्र जगदेव का प्रकरण शामिल है। जिलाधिकारी द्वारा इसकी तस्दीक कराते हुए उनके उत्तराधिकारियों के नाम दर्ज करने हेतु मौके पर ही लेखपाल को तत्काल ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्देशित किया, तथा शीघ्र ही वारिसों को कम्प्यूटरीकृत खतौनी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

इसी क्रम में सैदनपुर गांव में ई-खसरा पड़ताल के कार्य का आकस्मिक निरिक्षण भी जिलाधिकारी द्वारा किया गया।इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान सभाजीत यादव, राज बहादुर यादव तथा अन्य ग्रामवासियों से वार्ता कर फसल के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें इस योजना के महत्त्व तथा लाभ के विषय में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने ई-खसरा पड़ताल से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी ई-खसरा में उत्कृष्ट कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य हेतु सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समस्त लेखपाल, कृषि अधिकारी, उप जिला अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, कृषि विभाग की टीम को शासन की मंशा के अनुरूप प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर पवन सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एक नजर

#### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सरेसर गांव के समीप रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान करने का प्रयास किया ।लेकिन पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र के सरेसर गांव के समीप रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय अज्ञात युवा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान करने का प्रयास किया ,लेकिन पहचान नहीं होने पर मर्चरी में रखवा दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर क्राइम इंस्पेक्टर रमेश यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पहचान करने का प्रयास किया गया, लेकिन पहचान नहीं होने पर पहचान के लिए चंदौली मर्चरी में शव को रखवा दिया गया है।

#### चोरी गए साइकिल को पीड़ित ने बेचते पकड़ा

**जौनपुर।** सुरेरी थाना क्षेत्र के भदखीन मार्ग पर स्थित शमसुद्दीन की साइकिल बीते पंद्रह दिन पूर्व सुल्तानपुर बाजार से चोरी हो गई थी। चर्चा है कि शनिवार की शाम शमसुद्दीन सुल्तानपुर बाजार में ही खड़ा था वही सुल्तानपुर बाजार स्थित एक दुकानदार द्वारा चोरी की साइकिल को एक युवक को बेचा जा रहा था। वही चोरी की साइकिल को खरीदने वाला युवक साइकिल को पिकप पर लादकर कहीं ले जाने की फिराक में ही था, कि शमसुद्दीन की नजर उक्त चोरी की साइकिल पर पड़ गई और उक्त साइकिल को पकड़ लिया और शोर मचाने लगा। शोर सुन आसपास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। वहीं शमसुद्दीन द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस साइकिल बेच रहे युवक और खरीद रहे युवक को पिकअप के साथ सुरेरी थाने पर ले गई। चर्चा है की थाने पर घंटो पंचायत चलती रही और देर शाम चोरी की साइकिल खरीद रहे और बेच रहे युवक को छोड़ दिया गया। वही सुल्तानपुर बाजार में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है, जिसका खुलासा आज तक नहीं हो सका। इस संदर्भ में प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेरी संतोष दुबे ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच लेनदेन का मामला था, चोरी की घटना नहीं थी। जबकि पीड़ित द्वारा यह बताया गया कि उसकी साइकिल लगभग पंद्रह दिन पूर्व सुल्तानपुर बाजार से ही चोरी हो गई थी। लेने देन जैसी कोई बात नही थी।

#### फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र लगाकर आवंटित कराया बीयर की दुकान जांच के बाद निरस्त, मुकदमा

**जौनपुर।** फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र लगाकर बीयर की दुकान लेने वाले आरोपी की आवंटित दुकान निरस्त कर दी गयी है,जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि उक्त मामले में शिकायत के आधार पर जांच की गई थी मामला सत्य पाए जाने पर दुकान लाइसेंस निरस्त करते हुए दुकानदार के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा बीयर दुकान जमालापुर सरौना के अनुज्ञापी धर्मेन्द्र कुमार सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह निवासी भन्नौर, थाना बरसठी द्वारा दुकान आवंटन के पश्चात प्रस्तुत किए गए चरित्र प्रमाण पत्र जांच में कूटरचित पाये जाने पर 26 सितम्बर 2024 को व्यक्तिगत सुनवाई के उपरान्त उपरोक्त के पक्ष में आवंटित अनुज्ञापन निरस्त कर दिया गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 मडियाहू द्वारा कुटरचित चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के आधार पर धर्मेन्द्र कुमार सिंह के विरूद्ध स्थानीय थाना बरसठी में प्रथम सुचना रिपोर्ट संख्या-0271/2024 पंजीकृत कराया गया है। जिसमें थाना बरसठी द्वारा अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। उक्त दुकान के पुर्नव्यवस्थापन के लिए विज्ञप्ति प्रकाशित कर 01 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक निविदा आमंत्रित की गयी है।

#### विवादित बयान देने पर गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा दर्ज

**गाजीपुर।** गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ जनपद पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। उन्होंने तीन दिन पहले मठ मंदिर और कुंभ को लेकर बयान दिया था। कहा था कि मठों में साधु संत भकाभक गांजा पीते हैं। महाकुंभ में एक मालगाड़ी गांजा भेज दिया जाए, तो खप जाएगा। गाजीपुर पुलिस ने उनके इस बयान पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर स्थानीय चौकी इंचार्ज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौकी प्रभारी राजकुमार शुक्ला ने तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उनके खिलाफ 353 (3) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज हुआ है।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का किया लोकार्पण, बोले...

# शिक्षा व अध्यात्म का समावेश करके मिल सकती है अराजकता से मुक्ति

- गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने सीएसआर फंड से किया गुरुकुल का पुनरुद्धार
- मुख्यमंत्री ने कहा, गुरुकुलों में होना चाहिए यज्ञ और हवन की पद्धति का अनुसरण

**केटी न्यूज/गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में नवनिर्मित सभागार, पांच कक्षों और प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने गुरुकुल के पुनरुद्धार के लिए गोरखपुर गुरुकुल सोसाइटी के पदाधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने एक करोड़ पांच लाख रुपये के सीएसआर फंड से यह निर्माण कार्य समय पर पूरा किया गया है।

**स्किल डेवलपमेंट और उद्यमिता पर जोर :** मुख्यमंत्री ने गुरुकुल विद्यालय को शिक्षा के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी वंचित बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाए। हर बच्चा भविष्य के लिए आत्मनिर्भर बने। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इन प्रयासों से भारत को विकसित भारत बनाने में मदद मिलेगी।

**शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार हर बच्चे को उत्तम शिक्षा और हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पीएम मोदी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। इसे आधुनिक जरूरतों के अनुरूप तैयार किया गया है। वहीं स्वास्थ्य के दृष्टि से आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 10 करोड़ लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे पहले सीएम योगी ने गुरुकुल विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से मुलाकात भी की और गुरुकुल प्रांगण में पौधरोपण किया। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुति के साथ गणेश वंदना की। इस अवसर पर सांसद रवि किशन शुक्ल, महापौर मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन, गोरखपुर गुरुकुल सोसाइटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कालीबाड़ी के महंत रविंद्र दास, यूपी राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सीताराम जायसवाल, पार्षद पवन त्रिपाठी, शिवशंकर गुप्त, परमेश्वर प्रसाद गुप्त, इंद्रदेव विद्यार्थी, जगदीश गुप्त, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा सहित प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

#### गुरुकुलों में आध्यात्मिक वातावरण जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुलों में यज्ञ और हवन की पुरानी आर्य समाज की पद्धति का अनुसरण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब तक गुरुकुलों में यह परंपरा जीवित रही, तब तक वहां का वातावरण आध्यात्मिक और अनुशासनपूर्ण था, जिससे पठन-पाठन के बेहतरीन परिणाम सामने आते थे। योगी आदित्यनाथ ने जोर दिया कि आज के समय में शिक्षा और अध्यात्म का समावेश करके ही अराजकता से मुक्ति पाई जा सकती है।

#### गुरुकुल विद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

गोरखपुर गुरुकुल विद्यालय की स्थापना 1935 में हुई थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस गुरुकुल में आध्यात्मिक और राजनीतिक गतिविधियों के कारण ब्रिटिश सरकार ने इसे 5 साल तक बंद कर दिया था। इसके बाद यह विद्यालय फिर से सक्रिय हुआ। आज यह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रूप में संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि समय के साथ संसाधनों की कमी के कारण विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या घटने लगी, लेकिन अब नए निर्माण और संसाधनों से इसे फिर से प्रतिष्ठित किया जा रहा है।

## सुभाषितम्

अभागों के मित्र नहीं होते।

- एमर्सन

# कहीं बलि की बकरी न बन जाएँ सीतारमण

**राकेश अचल**

**लेबनान में नसरल्लाह की मौत** और जम्मू-कश्मीर तथा हरियाणा के चुनावी शोरगुल में एक बड़ी खबर दबकर रह गयी । ये खबर बहुचर्चित इलेक्टोरल बांड से जुड़ी है । इस खबर के मुताबिक बेंगलुरु में चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए नामित मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साज़िश का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। निर्मला सीतारमण जी इस देश की सबसे सबल और निर्मल वित्तमंत्री हैं। वे रक्षा मंत्री तो अच्छी साबित नहीं हुई किन्तु बतौर वित्तमंत्री उन्होंने भाजपा की नयी और पुरानी सरकार के लिए ऐसे-ऐसे सीताराम बजट बनाये की सरकार की बल्ले-बल्ले हो गयी और जनता आह भी नहीं भर पायी, जबकि उसके हिस्से में सिवाय मंहगाई और करों के बोझ के अलावा कुछ नहीं आया। वे माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी मंत्रिमंडल की पहली महिला सदस्य हैं जिनके खिलाफ कोई मामला दर्ज किया गया है।दरअसल ये मुकदमा तो बिड्डू के खिलाफ होना चाहिए थ। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को देश का आतंकी नंबर वन कहा था। आपको बता दूँ कि कोर्ट ने ये फैसला आदर्श अय्यर की याचिका पर सुनाया था. आदर्श जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष हैं. उन्होंने मार्च में स्थानीय पुलिस को एक शिकायत दी थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश के अगले ही दिन यानी शनिवार दोपहर करीब तीन बजे एफआईआर दर्ज की गई।जेएसपी एक ऐसी संस्था है जो शिक्षा का अधिकार कानून और बाकी मुद्दों से जुड़ी समस्याओं को उठाती रही है। कोर्ट ने अपना काम कर दिया है,अब आगे का काम पुलिस को करना है।

सब जानते हैं कि निर्मला जी बेहद ईमानदार ,वफादार और तेज-तर्रार वित्त मंत्रीं ह। ये बात अलग है कि उनके फैसलों और उनके बनाये बजटों से उनके अपने पति भी खुश नहीं होते,देश कि जनता के खुश होने कि बात तो दूर की बात है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था। निर्मला सीतारमण ने कहा था कि चुनाव लड़ने के लिए उनके पास पैसों की कमी है और आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु जैसे दक्षिण के राज्यों में जीत के लिए जो मानदंड होते हैं, उन पर वह खरी नहीं उतरती हैं। उनकी बात पर यकीन करना मुश्किल है क्योंकि उनकी ही वजह से पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के इस प्रस्ताव के जरिये सरकार इलेक्टोरल बांड के जरिये 6 हजार करोड़ से ज्यादा का चुनावी चंदा जुटाने में कामयाब हुई थी। यदि आप अपनी याददाश्त पर जोर डालें तो आपको याद आ जाएगा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड या चुनावी बॉन्ड 2017 में शुरूआत से लेकर 15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित किए जाने तक भारत में राजनीतिक



दलों के लिए फंडिंग का एक तरीका था। इनकी समाप्ति के बाद, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक को दानकताओं और प्राप्तकताओं की पहचान और अन्य विवरण भारत के चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश दिया, जिसे चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित किया।माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्टोरल बंद को असाम्वीधनीक तो घोषित कर दिया था लेकिन न बांड से मिले धन को राजसात करने के बारे में कुछ कहा और न किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।जहाँ तक मुझे याद है कि एक अनुमान के अनुसार, मार्च 2018 से अप्रैल 2022 तक की अवधि के दौरान ?9,857 करोड़ के मौद्रिक मूल्य के बराबर कुल 18,299 चुनावी बांड का सफलतापूर्वक लेन-देन किया गया। बाद में 7 नवंबर 2022 को चुनावी बॉन्ड योजना में संशोधन किया गया, ताकि किसी भी विधानसभा चुनाव वाले वर्ष में बिक्री के दिनों को 70 से बढ़ाकर 85 किया जा सके। चुनावी बॉन्ड (संशोधन) योजना, 2022 पर निर्णय गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों से कुछ समय पहले लिया गया था, जबकि दोनों राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू की गई थी। खुशी की बात ये है कि जो काम देश कि सर्वोच्च अदालत करना भूल गयी थी उसे बेंगलूर कि एक अधीनस्स्थ अदालत ने पूरा कर दिखाया। अब केंद्र के सर्वविदित हथियार ईडी और सबसे ईमानदार मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के खिलाफ पुलिस में बाकायदा एफआईआर दर्ज की गयी है । आप कह सकते हैं कि अब आया है ऊँट पहाड़ के नीचे। अब यदि पुलिस ईमानदारी से फुर्ती के साथ मामले कि जांच कार आरोपियों को अदालत कि दहलीज पर ला खड़े करे तो एक बड़ा काम हो जाये।

कायदे से तो श्रीमती निर्मला सीतारामण जैसी ईमानदार मंत्री को ये एफआईआर दर्ज होते ही नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देते हुए राजनीति से सन्यास कि घोषणा कर देना चाहिए ,लेकिन ऐसा होगा नहीं। नैतिकता से सीता जी का और उनकी पार्टी से दूर-दूर का रिश्ता नहीं है। निर्मला जी बलि कि मकरी बन रहीं है। उन्होंने तो जानबूझकर कुछ किया नहीं, जो उनसे पार्टी और सरकार ने कहा वो उन्होंने किया। वे और कर भी क्या सकती थीं । वे अपने खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद इस्तीफा दे सकतीं है लेकिन उनकी पार्टी और उनकी सर्कार के नेता ही उन्हें इस्तीफा देने नहीं देंगे।

इलेक्टोरल बांड के जरिये धन वसूली के मामले में सीता जी और ईडी के निदेशक ही नहीं बल्कि इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र को भी आरोपी के तौर पर नामित किया गया है बल्कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र को भी आरोपी के तौर पर नामित किया गया है ,कर्नाटक में कांग्रेस कि सरकार ह। कांग्रेस कि सरकार हहै तो एपीआई पुलिस को सक्रिय कर इस मामले में सीता जी और ईडी के निदेशक कि गिरफ्तारी करा सकती है ,लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अभी खुद भ्ष्टाचार्र के एक मामले में उलझे हुए हैं।

सीता जी और ईडी प्रमुख के खिलाफ एफआईआर होने के मुद्दे का लाभ कांग्रेस और दूसरे दल हरियाणा और जम्मु-कश्मीर के विधानसभा चुनावोंमें शायद न उठा पाए लेकिन विपक्ष को मौका हैकि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में वो इस मुद्दे पर सरकार और भाजपा को घेर। फिलहाल हमारी सहानुभूति श्रीमती निर्मला सीतारमण और ईडी के निदेशक के साथ है।

## इजराइल के खौफ से सारी दुनिया सहमी

**इजराइल का खौफ सारी** दुनिया में छा गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था भी इजराइल के सामने अपने आप को वेबश मान रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ के युद्ध विराम के निर्देश को इजराइल ने नहीं माना। संयुक्त राष्ट्र संघ की बैठक से बाहर निकलने के तुरंत बाद लेबनान में हिजबुल्लाह के मुख्यालय में भारी बमबारी कर एक नए युद्ध का शंखनाद इजराइल ने कर दिया है। हिजबुल्ला के प्रमुख सैयद हसन नसरुल्लाह के साथ कई लोग इस हमले में मारे गए। हिजबुल्ला का मुख्यालय शहरी इलाके में था। 80 टन बारूद के बमों से हमले किए गए। 40 फीसदी बेरूत बर्बाद हो गया है। हजारों लोगों की मौत हो गई है। यहां के लोगों को सड़कों पर आकर रहना पड़ रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से लेबनान को तबाह करने की धमकी देते हुए विश्व जनमत को न केवल हतप्रभ किया था। वरन लेबनान पर हमला करके जो तबाही बेरूत में मचाई है, उसके बाद सारी दुनिया के देश इजराइल से खौफजदा हो गए हैं। इजराइल और हमास का युद्ध जब से शुरू हुआ है। उसके बाद लेबनान के साथ भी इजराइल का युद्ध शुरू हो गया है। तब से लेकर अभी तक लगभग 80000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 13 मई 2024 को संयुक्त राष्ट्र संघ की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। उसके अनुसार 35000 से ज्यादा लोग गाजा पट्टी में सामान्य नागरिक एवं हमास के लोग मारे जा चुके थे। इनमें से 7797 नाबालिग बच्चे, 4959 महिलाएं और 19924 बुजुर्गों की पहचान की गई थी। इजराइल ने अस्पताल और राहत शिविरों में भी लगातार बमबारी की। रेड क्रॉस जैसी संस्था औचित्यहीन हो गई। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने जिस तरह की चेतावनी अभी हिज्बुल्लाह संगठन को लेकर दी है, वैसी ही चेतावनी कई माह पहले उन्होंने हमास को लेकर दी थी। जिस तरह का नरसंहार इजराइल द्वारा किया जा रहा है। उसके बाद अब नर पिसाच के रूप में भी नेतन्याहू की पहचान सारी दुनिया में बनने लगी है। इजराइल ने जिस तरह से लेबनान में सिल-सिलेबार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में धमाके कराकर हिजबुल्लाह के लड़ाकुओं को अपने निशाने पर लिया। यह युद्ध का एक नया तरीका था। इजराइल ने लेबनान में करीब 5000 से अधिक पेजर में ब्लास्ट कराकर हजारों हिजबुल्लाह के लडाकुओं को एक साथ समाप्त कर दिया। कई स्थानों पर वॉकी-टॉकी में भी विस्फोट हुए। इसके बाद सारी दुनिया के देशों में इजराइल को लेकर एक नई दहशत फैल गई है। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से इलेक्ट्रॉनिक और संचार उपकरणों के माध्यम से जासूसी और ट्रैकिंग का एक जाल बिछाया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अब हथियार बनाकर इजराइल द्वारा जो हमले किए जा रहे हैं। इस युद्ध की नवीन तकनीकी से इजराइल के सहयोगी देश भी दहशत में आ गए हैं। अमेरिका जैसा देश भी इजराइल से भयभीत हो गया है। यह सब आश्चर्यचकित करने वाला है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु के पास जो ताकत है, उसके बाद से वह अपनी ताकत को लेकर मदमस्त हैं। वह सारी दुनिया को अपनी उंगलियों में नचाने की मुद्रा में आ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में उन्होंने जो कहा है। उससे ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। सारी दुनिया के देश यह समझने में लगे हैं। इजराइल के पास ऐसी कौन सी ताकत है, जिसके कारण इजराइल सारी दुनिया के देशों के लिए एक चुनौती बन गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री जिस तरह से ईरान और अन्य देशों को खुलेआम धमकी दे रहे हैं। उसके बाद से सारी दुनिया के देशों में एक अज्ञात भय देखने को मिल रहा है। ईरान के राष्ट्रपति को अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया है। इजराइल ने जिस तरह से संचार माध्यमों को अपना हथियार बनाया है। बहुत कम खर्चे में हजारों किलोमीटर दूर बैठकर अपने विरोधियों को खत्म करने की जो नई तकनीकी इजराइल के पास है। उससे सारी दुनिया में भय फैल गया है। यह पागलपन इजराइल के लिए भी संकट का कारण बन सकता है।

## चिंतन-मनन

### कृष्ण हैं परम पुरुष

**जीव तथा भगवान की स्वाभाविक** स्थिति के विषय में अनेक दार्शनिक ऊहापोह में रहते हैं। जो भगवान कृष्ण को परम पुरुष के रूप में जानता है, वह सारी वस्तुओं का ज्ञाता है। अपूर्ण ज्ञाता परम सत्य के विषय में केवल चिन्तन करता जाता है, जबकि पूर्ण ज्ञाता समय का अपव्यय किये बिना सीधे कृष्णभावनामृत में लग जाता है, अर्थात भगवान की भक्ति करने लगता है। सम्पूर्ण भगवद्गीता में पग-पग पर इस तथ्य पर बल दिया गया है। फिर भी भगवद्गीता के ऐसे अनेक कट्टर भाष्यकार हैं, जो परमेर तथा जीव को एक ही मानते हैं। वैदिक ज्ञान श्रुति कहलाता है, जिसका अर्थ है श्रवण करके सीखना। वास्तव में वैदिक सूचना कृष्ण तथा उनके प्रतिनिधियों जैसे अधिकारियों से ग्रहण करनी चाहिए। यहां कृष्ण ने हर वस्तु का अंतर सुन्दर ढंग से बताया है, अतएव इसी स्रोत से सुनना चाहिए। लेकिन केवल सुनना पर्याप्त नहीं है। मनुष्य को चाहिए कि अधिकारियों से समझे। ऐसा नहीं कि केवल शुष्क चिन्तन ही करता रहे। मनुष्य को विनीत भाव से भगवद्गीता से सुनना चाहिए कि सारे जीव सदैव भगवान के अधीन हैं। जो भी इसे समझ लेता है, वही श्रीकृष्ण के कथनानुसार वेदों के प्रयोजन को समझता है, अन्य कोई नहीं समझता। भजति शब्द अत्यन्त सार्थक है। कई स्थानों पर भजति का संबंध भगवान की सेवा के अर्थ में व्यक्त हुआ है यदि कोई व्यक्ति पूर्ण कृष्णभावनामृत में रत है, अर्थात भगवान की भक्ति करता है, तो यह समझना चाहिए कि उसने सारा वैदिक ज्ञान समझ लिया है। वैष्णव परंपरा में कहा जाता है कि यदि कोई कृष्ण-भक्ति में लगा रहता है, तो उसे भगवान को जानने के लिए किसी अन्य आध्यात्मिक विधि की आवश्यकता नहीं रहती। वह ज्ञान की समस्त प्रारंभिक विधियों को पार कर चुका होता है। लेकिन यदि कोई लाखों जन्मों तक चिन्तन करने पर भी इस लक्ष्य पर नहीं पहुंच पाता कि श्रीकृष्ण ही भगवान हैं और उनकी ही शरण ग्रहण करनी चाहिए, तो उसका अनेक जन्मों का चिन्तन व्यर्थ जाता है।

# आदिवासी अधिकारवाले पेसा कानून पर गरमाई राजनीति

**कुमार कृष्णन**

**लंबे जन संघर्ष के बाद** 1996 में देश में पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, जिसे पेसा के नाम से जाना जाता है, लागू हुआ। मध्य प्रदेश के झाबुआ से सांसद रहे दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में समिति बनी थी, उसकी अनुशंसा पर ही यह मॉडल कानून बना था।

इस कानून के अनुसार, पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को आदिवासी समुदायों के गांव, समाज, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और संस्कृति के अनुरूप लागू किया जाना है। अनुसूचित क्षेत्र ऐसे स्थान हैं जहां मुख्य रूप से आदिवासी समुदायों का वर्चस्व है। ये क्षेत्र 73वें संविधान संशोधन या पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत नहीं आते थे। पेसा अधिनियम का उद्देश्य भारतीय संविधान के भाग क के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करना है। यह पंचायतों और ग्राम सभाओं को इन क्षेत्रों में स्वशासन की प्रणाली को लागू करने में सक्षम बनाता है।पांचवीं अनुसूची आदिवासियों की स्वशासन प्रणाली के संरक्षण और उनके सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक विकास के लिए संवैधानिक ढांचा देती है।पेसा स्पष्ट रूप से कहता है कि आदिवासी समुदाय की समझ एवं परंपरा के अनुसार ह्यगांवह्न को परिभाषित किया जाना है।गांव की ग्राम सभा, जिसमें गांव के सभी मतदाता सदस्य होंगे, ही सामुदायिक संपत्तियों जैसे जल, जंगल, जमीन आदि की मालिक होगी। गांव में किसी प्रकार का भी विकास का कार्य ग्राम सभा की अनुमति से ही किया जाएगा।ग्राम सभा का निर्णय और राय सर्वोच्च माने जाएंगे।

यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्र में एक गांव के लिए ग्राम सभा की स्थापना की अनुमति देता है। प्रत्येक ग्राम सभा एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगी जो अनुसूचित क्षेत्र के कुछ पहलुओं, विशेष रूप से संसाधन प्रबंधन करती है। यह अधिनियम ग्राम पंचायतों को उन मामलों पर निर्णय लेने की भी अनुमति देता है जो सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के साथ-साथ लघु वन उपज, भूमि और छोटे जल निकायों से संबंधित हैं। जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में बंधुआ मजदूरी की प्रथा के उन्मूलन के लिए प्रवासी मजदूरों का रिकॉर्ड भी रखने का भी अधिकार देता है।देश के सात आदिवासी बहुल राज्यों ने इसे लागू कर दिया है।इसमें ग्राम सभा को अधिकार दिये जाने का प्रावधान है। झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर आदिवासियों के अधिकार को लेकर पेसा एक्ट, 1996 यानी पंचायत एक्सटेंशन टू शिड्यूल एरिया का मामला गरमाने लगा है।कई जगह नारा गुंजने लगा है- पहले पेसा कानून फिर वोट, नहीं पेसा कानून तो नहीं वोट। राज्यपाल संतोष गंगवार भी कह चुके हैं कि राज्य में पेसा कानून लागू करने की जरूरत है। वहीं झारखंड दौरे पर आयी राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार झारखंड में पेसा कानून लागू करें। झारखंड में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों को हस्तांतरित हो रही है।झारखंड में इस प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए।गांव के गांव खाली हो गए हैं।उन्होंने कहा कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू है, लेकिन झारखंड में नहीं। हालांकि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच पी-पेसा एक्ट के तहत नियमावली की बात कर रहा है। यहां पी– पेसा में पी का मतलब उन 23 प्रावधान से है, जो अनुसूचित क्षेत्रों को विशेष अधिकार देता है। यह मामला इसलिए भी गंभीर हो गया है क्योंकि 29 जुलाई 2024 को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने दो माह के भीतर पेसा नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है। यह मियाद कुछ दिन में पूरी होने वाली है। लेकिन पंचायती राज विभाग की ओर से अभी तक नियमावली को लेकर तस्वीर साफ नहीं की गई है। बहुत जल्द झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है।इसलिए आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बुद्धिजीवी संगठनों ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के विक्टर मालतो का कहना है कि झारखंड में जब पी-पेसा के तहत नियमावली बनी ही नहीं है तो फिर अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा कैसे गठित हो सकती है। स्पष्ट है कि फर्जी ग्रामसभा बनाकर जमीन अधिग्रहण, बालू घाटों की नीलामी हो रही है, जो संविधान के खिलाफ है। इससे अदिवासियों का हक छीना जा रहा है। यही नहीं फर्जी ग्राम सभा के जरिए डीएमएफटी और ट्राइबल सब प्लान के फंड का दुरुपयोग हो रहा है।

विक्टर मालतो के अनुसार तीन तरह की ग्राम सभाएं होती हैं। एक अनुच्छेद 243(ए) के तहत ग्राम सभा होती है जो ग्राम पंचायत के माध्यम से चलती है। दूसरा वनाधिकार अधिनियमौ, 2006 के तहत ग्राम सभा होती है जो जमीन आवंटन के लिए होती है। तीसरी ग्राम सभा पारंपरिक होती है,जो संसद से पारित पेसा कानून के तहत चलती है।लेकिन राज्य सरकार इस संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन कर रही है। इसलिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। तब कोर्ट ने हमारे हक में आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को दो माह के भीतर पी-पेसा के तहत नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया है। पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव का कहना है कि- अनुसार ड्राफ्ट नियमावली को लेकर जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) से सुझाव लिए गये थे। इसके अलावा 14 विभागों का भी मंतव्य लिया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में ड्राफ्ट नियमावली प्रकाशित की गई थी। इस आधार पर करीब 400 अतिरिक्त सुझाव आए। इनमें से 267 सुझाव लिए जा चुके हैं। इस मामले में विधि विभाग से भी सहमति मिल गई है। इसी बीच ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी में भी बात उठी।कुछ विधायकों की ओर से आपत्तियां भी आईं। उन आपत्तियों पर मंथन किया जा चुका है। निदेशक निशा उरांव के मुताबिक इस मसले पर मुख्य सचिव के स्तर पर एक और समीक्षा संभव है। कोर्ट के आदेश के आलोक में फाइनल नियमावली जारी करने की तो सरकार के स्तर पर कोर्ट में राय प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के जो सुझाव हैं वो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 2010 और 2017 के आदेश के दायरे में नहीं आते हैं।

# श्राद्ध, श्रद्धेय और श्रृद्धा सुमन

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

**श्राद्ध कर्म का वर्णन हमारे** धर्म ग्रंथों में वर्णित है। सर्व पितृ अमावस्या के दिन श्राद्ध का समापन होने जा रहा है। श्राद्ध में निहित श्रृद्धा ही हमें श्रृद्धा सुमन अर्पित करने की ओर प्रेरित करती है। श्राद्ध के द्वारा हमारे पितृ प्रसन्न होते है। आज जीवन में जो शायद प्रसन्नता के सुन्दर रंग हमें चहुँ ओर बिखरे दिखाई देते है, वह हमारे पूर्वजों की मेहनत एवं आशीष का ही परिणाम है। उनके पुण्य प्रताप से ही हमें यह स्वस्थ्य काया एवं पुष्पित-पल्लवित माया प्राप्त हुई है। प्रत्येक प्राणी मृत्यु से भयभीत होता है, परन्तु सृष्टि के संतुलन के लिए जन्म और मृत्यु दोनों ही आवश्यक है और यदि मृत्यु न हो तो बस एक का ही साम्राज्य हो जाएगा। मृत्यु ही तो हमें अंत में पीड़ा से मुक्ति प्रदान कर प्रभु के धाम में ले जा सकती है, परन्तु मृत्यु का सत्य कड़वा है। जिसे स्मृति पटल में रखना अत्यंत आवश्यक है। मृत्यु चिंता का विषय नहीं अपितु जीवन के प्रत्येक क्षण को उत्सव बनाने का विषय है और इस जीवन रूपी उत्सव में प्रभु के नाम का स्मरण ही हमें मुक्ति का मार्ग दिखा सकता है। आने वाले समय में हमारी पीढ़ी श्राद्ध करेगी या नहीं, यह निश्चित नहीं है, परन्तु हम जीवित रहते हुए ही प्रभु के प्रति श्रृद्धा से स्व-उद्धार का मार्ग खोज सकते है। धुंधुकारी के कृत्य अच्छे नहीं थे पर श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण के पुण्य से ही उसे मुक्ति प्राप्त हो गई थी, तो आज हमारे पास उन्नत टेक्नोलॉजी एवं अनेक संसाधन उपलब्ध है। हमें अत्यधिक यत्न नहीं करना है अपने उद्धार के लिए। हम अपना कार्य सम्पादित करते-करते भी प्रभु के नाम का श्रवण, कीर्तन, वाचन कर सकते है। टीवी हो या इंटरनेट की सुविधा, हम अपनी इच्छा के अनुरूप कथा का श्रवण कर सकते है। समय की उपलब्धता के अनुसार हम अपने संशय की निवृत्ति वेद, शास्त्रों, ग्रंथो के अध्ययन द्वारा भी कर सकते है। श्रवण, वाचन, ध्यान इन सभी के लिए सर्व-सुलभ साधन उपलब्ध है और कलयुग में मोक्ष प्राप्ति का साधन प्रभु का नाम जप ही बताया गया है। कथा श्रवण के कारण ही हनुमानजी ने श्रीराम जी के साथ वैकुंठ जाना स्वीकार नहीं किया, अपितु पृथ्वी पर रहकर ही प्रभु के नाम की अनवरत वर्षा में भाव-विभोर होने का निर्णय किया क्योंकि वे ईश्वर के नाम की महिमा को भलीं-भाँति समझते है। आज तीर्थ यात्रा की सुलभता बढ़ गई है। किसी भी स्तुति का गायन, वाचन, श्रवण हम आसानी से कर सकते है। प्रत्येक कथा अलग-अलग साधु-संतों के द्वारा समय की उपलब्धता के अनुसार सुनी जा सकती है, पर फिर भी हम सदैव आने वाले कल की प्रतीक्षा करते है। हमें इस मृत्यु लोक में रहते हुए ही प्रभु की आराधना द्वारा अपने कल्याण का मार्ग तय करना है। परिवर्तित परिवेश और परिस्थितियों के अनुरूप हमें स्वयं ही अपने कल्याण का मार्ग निश्चित करना होगा। जब हमारी मृत्यु होती है तब हमें राम नाम सत्य है, इस कथन को जन मानस सुनाते है और उस समय इस सत्य को समझने योग्य हम नहीं रह पाते। हम इस नश्वर शरीर और संसार की माया हो ही सत्य मानते है और उसी में ही लिप्त रहते है, पर सृष्टि के सृजन कर्ता एवं पालन कर्ता उनकी लीला और उनके अस्तित्व की महिमा की ओर हमारा ध्यान केंद्रित नहीं होता है। हमारे धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि यदि मरते समय प्राणी को ईश्वर का स्मरण हो जाए तो उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है, परन्तु हमारा सामाजिक परिवेश हमें परिवारजन और रिश्तेदारों में ही उलझाएँ रखता है। हम मोह-माया के जाल से छूट नहीं पाते है।

## आज का राशिफल

**मेष** अगर ऑफिस में ज्यादा मेहनत करनी पड़े तो घरवालों की ओर से परेशान होने की जरूरत नहीं।

**तुला** आज आपकी रुचि अच्छे काम में बढ़ेगी। घर में सभी लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृषभ** आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी।

**वृश्चिक** किसी खास शख्स के कारण शाम के समय थोड़ी जेब ढीली हो सकती है।

**मिथुन** आज करियर के मामले में दिन सफलतस से भरा होगा। फाइनेंस से जुड़े फैसले आज ले लें।

**धनु** आज आपके लिए धन लाभ का दिन है। ऑफिस में आज आपको बहुत काम करना होगा।

**कर्क** पूरा दिन धार्मिक कार्य में में बीतेगा। आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का प्लान बन सकता है।

**मकर** आज दिन लाभ से भरा होगा। काम निपटाने में दिन का अधिकांश हिस्सा निकल जाएगा।

**सिंह** आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी मदद के लिए आगे आएंगे।

**कुंभ** आज दिन लाभ से भरा होगा। सुबह से ही आपको किसी शुभ समाचार का इंतजार रहेगा।

**कन्या** कामों में रुचि बढ़ेगी। इधर उधर की बातों के बजाये अपनी हॉबी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचेंगे।

**मीन** आपके सुख में वृद्धि होगी। ऑफिस में अपनी जगह बनाने के लिए सूझबूझ से काम लेना होगा।

## राजकाज


### शैलजा ने दिखाया भाजपा को आईना

**भारतीय जनता पार्टी ने** बड़े जोर शोर से कहा था। 25 सितंबर को हरियाणा में कुछ बड़ा होने जा रहा है। कयास लगाए जा रहे थे,कांग्रेस नेत्री शैलजा अपनी ही पार्टी के नेताओं से नाराज हैं। वह भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर सकती हैं। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने बड़ा बवाल मचा रखा था। हरियाणा चुनाव में जब शैलजा प्रचार करने के लिए नहीं उतरी, तो राजनीतिक हल्कों में यह मान लिया गया। शैलजा भाजपा में जाने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी की सभा में वह भाजपा ज्वाइन करेंगी। आज तक के एक कार्यक्रम में शैलजा ने, भाजपा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। राहुल गांधी के साथ शैलजा हरियाणा के चुनाव प्रचार में उतर गई। ऐसी किरकिरी भाजपा की इसके पहले कभी नहीं हुई। जो मध्यस्थ थे, उन्होंने भाजपा को मुगालते में रखा या शैलजा ने उन्हें मुगालते में रखा, कह पाना बड़ा मुश्किल है।

### महाराष्ट्र में तीसरे मोर्चे का गठन

**महाराष्ट्र के विधानसभा** चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। महाराष्ट्र में एक महायुती का गठबंधन है। इसमें भारतीय जनता पार्टी एकनाथ शिंदे की पार्टी और अजीत पवार की पार्टी शामिल है। जो महाराष्ट्र की सरकार चला रहा है। दूसरा गठबंधन विपक्ष का महा विकास अघाड़ी है। इसमें शिवसेना उद्धव ठाकरे कांग्रेस और शरद पवार की राकापा है। महायुति गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर फैसला नहीं हो पा रहा है। वहीं भाजपा के अंदर भी बवाल मचा हुआ है। ऐसी स्थिति में महाराष्ट्र में तीसरा गठबंधन तैयार होता हुआ दिख रहा है। दो पूर्व सांसद संभाजी छत्रपति और राजू शेट्टी के साथ कुछ निर्दलीय विधायकों ने मिलकर एक तीसरा गठबंधन परिवर्तन महाशक्ति के नाम पर गठित कर लिया है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1399 हेनरी बोलिंग ब्रोक इंग्लैंड की गद्दी पर बैठे. 1687 औरंगजेब ने गोलकुंडा पर कब्जा कर लिया. 1794 अमरीकी डॉक्टर विलियम मार्टन ने पहली बार ईथर का प्रयोग करके एक मरीज का दांत निकाला. 1908 हिन्दी कवि रामधारी सिंह दिनकर का जन्म. 1929 आविष्कारक फ्रिट्ज वान ओपेक ने राकेट चालित विमान का परीक्षण किया. 1949 रूसी नाकेबंदी के दौरान बर्लिन को अमरीका और ब्रिटेन ने आपूर्ति जारी रखी जो समाप्त हुई. 1966 जर्मन युद्ध अपराधी अल्बर्ट स्पीयर और बाल्डर वान शिराश को 20 साल की सजा काटने के बाद स्पांडाऊ जेल से रिहा किया गया. 1985 अमरीकी वैज्ञानिक चार्ल्स रिश्टर का निधन, 1989 भारत में निर्मित प्रथम पनडुब्बी शाल्की का जलावतरण.1993 महाराष्ट्र के लातूर में आए भूकंप में 45 हजार से अधिक लोग मारे गए।

## दैनिक पंचांग

**30 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.09 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृश्चिक | 09.23 ब.से |
| मंगल | मिथुन में | धनु | 11.39 बजे से |
| बुध | कन्य में | मकर | 13.44 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 15.31 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मीन | 17.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.34 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 20.14 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 22.13 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | कर्क | 00.26 बजे से |
| | | सिंह | 02.42 बजे से |
| | | कन्या | 04.54 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 274 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 19.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 06.19 बजे को समाप्त। **योग** शुभ 01.18 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 05.56 बजे तदनन्तर वणिज 19.07 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 54' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872118 **जूलियन दिन** 2460583.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 26 **विशेष** प्रदोष व्रत, शिव चतुर्दशी व्रत, त्रयोदशी श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# लगाएं राई-सरसों







## भूमि की तैयारी

### (अ) बारानी क्षेत्र

वर्षा आधारित क्षेत्रों में वर्षा ऋतु से ही जुताई आरंभ करना चाहिए तथा मिट्टी को खरपतवार रहित कर भुरभुरी बनाकर पाटा लगाकर छोड़ देना चाहिए। उपयुक्त तापमान आने पर बुवाई करें।

### (ब) सिंचित क्षेत्र

जब खरीफ फसल की कटाई हो जाये तब पलेवा देकर खेत की तैयारी करें तथा पाटा लगाकर खेत को समतल कर लें फिर बुवाई करें।

## बीजोपचार

भरपूर पैदावार हेतु फसल को बीमारियों से बचाने हेतु बीजोपचार आवश्यक है, बीजोपचार 6 ग्राम एप्रान एस.डी.35 नामक दवा से प्रति किलो बीज दर से करें या 3 ग्राम कार्बेन्डाजिम 3 ग्राम थीरम नामक दवा द्वारा प्रतिकिलो बीज के हिसाब से करके फसल बोएं।

## बुवाई का समय

बुवाई असिंचित क्षेत्रों में 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक, 5-6 किलोग्राम बीज दर के हिसाब से बोएं तथा सिंचित क्षेत्रों में 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक 5 किलोग्राम बीज दर/हे. के हिसाब से करें। बुवाई देशी हल या सीड ड्रिल से कतारों में करें। पंक्ति से पंक्ति की दूरी 30 से.मी. एवं बीज से बीज की दूरी 10 से.मी. रखें। गहराई 2-3 से.मी. रखें अधिक गहरा बीज बोने पर अंकुरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

## खाद एवं उर्वरक की मात्रा



भरपूर पैदावार के लिये हरी खाद, गोबर की खाद या कम्पोस्ट खाद का प्रयोग करना चाहिए. सिंचित क्षेत्र के लिये 100 क्विं. पकी हुई गोबर खाद बुवाई पूर्व खेत में डालकर जुताई कर खेत में मिला लें। बारानी क्षेत्र में देशी खाद या कम्पोस्ट खाद 40-50 क्विं./हे. बुवाई पूर्ण खेत में डालकर अच्छी तरह मिला लें इसके बाद रसायनिक उर्वरकों को खेत में मिलाएं। सिंचित क्षेत्र के लिये 217 किलोग्राम यूरिया, 313 कि.ग्राम, सिंगल सुपर फास्फेट, 40 किलोग्राम, म्यूरेट ऑफ पोटाश एवं 30 किलोग्राम गंधक देने से सरसों की भरपूर पैदावार होती है। जबकि असिंचित क्षेत्र के लिये 40 किलोग्राम यूरिया, 20 किलोग्राम, सिंगल सुपर फास्फेट, 10 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश एवं 15 किलोग्राम गंधक देने पर अच्छी पैदावार ली जा सकती है।

## सिंचाई

सरसों की बोनी बिना पलेवा दिये की गई है तो पहली सिंचाई, बुआई के 30-35 दिन पर करें। अगर मौसम शुष्क रहे अर्थात् पानी नहीं बरसे तो दूसरी सिंचाई 60-70 दिन पर करें। सिंचित क्षेत्र जहां पलेवा देकर बोनी की गई है वहां पहली सिंचाई 40-45 दिन पर एवं दूसरी सिंचाई 75-80 दिन पर करें मावठा होने पर दूसरी सिंचाई न करें।

## विकसित एवं अनुशंसित किस्में

### पूसा बोल्ड-

बड़े दाने वाली इस जाति का 1000 दानों का वजन 7 ग्राम है तथा यह 110-140 दिन में पककर तैयार होती है तेल की मात्रा 42 प्रतिशत तथा उपज 18 क्विंटल/हे. है।

### रोहिणी-

इसकी फलियां टहनियों से चिपकी रहती हैं तथा यह 125-130 दिन में पककर तैयार होती है तेल की मात्रा 43 प्रतिशत तथा 1000 दानों का वजन 5.2 ग्राम है उपज 22-28 क्विं./हे. है।

### वरूणा-

यह सम्पूर्ण भारत वर्ष के लिये अनुमोदित है यह 135-140 दिन में पककर तैयार होती है। दानों का वजन 6 ग्राम तथा उपज 20-22 क्विं./हे. है तथा तेल की मात्रा 43 प्रतिशत है।

### जवाहर सरसों-1 :-

यह जाति 125-127 दिन में पककर तैयार होती है इसके 1000 दानों का वजन 5 ग्राम है तथा तेल की मात्रा 42 प्रतिशत तथा उपज 20-21 क्विं./हे. है। यह सफेद किट्ट नामक रोग के प्रतिरोधिता वाली किस्म है।

### वसुन्धरा-

यह किस्म 130-140 दिनों में पककर तैयार हो जाती है तथा तेल की मात्रा 40 प्रतिशत तथा उपज 20-21 क्विं./हे. है।

**जवाहर सरसों-2 :-** यह किस्म 135-138 दिन में तैयार होती है, तेल की मात्रा 40 प्रतिशत तथा दानों का वजन 5 ग्राम तथा उपज 15 से 30 क्विं./हे. है।

**जवाहर सरसों-3 :-** यह 130-132 दिनों में पककर तैयार होती है तथा इसकी फली चटकती नहीं है तेल 40 प्रतिशत तथा उपज 15 से 25 क्विं./हे. है।

**जगन्नाथ-** यह किस्म 125-130 दिन में पककर तैयार होती है तथा उपज 18 क्विं. प्रति होगा तथा तेल की मात्रा 40 प्रतिशत तक होती है।

**जवाहर सरसों-4-** यह किस्म असिंचित अवस्था के लिये उपयुक्त है। यह 125-135 दिन में पककर तैयार होती है तेल की मात्रा 43 प्रतिशत तथा दानों का वजन 5-6 ग्राम तक है।

**माया-** यह किस्म 125-135 दिन में पककर तैयार होती है तथा तेल की मात्रा 40 प्रतिशत एवं उपज 25-29 क्विं./हे. है।

# मिलेगी भरपूर प्याज

## भूमि

प्याज कंद वाली फसल है इसलिए इसकी खेती के लिये भुरभुरी एवं उत्तम जल निकास वाली भूमि ठीक है. बालुई दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त है परंतु काली दोमट एवं लाल मिट्टी में भी प्याज उत्पादन अच्छा होता है. बशर्ते पी.एच.अधिक न हो और जल निकास अच्छा हो। प्याज के लिये सबसे अच्छा पी.एच. 5.8 से 6.5 के मध्य होता है। ढालू एवं ऊंची नीची मिट्टी प्याज के लिये अनुपयुक्त है। सूत्र कृमि प्रभावित भूमि में प्याज की वृद्धि रुक जाती है।



## जलवायु-

प्याज के कंद की बढ़वार के लिये लंबे दिनों वाला मौसम बहुत ही उपयुक्त होता है मध्यप्रदेश के लिये प्याज की वह प्रजातियां उपयुक्त हैं जो लघु अवधि की हैं। क्योंकि यहां पर प्रकाश अवधि 11-12 घंटे रहती है तथा तापक्रम भी शीतकाल में 13 डिग्री से 34 डिग्री से.ग्रे. रहता है।

## बीज मात्रा

8-10 कि.ग्रा. बीज प्रति हेक्टेयर नर्सरी 8-10 इंच ऊंची क्यारियों में तैयार करें नर्सरी बेड का सोलराइजेशन मई-जून में करने से खरपतवार भूमि जनित बीमारियां तथा सूत्र कृमि नष्ट हो जाते हैं।



## रोपण

सिफारिश अवधि में 35 दिन की पौधों की बीमारी से मुक्त हों उसे कतार से कतार 15 से.मी. तथा पौध से पौध 10 से.मी. की दूरी पर लगाएं।

## खाद एवं उर्वरक-

कम्पोस्ट एफवाईएम 25 टन/हे., यूरिया 217 कि. ग्रा./हे.,स्फुर 315 कि.ग्रा./हे.,पोटाश 109 कि.ग्रा./हे. रोपण के पूर्व मिट्टी में मिला दें

## अन्य शस्य क्रियाएं-



प्रारंभ में 1-2 बार गुड़ाई करें तथा खरपतवार की निंदाई करें. भूमि की अवस्था के आधार पर सिंचाई करें. क्यारी में काफी समय तक पानी न टिकने दें। जो बोल्डर आते हैं उन्हें खेत से अलग करें. जब फसल 75-90 दिनों की हो जावे तो मैलेइक हाइड्राजाइड 1500-25600 पीपीएन का छिड़काव करें या 0.1 से 0.2 प्रतिशत (1.5 ग्राम दवा) एक लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें खुदाई के 15 दिन पूर्व से सिंचाई रोक देना चाहिए.

यदि फसल में खरपतवार अधिक हो तो प्रारंभिक अवस्था में ब्रोसोलिन नींदानाशक का छिड़काव वैज्ञानिक सलाह से करें।

## खुदाई के समय

प्याज के उत्पादन की 25 से 30 प्रतिशत क्षति खुदायी से भंडारण की अवस्था तक हो जाती है. खुदायी के पूर्व खेत में खड़ी फसल पर 0.02% स्ट्रेप्टोसाइक्लिन, 0.1% कार्बेन्डाजिम का छिड़काव करने पर भंडारण में सड़न कम होती है।

## मौसमवार अनुशंसित प्रजातियां-

### खरीफ

मई-जून, जुलाई-अगस्त, अक्टूबर-दिसम्बर, दिसम्बर-जनवरी में 10-20 ग्राम की छोटी प्याज तैयार कर लगा सकते हैं।

### शीघ्र रबी या लेट खरीफ

अगस्त-सितंबर, सितम्बर-अक्टूबर, जनवरी-मार्च.

रबी- नवम्बर-दिसम्बर, दिसम्बर- जनवरी, अप्रैल-जून

### खरीफ-एन

53, बसन्त-780, एग्री फाउंड डार्क रेड, एवं अर्काकल्याण (सभी गहरी लाल).

रबी - अर्का निकेतन, एन 2-4-1, एग्री फाउन्ड लाइटरड, पूसा रेड, पंजाब रेड राउण्ड (हल्के लाल रंग).

### रबी में सफेद

पूसा व्हाइट फ्लैट,खरगौन सफेद, एनएचआरडीएफ- सफेद एवं एन 257-9-1, फूले सफेद.



**संक्षिप्त समाचार**

## विशेष छापामारी अभियान में अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

**सरायकेला-खरसावां, एजेंसी।** सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत के निर्देश पर चांडिल थाना की पुलिस ने शनिवार की रात विशेष छापामारी अभियान चलाया. बताया जा रहा है कि शारदीय नवरात्रि को लेकर पुलिस ने अवैध और नकली शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया था. सूत्रों के अनुसार इस दौरान पुलिस को भारी मात्रा में नकली व अवैध शराब भी मिला है. पुलिस ने शराब को जब्त कर अपना अभियान जारी रखा. अभियान में पुलिस को चिलगु से अवैध व नकली शराब के संचालक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है. गिरफ्तार अभियुक्त पुराने मामले में वांछित था और पहले भी जेल जा चुका है. बताया जा रहा है कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी. वैसे इस संबंध में चांडिल थाना की पुलिस कुछ भी बताने से इंकार कर रही है.चांडिल थाना क्षेत्र अवैध व नकली शराब कारोबारियों के लिए सबसे सुरक्षित स्थल बन गया था. पुलिस ने एक के बाद एक नकली अवैध शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्रियों का भांडाफोड़ कर चुकी है. मामले में इस धंधे से जुड़े कई लोगों को जेल भेजा जा चुका है, लेकिन किसी भी मामले में मिनी शराब फैक्ट्रियों के सरगना को नहीं पकड़ा गया है.पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों के लगातार छापामारी के बाद चांडिल थाना क्षेत्र में चार से अधिक नकली शराब बनाने वाली मिनी शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश किया जा चुका है.

## हेमंत सरकार ने आंगनवाड़ी सेविका- सहायिका को धोखा दिया:जेपी पांडेय

**रांची, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा है कि हेमंत सरकार ने आंगनवाड़ी सेविका- सहायिका को धोखा दिया है।हेमंत सरकार के 27 सितंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है।उन्होंने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 23 सितंबर को आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका के रैली में गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका को संबोधित करते हुए कहा था की 27 अक्तूबर के कैबिनेट के बैठक में आप लोगों को खुशखबरी मिल जाएगी।लेकिन कैबिनेट में ऐसा कुछ भी निर्णय नहीं हुआ।इस पर संगठन में भारी आक्रोश व्याप्त है और आने वाले विधान सभा चुनाव में सबक सिखाने की तैयारी हो रही है साथ ही पांच अक्टूबर से संपूर्ण राज्य के लगभग 80 हजार सेविका-सहायिका अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों को बंद करने का निर्णय ले लिया है।जब तक वेतनमान नहीं तब तक आंगनवाड़ी केंद्र नहीं। सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों की सेविका-सहायिकाएं 05 अक्तूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जायेगी।जब तक उनके 08 सूत्री मांगों को सरकार पूरी नही कर देती।सभी जिलाध्यक्ष अपने जिले में बैठक कर 05 अक्तूबर से बंदी का एलान करे और केंद्रों को नियमित जांच भी करे की कोई भी केंद्र खुला नहीं रहना चाहिए।

## झारखंड आंदोलनकारियों की धरती है: कल्पना सोरेन

**चाइबासा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शनिवार को मंईयां सम्मान यात्रा के क्रम में पश्चिमी सिंहभूम के तांतनगर पहुंची. यहां शहीद गंगाराम कालुंडिया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया. उसके बाद मंझारी प्रखंड के जलधर व कुमारडुंगी प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं. उनके साथ सांसद जोबा मांझी भी मौजूद थीं. कल्पना ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की धरती है. अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़ते हुए जल, जंगल, जमीन, पहाड़, बुरु सबको बचाने के लिए निरंतर शत्रु से संघर्ष किया. कोल्हान वीर भूमि है. हमारे शहीदों से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि कोल्हान कभी झुकता नहीं है. किसी के साथ कभी समझौता नहीं करता और कभी किसी से डरता नहीं है. यह सीख व प्रेरणा हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए मिलती है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन निरंतर हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में लाने के लिए प्रयासरत हैं. जब तक इसे शामिल नहीं करा देते चैन से नहीं बैठेंगे.मंईया सम्मान योजना महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए लाया गया है. इस योजना से भाजपा को बहुत तकलीफ हो रही है. योजना को रोकने के लिए हर प्रकार का प्रयास किया जा रहा है. हेमंत सोरेन अकेले दिखते हैं, पर अकेले नहीं हैं. राज्य की आधी आबादी समेत पूरा राज्य उनके साथ खड़ा है.

# प्रदेश की कानून व्यवस्था बहुत ही खराब है: संजय सेठ



**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में हुंकार भरी. उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि यहां की कानून व्यवस्था बहुत ही खराब है. पुलिस अधिकारी के गले की सोने की चेन छीनी जाती है झारखंड की बेटी डीएसपी की सहजानंद चौक से सोने की चेन खींच ली गई. बहन बेटियों की अस्मत लूटी जा रही है. नक्सली वारदात और अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है. इसलिए यहां परिवर्तन जरूरी है. उन्होंने कहा कि परिवर्तन इसलिए जरूरी है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए यहां की जनजातीय बेटियों को प्रलोभन देकर फंसाने, उन्हें धोखा देकर शादी कर लेने, उनके जमीन पर कब्जा कर लेने तथा मुखिया सहित विभिन्न पंचायत में अनेक पदों पर कब्जा कर लेने की घटना से आदिवासी समाज की डेमोग्राफी पर गहरा प्रभाव पड़ा है.

सेठ ने कहा कि यहां बहुत ही गहरा षड्यंत्र चल रहा है और कांग्रेस अपना वोट बैंक बढ़ाने के चक्कर में ऐसे मामलों में चुप्पी साध लेती है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार यहां के किसानों की गला घोंट दी. किसानों को मिलने वाली 25000 की योजना को बंद कर दी. कार्यक्रम के दौरान भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टी जाति और धर्म के नाम पर हमें तोड़ रही है. झूठ बोल कर समाज को बरगला कर कमजोर करने का काम कर रही है. हिंदुओं को मुसलमानों से, मुसलमान को ईसाइयों से लड़ाने का काम कर रही है.

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुवेल उरांव ने कहा कि झारखंड से लेकर संपूर्ण देश में अनुसूचित जनजातीय वर्ग का सबसे अधिक सम्मान भारत रत्न दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में मिली है. केंद्र में पहला जनजातीय मंत्रालय का शुभारंभ तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के करकमलों से हुई थी. उन्हीं के द्वारा झारखंड अलग राज्य हम सभी को मिला. आज प्रधानमंत्री मोदी की ही देन है कि भारत का पहला जनजातीय वर्ग से पहला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रूप में बनाया गया. 15 नवंबर को बिरसा जयंती को अंतरराष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया. सबसे अधिक जनजातीय मंत्री भाजपा ने ही दिए हैं. सबसे अधिक जनजातीय सांसद और विधायक और जनजातीय मुख्यमंत्री भाजपा की ही देन है.

कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों के सबसे बड़े हितैषी हैं. आज जनजातीय मंत्रालय को आदिवासियों के कल्याण के लिए केंद्रीय बजट 79000 करोड़ रुपए दिए गए. पूरे देश के 550 जिलों में जनजातीय विकास योजनाएं चलायी जा रही हैं. यह योजना संपूर्ण देश के 2911 प्रखंडों एवं 63842 गांवों में चलायी जा रही हैं. 20 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट, 25000 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का लक्ष्य, प्रत्येक जनजातीय प्रखंड में जनजातीयों के लिए एकलव्य विद्यालय की स्थापना भाजपा की प्रमुख देन है.

परिवर्तन सभा को गणेश मिश्र, पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, शिव शंकर उरांव, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, रामनारायण भगत सहित कई लोगों ने संबोधित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो ÷धीरज÷ ने किया वहीं संचालन रांची जिला ग्रामीण महामंत्री नरेंद्र साहु ने किया. भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुवेल उरांव को मांदर भेंट कर सम्मानित किया. वहीं करमचंद भगत महाविद्यालय की व्याख्याता डॉ अनिमा लकड़ा ने दोनों केंद्रीय मंत्री को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में बेड़ो भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, नरकोपी मंडल अध्यक्ष तेजू दास, रंजन गुप्ता, महादेव कुजूर, मिडिया प्रभारी संजय साहु, अंकित सोनी, शिवेंद्र सौरभ, आकाश रक्षित, भीखा उरांव, कार्यक्रम के प्रभारी जगन्नाथ भगत, चन्द्रकिशोर उरांव सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया.

## 10 लाख के इनामी नक्सली ने डाला हथियार,

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड के पीपराडीह निवासी 10 लाख के इनामी नक्सली रामदयाल महतो उर्फ बच्चन दा उर्फ निलेश दा उर्फ अमर दा ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। रामदयाल भाकपा माओवादी संगठन में 1989-90 में किसान कमेटी से अपनी गतिविधियां शुरू की थी। उसके कार्यों से प्रभावित होकर उसे संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने जोनल कमेटी का सदस्य बनाया गया था।

आत्मसमर्पण के बाद न्यू पुलिस केंद्र के सभाकक्ष में समारोह के दौरान डीआईजी सुनील भास्कर, एसपी डॉ. विमल कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।इस दौरान रामदयाल को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत दी जाने वाली राशि एवं अन्य सुविधाओं का लाभ दिया गया। उसे 10 लाख रुपये के चेक और एक लाख रुपये नकद दिए गए।इस अवसर पर रामदयाल ने नक्सलियों से हथियार छोड़कर समाज हित में मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की।

## नेशनल लोक अदालत में 9.74 अरब की रिकॉर्ड रिकवरी, कुल दो लाख तीन हजार 488 विवादों का निबटारा



**धनबाद, एजेंसी।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 2024 के तीसरे नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया. इस दौरान नौ अरब 74 करोड़ 30 लाख एक हजार 470 रुपये की रिकॉर्ड रिकवरी की गयी. प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है. नवंबर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह में किया जा रहा है. हमारा संविधान हर किसी को सामाजिक, आर्थिक व सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि राष्टीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं. बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते. लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है. अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है. लोक अदालत में दो लाख तीन हजार 488 विवादों के निबटारा के लिए 12 बेंच का गठन किया गया था. केवल चार घंटे मे ही 17 हजार कोर्ट में लंबित विवादों का निबटारा कर दिया गया. वहीं विभिन्न विभागों से संबंधित 90 हजार प्रिलेटिगेसन मामलों का निबटारा किया गया.

प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी हसन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज एंजेलिना जॉन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला उपभोक्ता फोरम की सदस्य शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के टीम विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

# संथाल डॉक्टर्स एसोसिएशन झारखंड का 7वां वार्षिक सम्मेलन में जुटे राज्यभर के चिकित्सक



**धनबाद, एजेंसी।** संथाल डॉक्टर्स एसोसिएशन झारखंड का सातवां वार्षिक सम्मेलन शनिवार को होटल वेडलॉक ग्रीन में हुआ. इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के विशेषज्ञ चिकित्सक व मेडिकल छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. मुख्य वक्ता टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर के औषधि विभागाध्यक्ष डॉ प्रो हीरालाल मुर्मू ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना संगठन का उद्देश्य है.

आज भी झारखंड की जनजातियां चिकित्सा विज्ञान से अनभिज्ञ है. उन्होंने विभिन्न बीमारियों और उनके निदान के उपाय बताये. कहा कि जनजातियों की आबादी में उस तरह की वृद्धि नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए. विस्थापन, अज्ञानता, बीमारी आदि कई समस्याएं इस समाज के समक्ष हैं. संचालन एसएनएमएमसीएच के डॉ लालबाबू टुडू व डॉ लक्ष्मण सोरेन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ विष्णु प्रसाद सोरेन ने किया.

रिनपास के पूर्व निदेशक डॉ सुभाष सोरेन ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को पूरे आदिवासी समाज तथा पिछड़ों और दलितों के बीच पहुंचाने में चिकित्सकों से सहयोग की अपील की. कहा कि अज्ञानता और निर्धनता के कारण आदिवासी लोगों की औसत आयु अन्य समाज के लोगों से कम है. मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ चंपई सोरेन ने कहा कि चिकित्सा के प्रति आदिवासी समाज जागरूक हुआ है, परंतु इसे और जागरूक करना होगा. रिम्स के डॉ लखीश्वर मुर्मू व डॉ प्रो लखन मांझी आदि ने कहा कि सभी चिकित्सकों के सामूहिक प्रयास से ही सुदूर इलाकों में बसे आदिवासियों तक चिकित्सा व्यवस्था पहुंचेगी.

एमजीएम कॉलेज जमशेदपुर के प्राचार्य डॉ दिवाकर हांसदा, डॉ जगरनाथ हेंब्रम, डॉ कुटलू मुर्मू, डॉ श्याम सोरेन, डॉ लक्ष्मण सोरेन, खेलाराम हांसदा, डॉ सुनीता मरांडी, डॉ आनंद मोहन सोरेन, डॉ एसएल मुर्मू, डॉ जीसी मांझी, डॉ विजय मुर्मू, डॉ अर्जुन सोरेन, डॉ देवदूत सोरेन, डॉ विक्रम मुर्मू, डॉ रतन सोरेन, डॉ दशरथ मुर्मू, डॉ सुनीता मुर्मू, डॉ सिलबिना मुर्मू, डॉ आकाश भारती मरांडी, डॉ एलबी टुडू, डॉ लुगु राम टुडू, डॉ डीआर मांझी, डॉ सेलिना टुडू, डॉ रीता हांसदा, डॉ ठाकुरमनी बेसरा, डॉ गणेश प्रसाद मुर्मू, डॉ जुझार मांझी, डॉ आरसी बेसरा, डॉ बाबूराय सोरेन, डॉ सिंगराई मुर्मू, डॉ रामदु हांसदा, डॉ एचसी मुर्मू,डॉ पार्वती सोरेन, डॉ एवेलिना हांसदा, डॉ रानी सोरेन, डॉ रतन सोरेन, डॉ केआर हांसदा, डॉ विजय कुमार मुर्मू, डॉ निरंजन मारडी, डॉ बाबूलाल मुर्मू, डॉ जगन्नाथ हेंब्रम, डॉ उत्पल मुर्मू , डॉ विजय कुमार मुर्मू, डॉ मंगल मांझी आदि.

# देवरी प्रखंड में भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में पुलिस पिकेट हटाने के विरोध में गिरिडीह में सड़क जाम



**गिरिडीह, एजेंसी।** जिले के देवरी प्रखंड में भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में पुलिस पिकेट को बंद करने के फैसले के विरोध में ग्रामीणों ने रविवार सुबह डहुआटांड़ - चौकी सड़क को जाम कर दी। बताया जाता है कि रविवार को चौकी पिकेट को बंद करके जवान रवाना होने वाले थे, इसकी जानकारी होते ही ग्रामीण पिकेट के पास पहुंचकर जवानों व पदाधिकारियों से नहीं जाने का आग्रह किया। इसके बाद सड़क को जाम कर दी।

ग्रामीणों का कहना था कि नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए सत्रह वर्ष पूर्व गिरिडीह के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में पुलिस पिकेट बनाकर जैप जवानों को तैनात किया गया था। पुलिस पिकेट बनने के बाद इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित माहौल मिला। लेकिन पुलिस पिकेट हटाने के निर्णय से असुरक्षा का माहौल उतपन्न हो जाएगा। चौकी से कुछ दूरी पर ही बिहार का जंगली इलाका शुरू हो जाता है, जहां अब भी नक्सलियों का विचरण होता है। पिकेट हटने के बाद नक्सली पुनः इस क्षेत्र में अपनी गतिविधियां बढ़ा सकते हैं। इसे देखते हुए चौकी पुलिस पिकेट को बंद करने के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए पिकेट को यथावत रखा जाए।

इधर, ग्रामीणों के सड़क पर उतर जाने की सूचना पर भेलवाघाटी के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने में जुटे हुए हैं। जिला परिषद सदस्य उसमान अंसारी, मुखिया विनोद हेंब्रम ने ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिकेट को यथावत रखने की मांग की है। मौके पर विजय सिंह, इंदर सिंह, गोवर्धन राणा, उदय सिंह, मदन लाल तुरी, ललन राणा, ललन देव कुमार राय, दारा सिंह, रवींद्र राय, विशुन हेंब्रम, राजकिशोर मंडल, कल्लू मंडल, परशुराम सिंह, राजू बेसरा, किशोर राय, गोपाल सिंह, लालमणि सिंह भगवान सिंह, चंद्रिका तुरी, चंद्रदेव यादव समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद हैं।

## मटकुरिया-आरा मोड़ फ्लाइओवर को लेकर क्लिनिंग-ग्रेडिंग का काम शुरू

**धनबाद, एजेंसी।** मटकुरिया-आरा मोड़ फ्लाइओवर को लेकर क्लिनिंग-ग्रेडिंग का काम शुरू हो गया है. आरामोड़ साइड से काम शुरू किया गया है. मटकुरिया से आरा मोड़ तक 3.25 किमी फ्लाइओवर व सड़क में 46 जगहों पर बोरिंग प्वाइंट चिह्नित किये गये हैं. बोरिंग की डिजाइन के अप्रूवल के बाद पिलर का काम शुरू होगा. गुजरात की कंपनी विरजी रतन सरोजिया फ्लाइओवर का काम कर रही है.

डीजीएम सह आरसीडी के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश कुमार के मुताबिक बोरिंग के माध्यम से ही स्पष्ट होगा कि फ्लाइओवर के लिए जो डिजाइन तैयार किया गया है, उसमें कितनी गहराई होगी. क्या-क्या काम होगा व कितना मटेरियल लगेगा. डिजाइन अप्रूव होने के बाद 46 प्वाइंट पर पिलर का काम शुरू होगा. उन्होंने बताया कि प्राइमरी स्टेज में प्रोजेक्ट की डिजाइन तैयार करने के लिए कंफर्मेटिव बोरिंग का काम किया जाता है. 154.51 करोड़ की इस योजना के तहत मटकुरिया से आरा मोड़ तक 3.25 किमी फ्लाइओवर व सड़क का निर्माण होना है. साज (झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार) की देखरेख में फ्लाइओवर का काम होगा. प्रस्तावित फ्लाइओवर में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के साथ रेलवे अंडरपास ब्रिज (आरयूबी) का भी निर्माण करना है. यह मटकुरिया से रेल लाइन के नीचे आरयूबी और धनबाद-गया रेल लाइन के ऊपर आरओबी बनेगा. पूरी सड़क चार लेन की होगी.

मटकुरिया से आरा मोड़ तक नयी सड़क बनने से बैंकमोड़ फ्लाइओवर पर लोड घटेगा. गोल बिल्डिंग व मेमको मोड़ होकर शहर में इंट्री करनेवाले भारी वाहन सीधे बिनोद बिहारी चौक से आरा मोड़ फ्लाइओवर होते हुए मटकुरिया निकलेंगे.

## चोरी के 144 मोबाइलों से 19 लाख का फ्रॉड, बंगाल पुलिस ने झारखंड में बोला धावा; दुकानदारों के बीच मची अफरा-तफरी

**चाईबासा, एजेंसी।** उपभोक्ताओं को चोरी के मोबाइल बेचने के एक मामले में अनुसंधान के लिए पश्चिम बंगाल की पुलिस ने शनिवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा शहर में दबिश दी है।

इस मामले में यहां एक मोबाइल विक्रेता को पुलिस उठाकर मुफस्सिल थाना ले गयी। वहां उससे मोबाइल की खरीद-बिक्री के बारे में पूछताछ की गयी। उसके बाद चार मोबाइल फोन जब्त कर उसे छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि कुल 144 मोबाइल के जरिये साइबर अपराधियों ने करीब 19 लाख रुपये की ठगी विभिन्न लोगों से की है।

पुलिस इन साइबर अपराध की जांच कर रही है। जांच के क्रम में यह बात सामने आयी कि उक्त फोन रांची, जमशेदपुर और चाईबासा समेत विभिन्न शहरों में इस्तेमाल हुए हैं। आइएमआइई नंबर से जब मोबाइल ट्रेस किये गये तो इनके अलग-अलग शहरों में एक्टिव होने का पता चला।

इसी के आधार पर बंगाल पुलिस ने पहले एक उपभोक्ता को फोन किया। पूछा कि यह मोबाइल आपने कहां से खरीदा है। यह चोरी का मोबाइल है।

# पुलिस पिकेट हटाने के विरोध में गिरिडीह में सड़क जाम, ग्रामीणों ने जतायी नक्सल गतिविधियां बढ़ने की आशंका



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड में पुलिस पिकेट को बंद करने के फैसले के विरोध में ग्रामीणों ने रविवार सुबह डहुआटांड़ ङ्क चौकी सड़क को जाम कर दी. मामला भेलवाघाटी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक रविवार को चौकी पिकेट को बंद करके जवान रवाना होने वाले थे, इसकी जानकारी होते ही ग्रामीण पिकेट के पास पहुंचकर जवानों व पदाधिकारियों से नहीं जाने का आग्रह किया. इसके बाद सड़क को जाम कर दी.

ग्रामीणों का कहना था कि नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए सत्रह वर्ष पूर्व गिरिडीह के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र में पुलिस पिकेट बनाकर जैप जवानों को तैनात किया गया था. पुलिस पिकेट बनने के बाद इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधि पर अंकुश लगने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित माहौल मिला. लेकिन पुलिस पिकेट हटाने के निर्णय से असुरक्षा का माहौल उतपन्न हो जाएगा. चौकी से कुछ दूरी पर ही बिहार का जंगली इलाका शुरू हो जाता है, जहां अब भी नक्सलियों का विचरण होता है. पिकेट हटने के बाद नक्सली पुनः इस क्षेत्र में अपनी गतिविधियां बढ़ा सकते हैं. इसे देखते हुए चौकी पुलिस पिकेट को बंद करने के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए पिकेट को यथावत रखा जाए.इधर, ग्रामीणों के सड़क पर उतर जाने की सूचना पर भेलवाघाटी के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने में जुटे हुए हैं. जिला परिषद सदस्य उसमान अंसारी, मुखिया विनोद हेंब्रम ने ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिकेट को यथावत रखने की मांग की है. मौके पर विजय सिंह, इंदर सिंह, गोवर्धन राणा, उदय सिंह, मदन लाल तुरी, ललन राणा, ललन देव कुमार राय, दारा सिंह, रवींद्र राय, विशुन हेंब्रम, राजकिशोर मंडल, कल्लू मंडल, परशुराम सिंह, राजू बेसरा, किशोर राय, गोपाल सिंह, लालमणि सिंह भगवान सिंह, फाल्गुनी सिंह, मनीता देवी, सुनीला देवी, रीना देवी, चंद्रिका देवी, मुनवा देवी, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, शांति देवी, उगनी देवी, देवंती देवी, सारो देवी, राजू प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र राणा, सुनील कुमार राय, रामपुकार सिंह, जगदीश तुरी, गणेश सिंह, चंद्रिका तुरी, चंद्रदेव यादव समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद हैं.

## 19 पैसे के शेयर को खरीदने टूटे निवेशक, 4 पर पहुंचा भाव, लगातार दे रहा मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेनी स्टॉक कम समय में शानदार रिटर्न दे जाते हैं। यही वजह है कि इस तरह के शेयर निवेशकों को खूब आकर्षित करते हैं। हालांकि, पेनी स्टॉक में दांव लगाना जोखिम भरा माना जाता है। आज हम आपको जिस शेयर के बारे में बता रहे हैं उसने कम समय में ही अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। हम बात कर रहे हैं- सिम्बियोक्स इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी के शेयर की। सिम्बियोक्स इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 20 प्रतिशत तक चढ़ गए और 4.34 रुपये पर पहुंच गए थे। यह इसका 52 वीक का हाई प्राइस भी है। बता दें कि पिछले पांच कारोबारी दिन में यह शेयर 36 प्रतिशत चढ़ गया है। कंपनी के शेयर पांच दिन में 36 प्रतिशत और छह महीने में 56 प्रतिशत चढ़ गए हैं। इस साल अब तक यह शेयर 44 प्रतिशत और सालभर में 55 प्रतिशत तक चढ़ गया है। चार साल में यह शेयर 2200 प्रतिशत तक चढ़ गया है। इस दौरान इसकी कीमत 19 पैसे (27 मार्च 2020 का बंद प्राइस) से वर्तमान प्राइस तक बढ़ गया है। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 4.34 रुपये और 52 वीक लो प्राइस 2.35 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 13.58 करोड़ रुपये है। पेनी स्टॉक ऐसे स्टॉक होते हैं जिनकी कीमत बहुत कम होती है, ज़्यादातर 20 रुपये प्रति शेयर से कम, और ऐसी कंपनियों का बाज़ार पूंजीकरण भी कम होता है। किसी कंपनी का मार्केट कैप बाज़ार में कारोबार कर रहे बकाया शेयरों का मूल्य होता है।

## घर जाओ, परिवार को दो टाइम... हसल कल्चर पर स्विगी सीईओ की दो टूक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्क प्रेशर के बीच पर्सनल लाइफ को बर्बाद करने वाले कर्मचारियों को लेकर स्विगी फूड एंड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान हसल कल्चर की आलोचना करते हुए कर्मचारियों को घर जाने की सलाह दी। इसके साथ ही काम और निजी जीवन के बीच बेहतर संतुलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बता दें कि बीते कुछ समय से कॉरपोरेट में हसल कल्चर बढ़ता दिख रहा है। इसके तहत कर्मचारी कामयाबी और प्रोडेक्टिविटी की तलाश में खुद को काम में झोंक देना पसंद करता है। स्विगी फूड एंड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने बताया कि कुछ व्यक्ति देर रात तक काम करने का दावा करते हैं, लेकिन वे यह नहीं बताते कि वर्कआवर यानी उनके काम शुरू करने की टाइमिंग देर से होती है। उन्होंने कहा- वो जो 3 बजे रात को बैठते हैं ना वो ये नहीं बताते कि 1 बजे दोपहर में ऑफिस पहुंचते हैं। कपूर ने यह भी कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत आवश्यक है, लेकिन यह किसी के निजी जीवन की कीमत पर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के साथ समय बिताने के महत्व पर जोर दिया और कर्मचारियों को काम के बाहर अपने रिश्तों को प्राथमिकता देने के लिए कहा। कपूर ने ज्यादा काम के घंटों को महिमामंडित करने की धारणा का कड़ा विरोध किया। कपूर ने समझाया- हां, ऐसे समय होते हैं जब आपको अतिरिक्त घंटे लगाने की आवश्यकता हो सकती है लेकिन यह आदत या सम्मान का प्रतीक नहीं बनना चाहिए। दरअसल, बीते दिनों ईवाई के पुणे परिसर में कार्यरत 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट एना सेबेस्टियन पेरायिल की कंपनी में शामिल होने के मात्र चार महीने बाद ही कथित तौर पर काम के दबाव के कारण मृत्यु हो गई। एना की मां की तरफ से ईवाई इंडिया के चेयरमैन राजीव मेमानी को लिखे गए पत्र के मुताबिक, एक नए कर्मचारी के रूप में एना पर बहुत ज़्यादा काम का बोझ था, जिसने उन्हें शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक रूप से प्रभावित किया था।

# एक अक्टूबर से कई नियमों में हो रहा है बदलाव

- इनमें एलपीजी और सीएनजी की कीमत भी शामिल है
- एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड के नियम भी बदल रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो दिन बाद यानी एक अक्टूबर से कई नियमों में बदलाव हो रहा है। ये बदलाव आपकी जेब पर सीधा असर डालेंगे। इनमें एलपीजी की कीमत, पीपीएफ, क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम आदि शामिल हैं। आपको इन नियमों के बारे में पता होना चाहिए। कई ऐसे नियम हैं जिनमें हर महीने बदलाव होता है। साथ ही बैंकिंग आदि से जुड़ी कई कंपनियां महीने के बीच में कुछ बदलाव करती हैं। ज्यादातर से नियम अगले महीने की एक तारीख से लागू होते हैं। इस बार भी कई नियम एक तारीख से लागू हो रहे हैं।



### 1. एलपीजी में बदलाव

हर महीने की पहली तारीख को ऑइल कंपनियां एलपीजी का मूल्यांकन करती हैं। इसके आधार पर कंपनियां इनकी कीमत में बदलाव भी कर सकती हैं। एक तारीख को घरेलू या कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव होता है। हालांकि यह जरूरी नहीं कि कंपनियां इनमें बदलाव ही करें। पिछले महीने की कीमत को आगे भी जारी रख सकती हैं। एलपीजी पर रेट बढ़ेंगे या कम होंगे या पिछले महीने वाले ही रहेंगे, इसके बारे में एक अक्टूबर को सुबह ही पता चल जाएगा।

### 2. एटीएफ और सीएनजी-पीएनजी में बदलाव

महीने की पहली तारीख को ऑइल कंपनियां एयर टर्बाइन फ्यूल और सीएनजी-पीएनजी के दाम भी संशोधित करती हैं। कंपनियों के दाम भी बढ़ा या कम कर सकती हैं। एटीएफ का रेट बढ़ने पर हवाई यात्रा महंगी हो सकती है। वहीं सीएनजी महंगी होने पर बस या ऑटो में सफर महंगा हो सकता है। पीएनजी महंगी होने से पाइप के जरिए घर में आने वाली गैस महंगी हो जाएगी।

### 3. एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड

अगर आप एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं तो एक अक्टूबर से आप पर भी असर पड़ेगा। एचडीएफसी बैंक ने अपने कुछ क्रेडिट कार्ड के लायल्टी प्रोग्राम को लेकर बदलाव किए हैं। एचडीएफसी बैंक ने स्मार्टबाय प्लेटफॉर्म पर एप्पल प्रोडक्ट के लिए रिवार्ड पॉइंट के रिडम्पशन को एक प्रोडक्ट हर कैलेंडर तिमाही तक सीमित कर दिया है। ये नए नियम एक अक्टूबर से लागू होंगे।

### 4. बढ़ी हुई मिलेगी न्यूनतम मजदूरी

एक अक्टूबर से श्रमिकों को अब बढ़ी हुई मजूदरी मिलेगी। केंद्र सरकार ने श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाकर 1035 रुपये प्रतिदिन तक कर दी है। निर्माण, साफ-सफाई, समान उतारने और चढ़ाने आदि काम करने वाले श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन मिलेगी।

अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 868 रुपये प्रति दिन होगी।

कुशल, लिपिक और बिना हथियार वाले चौकीदार या गार्ड के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 954 रुपये प्रतिदिन होगी।

चौकीदारी या गार्ड का काम करने वालों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 1035 रुपये प्रतिदिन होगी।

अत्यधिक कुशल और हथियारों के साथ चौकीदारी या गार्ड का काम करने वालों के लिए न्यूनतम वेतन दर 1035 रुपये प्रति दिन होगी।

### 5. सुकन्या समृद्धि योजना के नियम में बदलाव

एक अक्टूबर से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों का अकाउंट सिर्फ कानूनी अभिभावक ही संचालित कर सकेंगे। पहले ऐसा नहीं था। अगर बच्ची का अकाउंट ऐसे शख्स द्वारा खोला गया है जो उसका कानूनी अभिभावक नहीं है तो उसे एक अक्टूबर से यह अकाउंट बच्ची के माता-पिता या कानूनी अभिभावक को ट्रांसफर करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो अकाउंट को बंद कर दिया जाएगा।

## बिजली बनाने में 2030 तक खत्म होगा जीवाश्म ईंधन का प्रभुत्व, अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में बिजली उत्पादन में जीवाश्म ईंधन का प्रभुत्व दशक के अंत तक समाप्त हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर बिजली उत्पादन में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत के पार जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार हाल के वर्षों में ऊर्जा संक्रमण में तेजी आई है। इसके अलावे, स्वच्छ प्रौद्योगिकी की तैनाती और पूंजी निवेश की गति रिकॉर्ड स्तर पर पहुच गई है।

आरबीआई ने कहा, जीवाश्म ईंधन के प्रभुत्व का युग समाप्त हो रहा है, और इस दशक के अंत तक वैश्विक स्तर पर बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत को पार कर जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि से स्टीलमेकिंग और एविएशन जैसे क्षेत्रों को मदद मिलेगी, जहां कम कार्बन उत्सर्जन का विकल्प अब भी अपने प्रारंभिक चरण में है। केंद्रीय बैंक ने कम कार्बन उत्सर्जन वाले ऊर्जा में निवेश बढ़ाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

आरबीआई ने कहा, स्वच्छ विद्युत उत्पादन से आक्रामक कार्बन उत्सर्जन की कटौती को बढ़ावा मिल सकता है, इसकी तत्काल जरूरत है। इससे इस्पात निर्माण और विमानन जैसे क्षेत्रों से निपटने के लिए अधिक समय मिल सकेगा, जहां कार्बन उत्सर्जन में कटौती करना फिलहाल चुनौती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जीवाश्म ईंधन में निवेश किए गए प्रत्येक डॉलर के लिए, आने वाले वर्षों में अक्षय ऊर्जा के लिए औसतन तीन डॉलर आवंटित किए जाने की आवश्यकता है, जो वर्तमान अनुपात से काफी अधिक है, जहां दोनों क्षेत्रों में समान निवेश हो रहा है। 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करना शताब्दी के मध्य तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जरूरी माना जाता है।

आरबीआई ने कहा, ऊर्जा आपूर्ति पक्ष पर, जीवाश्म ईंधन पर खर्च होने वाले प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के लिए, शेष दशक में औसतन 3 अमेरिकी डॉलर का निवेश निम्न-कार्बन उत्सर्जन वाली ऊर्जा में किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में आरबीआई ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि 2050 तक पूरी तरह से कार्बन मुक्त वैश्विक ऊर्जा प्रणाली की अनुमानित लागत 215 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होगी।हालांकि, रिपोर्ट वित्तीय क्षेत्र को हरित बनाने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में आशावादी बनी हुई है। इसमें इस बात पर बल दिया गया है कि सार्वजनिक नीति हस्तक्षेप और बाजार आधारित प्रतिस्पर्धा के बीच सही संतुलन बनाना इस महत्वाकांक्षी ऊर्जा परिवर्तन की उपलब्धि को प्राप्त करने की दिशा में कुंजी साबित होगी।

## अनिल अंबानी की रिलायंस पावर का शेयर 8 दिन में 50 प्रतिशत चढ़ा शेयर, कर्जमुक्ति के बाद निवेशकों का बढ़ा भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर में पछिले आठ कारोबारी सत्र से तेजी का रुख बना हुआ है। विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड की तरफ से गारंटर के तौर पर लोन सेटलमेंट के ऐलान के बाद रिलायंस पावर के शेयर में तेजी देखी गई। रिलायंस पावर के शेयर में 18 सितंबर 2024 से अब तक लगातार अपर सर्किट लगा हुआ है। कंपनी के शेयरों में करीब 50 प्रतिशत की तेजी आई है और यह 46.36 रुपए के 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इस तेजी का मुख्य कारण विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड के लोन सेटलमेंट और रिलायंस पावर के कर्जमुक्त होने का ऐलान है। इसके साथ ही कंपनी ने ष्टस्नरू एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के साथ भी अपने सभी विवादों का समाधान कर लिया है, जिससे शेयरों में उछाल देखने को मिला।




शेयर बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनी के शेयर लॉन्ग टर्म में भी अच्छे मुनाफे की संभावना दिखा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह शेयर 58 से 62 रुपए तक पहुंच सकता है। हालांकि, नए निवेशकों को निवेश करने से पहले थोड़ी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। रिलायंस पावर का शेयर 2020 में 1.13 रुपए तक गिर गया था लेकिन तब से इसमें लगातार सुधार देखने को मिला है। शेयर 52 हफ्ते का लो लेवल 15.53 रुपए है। इसके साथ कंपनी की मार्केट कैप बढ़कर 18,622 करोड़ रुपए हो गई है।

## अंबानी के शेफ को हर महीने मिलते हैं 2 लाख रुपये

### सैलरी के साथ हेल्थ इंश्योरेंस जैसे कई अतिरिक्त फायदे भी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी अपनी शानदार जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनके घर के शेफ को कितनी सैलरी मिलती है रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी के शेफ को हर महीने लगभग 2 लाख रुपये मिलते हैं। इसके अलावा, उन्हें हेल्थ इंश्योरेंस और उनके परिवार के लिए एजुकेशन सपोर्ट जैसे कई अतिरिक्त फायदे भी दिए जाते हैं। मुकेश अंबानी शाकाहारी हैं। उन्हें कई तरह के व्यंजन पसंद हैं। उनके परिवार के खाने-पीने की आदतों से परंपरा और स्वाद, दोनों का पता चलता है।

नीता अंबानी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मुकेश अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद हमेशा अपने परिवार के साथ डिनर करने का समय निकालते हैं। परिवार के साथ भोजन करना उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा है, जो साथ रहने के महत्व को दर्शाता है।

मुकेश को स्ट्रीट फूड, खासकर सेव पूरी और दूसरे चटपटे स्नैक्स बहुत पसंद हैं। मुंबई के पॉपुलर रेस्टोरेंट स्वाति स्नैक्स से भी उन्हें खाना मंगवाना पसंद है। उनके परिवार में आमतौर पर दाल, रोटी और चावल जैसे पारंपरिक भारतीय भोजन शामिल होता है, जो उनकी सांस्कृतिक जड़ों को दर्शाता है।

मुकेश घर का बना खाना पसंद करते हैं। उन्हें गुजराती दाल और राजमा बहुत पसंद है। यह सुनिश्चित करता है कि वह प्रामाणिक और पौष्टिक भोजन करें। वह सख्त डाइट फॉलो करते हैं। अपनी सेहत बनाए रखने के लिए हरी सब्जियां और सलाद पसंद करते हैं।

अंबानी परिवार को भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के व्यंजन पसंद हैं। विशेष अवसरों पर उनकी कुशल कुकिंग टीम इन्हें तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। पारंपरिक और आधुनिक खानपान की आदतों का यह मिश्रण दर्शाता है कि मुकेश अंबानी अपनी समृद्ध जीवनशैली को अच्छे भोजन और पारिवारिक मूल्यों के प्रति सच्ची कदर के साथ कैसे संतुलित करते हैं।

### सैलरी के साथ शेफ को अतिरिक्त फायदे

मुकेश अंबानी अपने शेफ को पैसा देने में जरा भी कोताही नहीं करते हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एंटीलिया में मुकेश अंबानी के शेफ को हर महीने लगभग 2 लाख रुपये मिलते हैं। इसके अलावा, उन्हें हेल्थ इंश्योरेंस और उनके परिवार के लिए एजुकेशन सपोर्ट जैसे कई अतिरिक्त फायदे भी दिए जाते हैं।

## सिर्फ 2 हजार रुपये से शुरू किया काम, अब 6 लाख महीने की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ठाणे की रहने वाली 39 साल की ललिता पाटिल ने घर से ही टिफिन सर्विस शुरू करके एक करोड़ रुपये की कमाई करने वाला बिजनेस खड़ा कर दिया है। 2016 में सिर्फ 2,000 रुपये से ललिता ने टिफिन सर्विस शुरू की थी। 2019 में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज की स्टार्टअप प्रतियोगिता जीतकर उन्होंने 7 लाख रुपये हासिल किए। इस पैसे से अपना रेस्तरां घरची आठवण की शुरुआत की। अब उनका व्यवसाय महीने में 6-7 लाख रुपये कमाता है। आइए, यहां ललिता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

फिजिक्स में ग्रेजुएट ललिता की 20 साल की उम्र में शादी हो गई थी। हमेशा से वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहती थीं। शुरुआत में उन्होंने ट्यूशन पढ़ाया। फिर एक फार्मेसी कंपनी के लिए दवाइयां बेचीं। लेकिन, उन्हें अपने काम से संतुष्टि नहीं मिल रही थी।। ललिता के पति की एक गैस एजेंसी थी।



लेकिन, राज्य सरकार की ओर से नई गैस पाइपलाइन शुरू करने से उनका बिजनेस ठप पड़ता गया। ऐसे में 2016 में ललिता ने टिफिन बॉक्स खरीदने के लिए 2,000 रुपये और विज्ञापन के पर्चे बंटवाने के लिए 500 रुपये का निवेश करके अपना होम टिफिन बिजनेस शुरू किया। उनका यह बिजनेस ठाणे के वर्किंग प्रफेशनल्स और स्टूडेंट्स के बीच काफी लोकप्रिय हो गया। ललिता ने अपने टिफिन सर्विस का नाम घरची आठवण यानी घर की यादें इसलिए रखा, ताकि लोगों को घर जैसा सादा खाना मिल सके। एक साल तक तो सब कुछ ठीक रहा। लेकिन, जल्द ही उन्हें एहसास हुआ कि लोग उनके फलते-फूलते व्यवसाय के बावजूद उन्हें एक गृहिणी के रूप में ही देखते हैं। ललिता एक उद्यमी के रूप में पहचान बनाना चाहती थीं। उनमें अपने व्यवसाय को बढ़ाने की बहुत ज्यादा इच्छा थी। लेकिन, ललिता की बचत सीमित थी। कोई भी उन्हें लोन देने को तैयार नहीं था।

2019 में ललिता ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के स्टार्टअप कॉम्पिटिशन के बारे में एक अखबार में पढ़ा। इस प्रतियोगिता में जीतने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम मिलना था। ललिता ने अपनी कहानी शेयर की और प्रतियोगिता जीत गईं। टैक्स कटने के बाद ललिता को 7 लाख रुपये मिले। इसे उन्होंने तुरंत अपने व्यवसाय में लगा दिया। उन्होंने 6 लाख रुपये रेस्टोरेंट में लगाए। बाकी पैसे रिजर्व फंड के तौर पर रखे। इस पैसे से ललिता ने जुलाई 2019 में ठाणे कोपरी में अपना खुद का रेस्टोरेंट घरची आठवण खोला। आज ललिता का बिजनेस घर का बना खाना, कैटरिंग और टिफिन सर्विस के जरिए हर महीने 6-7 लाख रुपये कमाता है। उनके बिजनेस का सालाना रेवेन्यू 1 करोड़ रुपये है। जैसे-जैसे उनका व्यवसाय बढ़ता गया, उनके पति ने भी गैस एजेंसी का काम छोड़ दिया और ललिता को पूरा सहयोग देने लगे।

# टैक्स सेविंग के लिए बेहतर है एनपीएस वात्सल्य

- पैरेंट्स अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए इसमें निवेश कर सकते हैं
- इसमें एनपीएस की तरह की टैक्स बेनिफिट्स की बात सामने आ रही है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले हफ्ते एनपीएस वात्सल्य योजना को लॉन्च किया था। यह नाबालिग बच्चों के लिए रिटायरमेंट सेविंग्स को सुरक्षित करने के लिए एक निवेश योजना है। इसमें बच्चे के नाम पर अकाउंट खोला जाता है। हालांकि पैरेंट्स या अभिभावक नाबालिग बच्चे की ओर से एनपीएस वात्सल्य में निवेश कर सकते हैं। सरल शब्दों में कहें तो जो नेशनल पेंशन सिस्टम आपके लिए है, वही एनपीएस वात्सल्य आपके बच्चे के लिए है।

बात आती है कि क्या इसमें निवेश करके एनपीएस की तरह टैक्स सेविंग की जा सकती है दरअसल, रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने के अलावा एनपीएस आपको टैक्स बचाने में भी मदद करता है। एनपीएस में निवेश करने पर दोनों टैक्स व्यवस्थाओं में टैक्स बेनिफिट मिलता है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि एनपीएस वात्सल्य में निवेश करने पर भी टैक्स बेनिफिट मिलता है। हालांकि काफी लोगों को अभी यह बात पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है कि उन्हें टैक्स कटौती का लाभ मिलेगा या नहीं।




### एनपीएस में कितनी मिलती है टैक्स कटौती

एनपीएस में निवेश करने पर निवेशकों को टैक्स में कटौती का लाभ मिलता है। यह लाभ नई और पुरानी, दोनों टैक्स व्यवस्थाओं में मिलता है। यह टैक्स बेनिफिट इनकम टैक्स की धारा 80सीसीडी (1), 80सीसीडी (1बी) और 80सीसीडी (2) के तहत मिलता है। धारा 80सीसीडी(1) के तहत एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 1.5 लाख रुपये की टैक्स कटौती का लाभ ले सकते हैं। यह कटौती धारा 80सी, धारा 80सीसीसी और धारा 80सीसीडी के तहत मिली कटौती का हिस्सा है। वहीं धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में योगदान के लिए 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त कटौती मिलती है। इस प्रकार में एनपीएस में निवेश पर कुल 2 लाख रुपये की टैक्स कटौती का लाभ मिलता है।

### एनपीएस वात्सल्य में टैक्स कटौती कितनी

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एनपीएस वात्सल्य में निवेश करने पर सब्सक्राइबर इनकम टैक्स की धारा 80सीसीडी(1) और धारा 80सीसीडी(1बी) के तहत टैक्स बेनिफिट्स का दावा कर सकते हैं। यानी यहां भी एनपीएस की तरह दो लाख रुपये की टैक्स कटौती की जा सकती है। लेकिन यह सही नहीं है। हमारे सहयोगी इकनॉमिक टाइम्स में छपी खबर के अनुसार एक्सिस पेंशन फंड के एमडी और सीईओ सुमित शुक्ला बताते हैं कि फिलहाल एनपीएस वात्सल्य के तहत पैरेंट्स के लिए कोई टैक्स बेनिफिट मौजूद नहीं है। पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने बताया कि उसने अभी तक एनपीएस वात्सल्य के लिए टैक्स नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। अगर इसमें कोई बदलाव या नया प्रावधान पेश किया जाता है तो इसकी घोषणा आगामी बजट में की जाएगी।

## वायकॉम18 और डिज्नी के विलय को मंजूरी, सरकार ने स्टार इंडिया को दिया लाइसेंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की मीडिया इकाई वायकॉम18 के गैर-न्यूज और समसामयिक विषयों के टीवी चैनल का लाइसेंस स्टार इंडिया को स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीवी18 ब्रॉडकास्ट द्वारा की गई विनियामक फाइलिंग के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर को इस स्थानांतरण की मंजूरी दी। सरकार के आदेश में कहा गया है कि यह विलय भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन होगा। वायकॉम18 एक होल्डिंग कंपनी है जो रिलायंस इंडस्ट्रीज और बोधि ट्री सिस्टम्स के मीडिया और मनोरंजन व्यवसाय का स्वामित्व रखती है। अब, दोनों पक्ष विलय के अंतिम चरण में हैं, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के निर्देशों के अनुसार व्यवसाय में कुछ समायोजन किए जा रहे हैं।

30 अगस्त को, एनसीएलटी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मीडिया और मनोरंजन परिसंपत्तियों वाली वायकॉम18 और डिजिटल 18 मीडिया के स्टार इंडिया के साथ विलय को मंजूरी दे दी थी। इस विलय के तहत वायाकॉम 18 और जियो सिनेमा के मीडिया संचालन उपक्रम को डिजिटल 18 में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। डिजिटल 18 वायकॉम18 की सहायक कंपनी है। इसके बाद डिजिटल 18 से वी18 को अलग करके उसे स्टार इंडिया में शामिल किया जाएगा। इस विलय से देश का सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य बनेगा, जिसकी कीमत 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक होगी। वायाकॉम18, रिलायंस समूह का हिस्सा है, और एसआईपीएल पूरी तरह से द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी के स्वामित्व में है। ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में निगमित कंपनी एसटीपीएल का स्वामित्व अप्रत्यक्ष रूप से वॉल्ट डिज्नी के पास है। हालांकि, सीसीआई ने दोनों पक्षों द्वारा किए गए मूल सौदे में स्वैच्छिक संशोधनों का खुलासा नहीं किया।

सार समाचार

## विमंस अंडर 19 टी-20 टूर्नामेंट के लिए चंडीगढ़ की टीम लहली रवाना



**चंडीगढ़, एजेंसी।** मंगलवार 1 अक्तूबर से शुरु होने वाली विमंस अंडर 19 टी-20 मुकाबले के लिए चंडीग? की टीम शनिवार को रोहतक के निकट लहली के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तानी गुलनाज ग्रेवाल को दी गई है। टीम अपना पहला मुकाबला एक अक्तूबर को सौराष्ट्र के खिलाफ खेलेगी जबकि दूसरा मैच 2 अक्तूबर को सुलतानपुर में नागालैंड के विरुद्ध है। टीम अपने तीसरे मैच में 4 अक्तूबर को विदर्भ से लहली में खेलेगी। चौथा मैच झज्जर में 6 अक्तूबर को आंध्र प्रदेश के खिलाफ खेला जायेगा। टीम का अंतिम लीग मैच 8 अक्तूबर को सुल्तानपुर में तमिलनाडु की टीम के साथ तय है।

**टीम इस प्रकार है:** – आहन वैद्य, दीप्ति वालिया, द्विनिधि संदिल, गनिका बंसल, गीत पाहवा, नवनूर कौर, पारुल सैनी, पूर्वी सिंह, राखी धीर, सिमरनप्रीत कौर, स्मायरा ठाकुर, तैयशा मनचंदा, तनिष्का राणा, तरुणिका, गुलनाज ग्रेवाल (कप्तान), प्रीति मेहरा (कोच), मनमीत गिल (मैनेजर), सुजाता (ट्रेनर), नीमा (फिजियो)।

### आईपीएल 2025:

## पांच खिलाड़ियों को किया जा सकेगा रिटेन

### ● टीमों के पास एक राइट टू मैच का भी विकल्प

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लिए सभी टीमों के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प मिल सकता है। इसके अलावा टीमों के पास नीलामी के दौरान एक राइट टू मैच कार्ड का भी विकल्प होगा। पता चला है कि अगले आईपीएल सीज़न की मेगा नीलामी से पहले अन्य रिटेंशन नियमों को अंतिम रूप देकर उसकी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी है कि कितने भारतीय खिलाड़ी या विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन किया जा सकेगा। कुल मिला कर अभी तक रिटेंशन नियमों में होने वाले बदलावों में इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि रिटेन किए जाने वाले कुल खिलाड़ियों में भारतीय खिलाड़ी, विदेशी खिलाड़ी और अनकैप्ड खिलाड़ियों की संख्या क्या होगी। इसके अलावा खिलाड़ियों के रिटेंशन के लिए कितने स्लैब होंगे, इस बात की भी जानकारी नहीं मिल सकी है। हालांकि हर टीम के पास लगभग 115 से 120 करोड़ रूपए का पर्स होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए रिटेंशन नियमों पर बहुप्रतीक्षित घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है क्योंकि गवर्निंग काउंसिल की शनिवार को बैठक होने वाली है। घोषणा में 24 घंटे लग सकते हैं लेकिन अगले कुछ घंटों में औपचारिक निर्णय की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

रिटेंशन की संख्या तय करने के अलावा, जीसी से मेगा-नीलामी की तारीख और स्थान पर भी फैसला लेने की उम्मीद है। अभी तक, यह कहा जा रहा है कि यह नवंबर के अंत में होगा और खाड़ी के किसी शहर में हो सकता है। माना जा रहा है कि सऊदी अरब भी नीलामी की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है और अगर जीसी मंजूरी देता है, तो यह रियाद में भी हो सकता है।

शूटिंग

# भारतीय निशानेबाजों ने पेरू में जूनियर विश्व चैंपियनशिप में टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली की जूनियर पुरुष टीम ने 1726 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम दूसरा स्थान हासिल करने वाले रोमानिया से 10 अंक आगे रही।

भारतीय निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की लेकिन एक निशानेबाज पर देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया। उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली की जूनियर पुरुष टीम ने 1726 अंकों के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम दूसरा स्थान हासिल करने वाले



रोमानिया से 10 अंक आगे रही। इटली ने 1707 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। चौधरी हालांकि फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के कारण दो अंक का जुर्माना लगने से पदक हासिल करने से चूक गए।

चौधरी और प्रद्युम्न ने क्वालिफिकेशन राउंड में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई थी। चौधरी ने 580 और प्रद्युम्न ने 578 का स्कोर किया, लेकिन फाइनल में वे क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर रहे। नेलवल्ली 574 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल में जगह नहीं बना पाए। व्यक्तिगत वर्ग में रोमानिया के लुका जोल्डिया ने स्वर्ण पदक जबकि चीनी ताइपे के हसिह सियांग चेन ने रजत पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की भारतीय टीम ने 1708 का स्कोर करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम ने अजरबेजान को एक अंक से पीछे छोड़ा। यूक्रेन की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया। डागर और कनक ने क्वालीफाइंग दौर में समान 573 का स्कोर बनाया। डागर ने हालांकि 10 अंक के अधिक स्कोर बनाए थे और इस कारण वह तीसरे जबकि कनक पांचवें स्थान पर रही। फाइनल में कनक ने 217.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता जबकि डागर आठवें स्थान पर रहीं। चीनी ताइपे की चेन यू-चुन ने स्वर्ण पदक जबकि स्लोवाकिया की मांजा स्लैक ने रजत पदक हासिल किया।

## गुलवीर सिंह ने बढ़ाया भारत का मान, चैलेंज कप में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ 5000 मीटर स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर ने विश्व एथलेटिक्स के इस 'ब्रॉन्ज लेवल मीट' में 13 मिनट 11.82 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। भारत के गुलवीर सिंह ने शनिवार को जापान के निगाटा में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के योगिबो एथलेटिक्स चैलेंज कप में पुरुषों के 5000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर ने विश्व एथलेटिक्स के इस 'ब्रॉन्ज लेवल मीट' में 13 मिनट 11.82 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में 13 मिनट 18.92 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया था। गुलवीर के नाम 10,000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इस साल मार्च में कैलिफोर्निया में 'टेन ट्रैक मीट' में कायम किया था। उन्होंने उस समय 27 मिनट 41.18 सेकंड का समय लिया था।



# ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

## क्लब रिकॉर्ड बनाने से रोका, जानें पूरा मामला

**बार्सिलोना, एजेंसी।** बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया।

ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने की। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड ज़रागोज़ा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया।



बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग के इस सत्र में पहले सात मैच जीतकर शानदार शुरुआत की थी। अगर वह ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

### मेसी के गोल से शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंचा इंटर मियामी

लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेसी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेसी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेसी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।

## मोहम्मद यूसुफ ने पाकिस्तान के चयनकर्ता पद से दिया इस्तीफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद यूसुफ ने रविवार (29 सितंबर) को व्यक्तिगत कारणों के चलते पाकिस्तान की पुरुष टीम के चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया। यूसुफ उस नए पैनल का हिस्सा थे जिसने पुरुष टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनी थी जिसमें पाकिस्तान ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। जुलाई में उन्हें असद शफीक के साथ नए पैनल में बरकरार रखा गया था।



शान मसूद की पाकिस्तान टीम हाल ही में नजमुल हुसैन शांतो की बांग्लादेश से 2-0 से हार गई जिसके बाद यूसुफ ने पद छोड़ने का फैसला किया। यूसुफ ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के लिए भी टीम चुनी जो सोमवार, 7 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। यूसुफ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता पद से इस्तीफा देने की घोषणा करता हूं। इस अविश्वसनीय टीम की सेवा करना एक बड़ा सम्मान रहा है, और मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है। मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर पूरा भरोसा है और मैं अपनी टीम को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे महानता के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा के बाद अनुभवी बल्लेबाज अहमद शहजाद ने पाकिस्तान चैंपियंस कप में दो शतक बनाने वाले कामरान गुलाम को बाहर करने के लिए यूसुफ की आलोचना की। उन्होंने कहा, आप कामरान और साहिबजादा फरहान को टीम में न चुनने को कैसे सही ठहराएंगे? उन्होंने क्या पाप किया? क्या यह इसलिए है क्योंकि वे उसी स्थान पर बल्लेबाजी करते हैं जहां बाबर बल्लेबाजी करते हैं? जब यूसुफ कोच थे, तो उन्होंने सब कुछ दो से तीन खिलाड़ियों पर छोड़ दिया था। यूसुफ चयनकर्ता हैं और वह इस टीम का चयन कर रहे हैं। मुझे एक तर्क बताइए कि कामरान गुलाम को बाहर क्यों रखा गया? पाकिस्तान 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में 7 में से दो मैचों में जीत की बदौलत 16 अंकों के साथ तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले साल बाबर आजम से कप्तानी संभालने के बाद मसूद ने सभी पांच टेस्ट गंवाए हैं।

चेस

## प्रज्ञानंद बोले- लगातार शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लेने से शारीरिक और मानसिक तौर पर चुनौतीपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने कहा कि पूरे साल शतरंज खेलने से एक खिलाड़ी के शारीरिक और मानसिक पहलुओं पर भारी असर पड़ सकता है और वह इससे निपटने के लिए टूर्नामेंटों से पहले अपने दिमाग को खेल से दूर रखने की सोचते है। भारत को पहली बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक दिलाने के बाद हाल ही में बुडापेस्ट से लौटे प्रज्ञानंद ने कहा कि यह लगातार शतरंज खेलने का ही नतीजा है कि वह कभी-कभी वह शतरंज की बिसात की ओर देखना भी नहीं चाहते हैं।

चेन्नई के इस 19 साल के खिलाड़ी ने कहा, निश्चित रूप से इससे मानसिक और शारीरिक प्रभाव पड़ता है। लेकिन हम इसके आदी हैंज हमें इसकी आदत डालने की जरूरत है क्योंकि पूरे साल टूर्नामेंट होते रहते हैं। मुझे पिछले साल इस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ा था। इस लिए मुझे उसकी आदत हो गयी है। प्रज्ञानंद अब लंदन में होने वाले ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हो रहे हैं। इस टूर्नामेंट टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) का संयुक्त उद्यम है।



प्रज्ञानंद इस लीग में मैग्नस कार्लसन के नेतृत्व वाली अल्पाइन एसजी पाइपर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। छह टीमों की इस लीग का आयोजन तीन अक्टूबर से शुरू होगा। उन्होंने कहा, इस तरह की थकान से निपटने के लिए मैं खुद को कुछ समय के लिए शतरंज से दूर कर लेता हूं। टूर्नामेंटों या प्रतियोगिताओं के दौरान भी अगर थकान हावी होने लगे तो मैं ब्रेक के दौरान खुद को शतरंज बोर्ड से अलग कर लेता हूं। प्रज्ञानंद ने डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा के साथ मिलकर 'ओपन' श्रेणी में शतरंज ओलंपियाड का स्वर्ण पदक जीता। कम उम्र में ही शतरंज के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो चुके प्रज्ञानंद ने कहा कि वह मानसिक थकान के कारण ओलंपियाड में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। प्रज्ञानंद ने 10 मैचों में तीन जीत, छह ड्रॉ और एक हार के साथ छह अंक हासिल किये थे।

उन्होंने कहा, ओलंपियाड में उम्मीदों के मुताबिक व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं होने का एक कारण मानसिक थकान हो सकता है क्योंकि मैं बहुत ज्यादा मैच खेल रहा था। आप जानते हैं कि कभी-कभी ऐसा होता है कि आपने अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं खेला और आपको उस तथ्य को स्वीकार कर अगले मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। आपको बस यह जानना होगा कि क्या गलत हुआ, ऐसा क्यों हुआ। इसलिए अब मैं अपने अगले कार्यक्रम (जीसीएल) पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। ओलंपियाड हमारे लिए बहुत अच्छा था। हम टीम स्वर्ण जीतना चाहते थे और हमने ऐसा किया, इसलिए यह मेरे लिए अच्छा है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंटों के लगातार आयोजन ने उन्हें वास्तव में जीसीएल के लिए तैयारी करने का समय नहीं दिया है। वह लंदन पहुंचने के बाद इसकी तैयारी करेंगे।

## राजधानी एक्सप्रेस को केवल टी-20 खेलने की परमिट, 155 से ज्यादा की रफ्तार वाला गेंदबाज IPL में कर पाया था सिर्फ 73 गेंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फिट हो चुके मयंक यादव को बांग्लादेश के खिलाफ 6 अक्टूबर से ग्वालियर में शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए भारत की टी20 टीम में चुना गया है। मयंक ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए अपनी रफ्तार से सनसनी मचा दी थी, लेकिन चोटिल होने के कारण उनका सफर काफी छोटा रहा।

'राजधानी एक्सप्रेस' मयंक ने आईपीएल 2024 में केवल 4 मैच खेले और केवल 12.1 ओवर गेंदबाजी की। लेकिन वह बार-बार पेट में खिंचाव आने से पहले लगातार 155 किमी प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करके टूर्नामेंट में धूम मचाने में सफल रहे। उन्होंने चार महीने से अधिक समय से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। उनको नेशनल क्रिकेट एकेडमी के वर्तमान प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने फिटनेस मंजूरी दे दी है। उन्हें केवल टी20 खेलने की परमिट मिली है।

**वीवीएस लक्ष्मण की अहम भूमिका** – मयंक यादव की वापसी को लेकर उनके कोच देवेंद्र शर्मा ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, ÷इसका पूरा श्रेय लक्ष्मण सर को जाता है। उन्होंने मयंक में विशेष रुचि ली, ठीक उसी दिन से जब मयंक एनसीए में गया था। लक्ष्मण सर ने उसे स्पष्ट निर्देश दिया था कि पहले अपनी कोर स्ट्रेंथ पर काम करो और फिर गेंदबाजी शुरू करो। यह एक धीमी प्रक्रिया थी। बीसीसीआई कोई जोखिम नहीं लेना चाहता था। उन्होंने दो महीने पहले गेंदबाजी शुरू की थी। उन्हें अपनी सामान्य गति पर वापस आने में एक महीने का समय लगा। पिछले छह हफ्तों से वह एनसीए में प्रतिदिन 15 ओवर गेंदबाजी कर रहे हैं।

## मैं 500 मैच खेलने के करीब हूं, रोहित शर्मा ने टी20 से संन्यास की वजह बताई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खेल में अपनी लंबी उम्र और टीम की यादगार आईसीसी टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास लेने के बारे में खुलकर बात की। हिटमैन ने जीतेंद्र चौकसे के यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब हैं और यह कुछ ऐसा है जो बहुत से खिलाड़ी नहीं कर पाए हैं। इतनी लंबी उम्र तक खेलने के लिए जीवन में फिटनेस की दिनचर्या महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**500 मैच खेलने के करीब हूं** – रोहित ने कहा, 17 साल तक खेलना। मैं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब हूं। 500 मैच, दुनिया भर में बहुत से क्रिकेटरों ने नहीं खेले हैं। इतनी लंबी उम्र के लिए, आपकी दिनचर्या में कुछ बदलाव होना चाहिए। आप अपनी फिटनेस को कैसे मैनेज करते हैं, आप अपने दिमाग को कैसे मैनेज करते हैं और आप खुद को कैसे प्रशिक्षित करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप खेल के लिए कैसे तैयार होते हैं। दिन के अंत में, हमारा काम खेल के लिए 100 प्रतिशत तैयार रहना और खेल जीतने के लिए प्रदर्शन करना है। फिर अगर आप पीछे की ओर जाते हैं, तो उस तैयारी में फिटनेस भी शामिल है।

**टी20आई से संन्यास क्यों लिया** – रोहित ने खुलासा किया कि उन्होंने जून में टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद टी20आई से संन्यास ले लिया क्योंकि उन्हें लगा कि ऐसा करने का यह



सही समय है, क्योंकि उनके हाथ में ट्रॉफी थी और भारत के लिए युवा खिलाड़ी भी आगे आ रहे थे। रोहित ने कहा, मैंने टी20आई से संन्यास इसलिए लिया क्योंकि मैंने अपना समय बिताया। मुझे इस प्रारूप में खेलने में मजा आया। मैंने 17 साल तक खेला और अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व कप जीतने के बाद मेरे लिए यह तय करने का सबसे अच्छा समय था कि अब मुझे आगे बढ़ना चाहिए और फिर अन्य चीजों पर ध्यान देना चाहिए। बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मुझे लगा कि यह सही समय है। रोहित ने 2007 में एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में खिताब जीतकर दो बार टी20 विश्व कप जीता। 151 टी20आई मैचों में रोहित ने 32.05 की औसत और 140 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 4,231 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने करियर में पांच शतक और 32 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रहा है। रोहित इस प्रारूप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।

**कड़ी मेहनत ने मुझे मजबूत बनाया** – अपने क्रिकेट के सफर पर विचार करते हुए रोहित ने कहा कि उन्होंने 9 साल की उम्र में अपनी सोसायटी के बच्चों के साथ खेलना शुरू किया और आखिरकार स्कूल में खेलना शुरू किया। उन्होंने कहा, हम अपनी बिल्डिंग में, सोसायटी में खेलते थे। बॉम्बे में जगह की कमी है। आपके बस जो कुछ भी है, उसी से काम चलाना पड़ता है। मैंने अपने सभी दोस्तों, कभी-कभी स्कूल के दोस्तों के साथ खेलना शुरू किया। बिल्डिंग के दोस्त होते हैं जिनके साथ मैं मौज-मस्ती के लिए खेलता था। मुझे नहीं पता था कि यह इस तरह हो जाएगा। जब मैं नौ साल का था, तब मैंने खेलना शुरू किया। 28-29 साल तक मैंने क्रिकेट खेला। कप्तान ने स्वीकार किया कि खेल की मांग ऐसी थी कि कई बार इसने उनकी पढ़ाई पर भी असर डाला। उन्होंने अपने संघर्षों, मानसिक और शारीरिक थकान, तथा लंबी यात्रा पर विचार किया और बताया कि किस तरह इन सभी ने उन्हें आज का सितारा बनने में मदद की। भारतीय कप्तान ने कहा, खेल में बहुत सी मांगें होती हैं, चाहे वह यात्रा करना हो, कौशल सीखना हो, फिटनेस हो, प्रशिक्षण हो। मुंबई में यदि आप क्रिकेटर बनना चाहते हैं, तो आपको यात्रा करनी होती है - ट्रेन से 2 घंटे की यात्रा, 5 से 6 घंटे खेलना, फिर वापस आना - आपको नहीं पता कि आपको सीट मिलेगी या नहीं। इसने मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत प्रभावित किया।



## परिणीति से पहले उर्वशी को ऑफर हुई थी इशकजादे

### मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के लिए छोड़ा मौका

**अभिनेत्री** उर्वशी रौतेला फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी काफी सुर्खियां बटोरती हैं। वे खुद से जुड़ी जानकारी फैंस के साथ साझा करती हैं। अब हाल ही में, उर्वशी रौतेला ने बताया है कि उन्हें परिणीति चोपड़ा और अर्जुन कपूर की इश्कजादे ऑफर हुई थीं, लेकिन उस समय वह इस फिल्म के लिए तैयार नहीं थीं क्योंकि उस वक्त उर्वशी मिस यूनिवर्स की प्रतियोगिता को लेकर काफी यादा बिजी थीं।

हाल ही में, हॉटरफ्लाई के साथ एक साक्षात्कार में उर्वशी ने फिल्म इश्कजादे के बारे में खुलासा किया, जिसमें अभिनेता  अर्जुन कपूर और परिणीति चोपड़ा ने मुख्य भूमिकाओं में अपनी शुरुआत की थी। अभिनेत्री ने कहा, मुझे यशराज फिल्म्स की फिल्म छोड़नी पड़ी क्योंकि मैं मिस यूनिवर्स के लिए जाना चाहती थी। यह इशकजादे थी, जिसे मेरी लॉन्चिंग माना जाता था। उर्वशी ने आगे कहा, बचपन से ही इस पर मेरा ध्यान केंद्रित था और मैं सच में इसके लिए तैयारी करना चाहती थी।

कुछ लोगों की सोच अलग होती है कि जीतने के बाद उनका मुख्य फोकस बॉलीवुड हो जाता है, लेकिन मेरे मामले में ऐसा कभी नहीं था। मैंने परिणीति से इस बारे में कभी बात नहीं की, लेकिन यह अछा है, हर किसी की नियति अलग-अलग होती है। मैं हीरोइन से यादा पेजेंट विजेता बनना चाहती थी, यह (बॉलीवुड) अपने आप हो गया।

# फैशन और लाइफस्टाइल की दुनिया में

### रणबीर ने मारी एंट्री

**बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर 42 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक्टिंग से इतर कुछ अलग करने का फैसला कर लिया है। वो अब बिजनेसमैन बन गए हैं। 42वें जन्मदिन पर उन्होंने अपना लाइफस्टाइल ब्रांड एआरकेएस लॉन्च किया। रणबीर की मां नीतू कपूर ने अपने बेटे को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके लाइफस्टाइल ब्रांड के बारे में बताया।**



नीतू ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा कर लिखा, बेटा, भाई, पति, पिता और अब एक संस्थापक। इसके साथ उन्होंने रणबीर के ब्रांड का नाम उजागर किया है और लिखा है, उम्मीद है कि इस ब्रांड का जन्म जन्मदिन के इस मौके को और भी खास बना देगा। बॉलीवुड के मल्टी टैलेंटेड डायरेक्टर करण जौहर ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में रणबीर की एक तस्वीर शेयर कर इसका ऐलान किया। उन्होंने एनिमल एक्टर की नई पारी की जानकारी फैंस को दी। करण का कपूर फैमिली से खास रिश्ता है वो आलिया भट्ट को अपनी बेटी मानते हैं। उन्होंने एक तस्वीर पर लिखा, आपने इस अदाकार को सिनेमा के पर्दे पर जादू बिखेरते देखा है इसकी शानदार एक्टिंग भी देखी है...अब आप तैयार हो जाएं रणबीर के जीवनशैली को दर्शाती खूबसूरत दुनिया में। देखते रहिए और इस जगह को और अधिक जानने के लिए एआरकेएस पर नज़र जमाए रखें। द ग्रेट शो मैन राज कपूर के पोते रणबीर ने एनिमल की जबरदस्त सफलता के बाद बॉलीवुड में मजबूती से पैर जमा लिए हैं। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिलक के अनुसार इस फिल्म ने दुनिया भर में 915 करोड़ रुपये कमाए। 'एनिमल' से पहले रणबीर ने तू झूठी मैं मक्कार में श्रद्धा कपूर के साथ काम किया था। वो भी काफी सफल फिल्म रही थी। उसने दुनियाभर में 223 करोड़ रुपए कमाए थे। अभिनेता जल्द ही संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म लव एंड वॉर में अपनी पत्नी आलिया भट्ट और संजू के सह-कलाकार विक्की कौशल के साथ नजर आएंगे।

## साउथ सिनेमा में काम करना चाहते हैं अभिनेता शाहिद कपूर

हाल ही में बॉलीवुड फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आने वाले अभिनेता शाहिद कपूर ने बताया कि उनकी दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने की तमन्ना है। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईफा) में शामिल हुए शाहिद कपूर ने मीडिया से दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे डर है कि अगर दक्षिण भारतीय दर्शक मेरी डायलॉग डिलीवरी से खुश नहीं हुए तो क्या होगा? मैं कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता, हिंदी पर तो मेरी अछी पकड़ है। जब उनसे पूछा गया कि दक्षिण की कौन सी भाषा की फिल्म उन्हें खासतौर पर पसंद है, तेलुगु, तमिल, मलयालम या कन्नड़, तो अभिनेता ने इसके जवाब में कहा,  मेरे लिए यह सब बराबर है, क्योंकि मैं इनमें से कुछ भी नहीं जानता। इसलिए अगर कोई भी साउथ का फिल्ममेकर मुझ पर भरोसा कर सकता है, मुझे ठीक से समझा सकता है और मेरे सारे सवालों का जवाब दे सकता है, तो मैं उनके लिए काम करने को तैयार हूं। शाहिद जल्द ही फिल्म देवा में नजर आएंगे जिसमें उनके साथ पूजा हेगड़े हैं। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद एक पुलिस वाले की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, यह एक एक्शन फिल्म है, इसलिए इसमें बहुत सारा एक्शन है। इसमें आपको जबरदस्त रोमांच देखने को मिलेगा जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगा कि यह किसने किया। मैं इसमें एक एग्रेसिव किरदार निभा रहा हूं। यह एक बहुत बढ़िया फिल्म है, अगर हम सही टीजर और ट्रेलर बनाएं तो यह आपको रोमांचित कर देगी। यह अगले साल 14 फरवरी को रिलीज होगी और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा हूं।



## पहले दिन ही 100 करोड़ी क्लब में शामिल हुई देवरा पार्ट 1

साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर स्टारर फिल्म देवरा-पार्ट 1 इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में विलेन के रोल में सैफ अली खान ने धमाल मचा दिया है। 300 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म को लोगों ने मिक्स रिव्यू दिए हैं।

फिल्म ने पहले दिन यानी शुक्रवार को 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। डायरेक्टर कोराताला शिवा की इस फिल्म को साउथ के साथ हिंदी बेल्ट में भी पसंद किया जा रहा है। रिलीज से पहले ही फिल्म ने एडवांस बुकिंग के मामले में बाजी मार ली थी। फिल्म ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग में 27 करोड़ की कमाई कर ली थी। अब सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने शुक्रवार को भारत में 77 करोड़ और दुनियाभर में 140 करोड़ का कलेक्शन किया। साथ ही अभी वीकेंड भी आना बाकी है। शनिवार यानी आज फिल्म के मेकर्स इसके 100 करोड़ क्लब में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं।

माना जा रहा है कि फिल्म 2 दिन में ही 100 करोड़ क्लब में अपनी जगह बना लेगी। लेकिन इस बड़े बजट की फिल्म को कमाई के लिए 300 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन करना होगा। पहले दिन की कमाई के हिसाब से फिल्म खतरे में है। अब ये वीकेंड इसका भविष्य तय करेगा। फिल्म में जान्हवी कपूर और जूनियर एनटीआर बड़े पर्दे पर रोमांस करते नजर आ रहे हैं. हालांकि जान्हवी कपूर का किरदार फिल्म में ज्यादा बड़ा नहीं है. लेकिन लोगों को दोनों की केमिस्ट्री भी काफी पसंद आ रही है. फिल्म में सैफ अली खान ने विलेन का किरदार निभाया है.

### कल्कि केकलां ने किया चौंकाने वाला खुलासा, बोलीं-

## मैं शादीशुदा हूं और मेरी एक बेटी है



**अभिनेत्री** कल्कि केकलां ने अपने बॉयफ्रेंड गाय हर्शबर्ग के साथ शादी करने को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है. उन्होंने कहा कि वह शादीशुदा हैं और उनकी एक बेटी है। आपको बता दें कि हाल ही में कल्कि ने एक बातचीत के दौरान कहा था कि उनका अपने बॉयफ्रेंड से शादी का कोई प्लान नहीं है, लेकिन अब उन्होंने कहा है कि वह शादी कर चुकी हैं और अपनी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं। कल्कि केकलां ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया है कि वह शादीशुदा हैं और उनकी चार साल की एक बेटी भी है। कल्कि ने कहा कि उन्होंने हर्शबर्ग से शादी कर ली है। मुझे बिना शादी के ही बच्ची होने को लेकर ट्रोल किया जाता था, लेकिन अब मेरे पास इस सब बातों के लिए समय नहीं है। कल्कि ने कहा, अब मैं शादीशुदा हूं और मेरी एक बेटी भी है। मुझे नहीं लगता कि मेरे पास इन सब बेकार बातों के लिए समय है। मुझे ऐसा लगता है कि ऐसा पहले होता था, हमारी अपनी कुछ सीमाएं और नियम होने चाहिए। कल्कि ने कहा कि एक ऐसा इंसान मिलना बहुत मुश्किल है जिसके साथ आप अच्छा महसूस करें। साथ ही वो किनारे पर खड़ा हो, जब आपके साथ सेल्फी ली जा रही हो।  कल्कि केकलां ने अपनी पहली शादी को लेकर बात की है। कल्कि ने कहा, मैं मानती हूं, तब मैं बहुत छोटी थी और मुझे ये सब बहुत मुश्किल लगता था।



## बाहुबली फेम अनुष्का शेट्टी के फैंस के लिए खुशखबरी

**अनुष्का** शेट्टी साउथ फिल्मों की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अनुष्का को उनकी बहुमुखी अभिनय क्षमता के लिए जाना जाता है, जो अपने किरदार को पर्दे पर वास्तविक महसूस कराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ती हैं। देश भर में उनके काफी ज्यादा फैंस हैं। मशहूर निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म सीरीज बाहुबली से उन्हें हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी पहचान मिली थी। इसके बाद से उनकी लोकप्रियता में जबर्दस्त इजाफा हुआ है।

अब उनके फैंस के लिए खुशखबरी सामने आ रही है, जिसमें उनके आगामी फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है। अनुष्का ने अपने करियर में बाहुबली सीरीज के अलावा भी कई सुपरहिट और यादगार फिल्में की हैं। उनकी इन्हीं कुछ शानदार और सफल फिल्मों में से एक फिल्म है भागमती। साल 2018 में रिलीज हुई इस फिल्म ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया था। यह एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसे जी अशोक द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



## परिवार के संग रहना पसंद करती हूं: कैटरीना

अभिनेत्री कैटरीना कैफ को काम के बिजी शेड्यूल के बीच में परिवार के साथ समय बिताना पसंद है। उनका मानना है कि इससे शांति और पूर्ण होने का एहसास होता है, जिससे सुकून मिलता है। कैटरीना ने परिवार और रिश्तों को लेकर कुछ खास बातें कही हैं। अभिनेत्री कैटरीना कैफ बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। कैटरीना अक्सर कई मौकों पर अपने काम से जुड़े किस्सों, पति विक्की कौशल के साथ बिताए पलों और उनसे जुड़ी बातों को प्रशंसकों के साथ साझा करना पसंद करती हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वो अपने काम के बीच भी समय निकालकर अपने करीबियों और परिवार के साथ समय बिताना पसंद करती हैं। यही पल उन्हें फिर से एनर्जी के साथ काम करने की ताकत देते हैं। कैटरीना ने एक इंटरव्यू में अपने काम और परिवार के बीच समय बिताने को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, जब आप लगातार काम करते हैं, तो निजी कामों के लिए समय निकालना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसी परिस्थिति में काम के साथ परिवार के लिए समय बिताना भी उतना ही जरूरी हो जाता है।